चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 12, अंक 35, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, बुधवार, 15 मार्च, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अन्दर : डॉ. वेदप्रताप वैदिक की कमी खलेगी

अन्दर : स्मिथ ही रहेंगे एकदिवसीय सीरीज में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान



डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



# 14 साल से फरार 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** 14 साल से फरार और 25 हजार का इनामी अभियुक्त श्रीनिवास पांडेय उर्फ गुड्डू को कोतवाली पुलिस ने दबोचा।

पुलिस उपायुक्त काशी जोन आर एस गौतम ने बताया कि कोतवाली पुलिस टीम के अथक प्रयास से 363/366/379 और एससी/एसटी एक्ट में पिछले 14 वर्षों से फरार चल रहे 25 हजार का इनामी अपराधी श्रीनिवास पाण्डेय उर्फ गुड्डू निवासी विजौरा थाना मरदा गाजीपुर व हाल पता के 54/98 दारानगर थाना जैतपुरा वाराणसी को मंगलवार को कबीरचौरा अस्पताल गेट के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त एक नाबालिग को लेकर 14 वर्षों से फरार था।



पुलिस की गिरफ्त में श्रीनिवास पांडेय उर्फ गुड्डू

### गैंगस्टर एक्ट का आरोपी दबोचा गया

**वाराणसी।** गैंगस्टर एक्ट का अभियुक्त राहुल को कोतवाली पुलिस ने दबोचा। डीसीपी काशी जोन ने बताया कि हरिजन बस्ती निवासी राहुल को दारानगर पेट्रोल पंप के पास से टीम ने दबोचा। इसके ऊपर शारीरिक संबन्ध, चोरी लूट और नकबजनी का मामला दर्ज था।

# घर से गायब बच्चा 12 घंटे बाद मिला खेत में

जनसंदेश न्यूज

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत ग्रामसभा अनौरा निवासी लालचंद चौहान का 2 वर्षीय पुत्र अभिमन्यु चौहान सोमवार को रात्रि लगभग 7.30 बजे घर के बाहर खेलते खेलते कहीं चला गया। रात 8.30 बजे अभिमन्यु घर नहीं आया तो परिवार वालों ने खोजबीन शुरु की। इस बीच गांव के लोग भी मदद में आगे आये और खोजबीन में जुट गये।



अनौरा ग्राम प्रधान दिपक चौहान मामले की जानकारी बड़ागांव पुलिस को दी। बड़ागांव थाना प्रभारी सतीश सिंह मय फोर्स और हरहुआ चौकी प्रभारी सचिन पटेल लालचंद के घर पहुंचे और बच्चे की तलाश में जुट गए घंटो बीत जाने के बाद भी जब गायब बच्चे का कहीं सुराग नहीं मिला तो बड़ागांव इंस्पेक्टर डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया डॉग स्क्वाड रात्रि में लगभग 11बजे पहुंचा लालचंद के घर से कुछ दूरी पर जाकर खेत के मेड़ पर रुक गया और वहीं से वापस आ गया।

लेकिन गायब बच्चे का कहीं सुराग नहीं मिला। रात्रि में परिजनों ने थाना बड़ागांव पर जाकर बच्चे के गायब होने की लिखित सूचना दी। सूचना के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। मंगलवार की सुबह 6.30 बजे लालचंद चौहान के घर से लगभग 300 मीटर की दूरी पर भुवर चौहान का सरसो का खेत है। भुवर की पुत्री खेत में सरसों काटने गई जैसे ही सरसों काटने के लिए बैठी तभी वहां लालचंद का पुत्र अभिमन्यु खेत मे सोया हुआ दिखाई दिया। गांव वाले पहुंचे तो देखे की लालचंद का पुत्र अभिमन्यु सोया था।

## संक्षेप

### एडीसीपी ने रोहनिया थाने का किया निरीक्षण



**रोहनिया।** निरीक्षण में थाने में मौजूद सिपाहियों ने एडीसीपी का परेड के माध्यम से स्वागत किया जिसके पश्चात एडीसीपी ने माल खाने व असलहो के रख रखाव व उनके मेंटेनेंस को परखा गया वहीं अर्धवार्षिक निरीक्षण में आशीष तिवारी नामक एसआई गन सेट करके दिखाया। एडीसीपी ने फाइलों के रखरखाव साइबर हेल्प डेस्क महिला हेल्पलाइन जनसुनवाई से संबंधित फाइलों का निरीक्षण व अपराध रजिस्टर के रखरखाव को भी परखा व थाना प्रभारी निरीक्षक को असलहो की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा वही निरीक्षण में एसीपी रोहनिया सर्किल विदुष सक्सेना भी मौजूद रहे।

### ब्रेक फेल होने पर ट्रक से टकरायी ऑटो, आधा दर्जन घायल

**रोहनिया।** राजातालाब थाना अंतर्गत कस्बा चौकी राजातालाब स्थित ओवरब्रिज के पास हाईवे पर मंगलवार को मिर्जामुराद की तरफ से वाराणसी के तरफ जाते समय मेहंदीगंज मोड़ के पास हाईवे पर तेज रफ्तार से जा रही ऑटो का ब्रेक फेल हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर ऑटो सामने जा रहे ट्रक के पीछे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटो सवार सभा शंकर उम्र 54 वर्ष तथा इनकी पत्नी मिथिलेश देवी उम्र 50 वर्ष निवासी हंडिया गिर्द कोर्ट,लाल साहब उम्र 30 वर्ष निवासी रमदत्तपुर हंडिया इलाहाबाद सहित लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के बाद ऑटो मौके पर छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ऑटो को अपने कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए नजदीक के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

### शंकराचार्य समेत दो वाद पर सुनवाई टली

**वाराण्सी।** ज्योर्तिलिंग आदि विश्वेश्वर विराजमान अनुष्का तिवारी व इंदु तिवारी की ओर से प्रार्थना पत्र सिविल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट सीनियर डिवीजन महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में मंगलवार को सुनवाई टल गई। इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तिथि नियत की है। इसमें ज्ञानवापी परिसर में ज्योर्तिलिंग आदि विश्वेश्वर के पूजा पाठ की मांग की गई है। उधर, ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के पूजा-पाठ राग-भोग आरती करने को लेकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में सुनवाई टल गई। इस मामले में अगली सुनवाई 18 मार्च की तिथि नियत की है।

### बयान को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ याचिका दायर

**वाराणसी।** एमपी एमएलए कोर्ट में मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कैंब्रिज जज बिजनेस स्कूल दिए गए बयान के लेकर आवेदन दिया गया है कोर्ट ने इस अर्जी पर सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। भारतीय जनता पार्टी विधि संजोजक और अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 156 ( 3)के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया। आरोप लगाया की कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कैंब्रिज जज बिजनेस स्कूल ब्रिटेन में कार्यक्रम के दौरान भारत की वर्तमान राजनीत परिधि पर विवादित बयान दिया। जिसे भारतीय एकता अखंडता व संप्रभुता के खिलाफ जो बयान है। जो पूरी दुनिया में इसे भारत की छवि खराब की गई। जो करोड़ों भावनाओं का अनादर किया गया है। इस मामले अधिवक्ता ने थाने से लेकर आलाधिकारी से गुहार लगाई कोई करवाई नही होने पर कोर्ट ने आवेदन किया।

### मुंबई में सड़क दुर्घटना में उमरहा के व्यक्ति की मौत

**चिरईगांव।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के उमरहां निवासी मोहम्मद नसीम उर्फ गुड्डू उम्र लगभग 40 वर्ष की मंगलवार को मुम्बई में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। मोहम्मद नसीम मुम्बई के कान्दीवली में बस में चढ़ते समय पैर फिसलने से सड़क पर गिर गया और पीछे आ रहे वाहन ने नसीम को कुचल दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। मौत की खबर सुन परिवार में कोहराम मच गया। मोहम्मद नसीम मुम्बई में रहकर कपड़े की सिलाई का काम करता था। तीन पुत्रियां व एक पुत्र है। अभी एक पुत्री की शादी हुई है।

### ऑटो खराब होने से लगा जाम

**वाराणसी।** दुर्गाकुंड लंका मार्ग पर मंगलवार शाम को ऑटो खराब होने से भीषण जाम लग गया’ जाम छुड़ाने में पुलिसकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दुर्गाकुंड संकट मोचन मार्ग पर और दूसरी तरफ गुरुधाम चौराहे तक जाम लग गया। ऑटो हटने के बाद किसी तरह आवागमन शुरू हो पाया। वहीं दूसरी तरफ लंका, रविदास गेट से नगवा चौराहा से पुलिस चौकी तक जाम लगा रहा।


जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 212133448 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। नीरवप्रिय पुत्री मु. शकील, रेवती, जिला-बलिया, उ०प्र।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सूरज का चाल-चलन अच्छा नहीं है। वह मारपीट करता रहता है। वह मेरा एवं मेरी पत्नी की बात को नहीं मानता है। अबसे हम लोगों का उससे कोई वास्ता सरोकार नहीं है। सरल पुत्र स्व. गुलाब चन्द, जगदीशपुर, थाना कोतवाली बलिया, जिला-बलिया, उ०प्र०।

मै पी लोहित कुमार पुत्र संख्या-8035815X रैंक हवलदार (DSR) पसालुरु श्रीरामुलु निवासी ह./नं-12/513 सत्यनारायण पेटा (स्ट्रीट) गांव-गुंतकल पीएस-गुंतकल ते-गुंतकल जिला-अनंतपुर राज्य-आंध्र प्रदेश पिन-515801 मेरा नाम पी लोहित कुमार से बदलकर पासालुरु लोहित कुमार लिखा है मेरे पिता के सेवा रिकार्ड में नोटरी जोशीमठ (यूके) के समक्ष शपथ पत्र दिनांक 15 फरवरी 2023 को सभी उद्देश्यों के लिए बदल दिया गया है।

मै पी नंदिनी बेटी नंबर-8035815X रैंक हवलदार (DSR) पसालुरु श्रीरामुलु निवासी एच नंबर-12/513 सत्यनारायण पेटा (सड़क) गांव-गुंतकल पीएस-गुंतकल ते-गुंतकल जिला-अनंतपुर राज्य-आंध्र प्रदेश पिन-515801 है। मेरे नाम पी नंदिनी से पासालुरु नंदिनी बदल दिया है जैसा कि मेरे पिता सेवा सर्विस रिकार्ड में लिखा गया है नोटरी जोशीमठ (यूके) से पहले शपथ पत्र दिनांक 15 फरवरी 2023 को सभी उद्देश्यों के लिए बदल दिया गया है।

मै पी आदि लक्ष्मी पति नंबर-8035815X रैंक हवलदार (DSR) पसालुरु श्रीरामुलु निवासी ह./नं-मैने अपना नाम पी आदि लक्ष्मी से बदलकर पासालुरु आदिलक्ष्मी कर लिया है और मेरे पति के सेवा अभिलेखों में मेरी जन्म तिथि 05 मार्च 1979 लिखि गई है। नोटरी जोशीमठ (यूके) से पहले शपथ पत्र दिनांक 15 फरवरी 2023 को सभी उद्देश्यों के लिए मेरी जन्म तिथि 04 मार्च 1979 में बदल दी गयी है।

आवश्यकता

आवश्यकता है

मां वैष्णवी लॉ कालेज करंजाकला जौनपुर में संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत लॉ विभाग में प्राचार्य (एक पद) एवं प्रवक्ताओं की। योग्यता-यूजीसी/विश्वविद्यालय परिनियमावली अनुसार। अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों फोटो सहीत 21 दिन के अंदर आवेदन भेजें। साक्षात्कार की सूचना बाद में दी जाएगी।
प्रबंधक- 9415 891097

आवश्यकता है - बाबा ऋषिदेव सिंह महाविद्यालय धर्मापुर, कारों-बलिया (सम्बद्ध-जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित बी०टी०सी० पाठ्यक्रम, स्नातक कला संकायान्तर्गत सैन्य विज्ञान, परास्नातक कला संकायान्तर्गत भूगोल, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान विषय के हिन्दी विषयों में प्रवक्ताण की। वेतन व अर्हताएं यू०जी०सी०/ 30 प्र० व शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुरूप। इच्छुक अभ्यर्थीगण अपने आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियों, फोटोग्राफ, आधार व पैन कार्ड सहित दो प्रतियों में विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अंदर महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध कराएं। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष से दी जाएगी।
सम्पर्क सूत्र - 6388507903

किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रकसा, रतसर-बलिया
(सम्बद्ध जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया)

आवश्यकता है-स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर हिन्दी, समाजशास्त्र व भूगोल विषयों में प्रवक्ताण की। वेतन व अर्हताएं यू० जी० सी०/30 प्र० शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुरूप। इच्छुक अभ्यर्थीगण अपने आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां, फोटोग्राफ, आधार व पैन कार्ड सहित दो प्रतियों में विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध करायें। पी०एच०-डी० अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साक्षात्कार की सूचना यथासमय दूरभाष के माध्यम से दी जायेगी।

लल्लन सिंह
प्रबन्धक
डा० अभय नाथ सिंह
प्राचार्य
मो०-9935594343
कार्यालय
मो०-9415254779


# वकीलों ने एसडीएम पोर्टिको के सामने किया प्रदर्शन

**रोहनिया।** तहसील राजातालाब के वकीलों ने दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में तहसील में व्याप्त भष्ट्राचार और बाहरियों की वसूली के आक्रोशित सैकड़ो वकीलों ने एसडीएम पोर्टिको के सामने किया धरना प्रदर्शन किया और एसडीएम वापस जाओ का लगाया नारा लगाया।

दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के महामंत्री विजय कुमार भारती ने बताया कि तहसील राजातालाब के विभिन्न न्यायालयों से डेढ़ सौ फाइल गायब है,एसडीएम राजातालाब को पत्रक देने के बाद भी अबतक गायब फाइलें नही मिली। तहसील के विभिन्न न्यायालयो में आउट साइडरो को रखकर वसूली कराया जाता है। उन्हें तत्काल बाहर किया जाय। न्यायालय में सुरक्षित फाइलों पर आदेश हो जा रहा है और किसी को पता तक नही चल रहा। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील राजातालाब में व्याप्त भष्ट्राचार व वसूली जब तक बन्द नही होगी, गायब पत्रावली जब तक नही मिलेगी व आउट साइडर बाहर नही किये जायेंगे तब तक धरना प्रदर्शन व न्यायिक कार्य से विरत रहा जायेगा। पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि धरना प्रदर्शन शुरू होने के पूर्व ही एसडीएम राजातालाब कार्यालय से निकलकर बाहर चले गए। इस दौरान दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार राय,महामंत्री विजय कुमार भारती,पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह,सर्वजीत भारद्वाज,छेदी लाल यादव,दिनेश शर्मा,पूर्व महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह,नंद किशोर सिंह पटेल,प्रदीप कुमार सिंह,पूर्व संयुक्त सचिव प्रशासन राकेश राजभर,प्रदीप कनौजिया,मुश्ताक आलम, पवन कुमार मिश्रा सहित सैकड़ों वकील उपस्थित रहे।

# हत्यारोपी को मिला संदेहलाभ, बरी



जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। हत्या के मामले में एक आरोपी को बड़ी राहत मिल गयी। सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने आरोप तय न होने पर लहंगपुरा, थाना सिगरा निवासी मोहम्मद अहमद उर्फ मन्नू को संदेह का लाभ मिला और कोर्ट ने उसे दोषमुक्त किया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव व बृजपाल सिंह यादव व नरेश यादव ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मोहम्मद अहमद उर्फ मन्नू ने 25 मार्च 2013 को सिगरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 25 मार्च 2013 को वह अपने ससुराल मोहनसराय में था उसी दौरान दोपहर 2 बजे मुहल्ले वालों से सूचना मिली की लल्लापुरा स्थित उसके घर में उसके माता-पिता मृत अवस्था में पड़े है। सूचना पर वह तत्काल लल्लापुरा स्थित घर आया तो देखा कि पिता मोहम्मद हनीफ व मां अनवरी बेगम उर्फ मुन्नी घर के अलग-अलग कमरों में मृत अवस्था में पड़े है। शरीर से खून रिस रहा था और चोटो के निशान थ। उसे आशंका है कि उसके परिवार के स्व. अली बाबा के लड़कों कल्लू, लल्लू, हैदर व बाबू एवं उसकी मां से रास्ते, सीढ़ी व बरामदा बनाने को लेकर अक्सर लड़ाई झगड़ा करते रहते थे। इन्हीं लोगों न उसके माता-पिता की हत्या की है।

विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि मोहम्मद अहमद उर्फ मन्नू द्वारा मकान बेचने को लेकर माता-पिता की हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद उसे मुल्जिम बनाया गया था।

### हिस्ट्रीशीटर के घर बजी डुगडुगी

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे शिवदासपुर निवासी थाने के हिस्ट्रीशीटर संजय सिंह के घर मंगलवार को बाकायदा डुगडुगी बजाकर 82 की नोटिस चस्पा की। इस दौरान लोगों की काफी भीड़ लगी रही। मंडुवाडीह थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह के निर्देश पर लहरतारा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार सिंह ने क्षेत्र में प्रभावशाली समझे जाने वाले संजय सिंह के घर भारी फोर्स संग डुगडुगी बजवानी शुरू की तो इसके पटीदार से जुड़े क्षेत्र के प्रभावशाली समझे जाने वाले परिवारों में हड़कम्प मच गया। पुलिस की सख्ती देख पट्टीदारों के परिवार से जुड़े पुरुष भी एक-एक कर किनारे हो गए। लहरतारा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार सिंह ने बताया कि संजय सिंह के ऊपर लोगों को जमीन दिलाने के नाम पर बहुत से लोगों से ठगी का आरोप है। प्रशासन का दबाव पड़ने पर जिसको भी रुपया लौटाने के नाम पर संजय ने चेक दिया, चेक बाउंस कर गया। लंबे समय से फरार भी है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि नोटिस चस्पा किए जाने के एक माह के अंदर अगर आरोपित हाजिर नहीं होता है तो धारा 83 के तहत घर की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।बताया कि संजय सिंह के विरुद्ध कुल 11 मुकदमे है और संजय सिंह की चार नवम्बर 2022 को थाना मंडुआडीह में हिस्ट्रीशीट भी खोल दी गयी है।

# संभव जनसुनवाई में 20 फरियादियों ने नगर आयुक्त से लगाई गुहार

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सिगरा स्थित नगर निगम कार्यलय पर मंगलवार को नगर आयुक्त शिपू गिरी की उपस्थिति में संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 20 फरियादियों की ओर से समास्याओं के निस्तारण के लिए गुहार लगाई गई। इस दौरान नवाबगंज के स्वामी चरण मिश्रा ने इलाके के पार्क की डुप्लीकेट चाबी उपलब्ध कराने को कहा, उनका कहना था कि पार्क बंद होने की वजह से स्थानीय लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पाता।

वहीं चुप्पेपुर घमहापुर के रहने वाले संतोष कुमार ने सरकारी रास्ते पर अवैध कब्जा हटाने के संबंध में शिकायत की, इस दौरान सत्संग नगर कॉलोनी के कमलेश द्विवेदी ने रोड बनवाने के संबंध में पत्र सौंपा, इसके अलावा सीवर लाइन ध्वस्त होने की समस्या, सीवर जाम की समस्या, अवैध मीट की दुकान को हटवाने सहित अन्य समस्याओं को लेकर पहुंचे परियादियों ने नगर अयुक्त से गुहार लगाई। नगर आयुक्त ने सभी फरियादों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, जलकल महाप्रबंधक रघुवेंद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी एनपी सिंह, सभी जोनल अधिकारी के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



संभव जनसुनवाई करते नगर आयुक्त

# 30 साल पुराने प्रकरण में बीएचयू के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बरी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** 30 साल पुराने प्रकरण में बीएचयू के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष चंचल सिंह को कोर्ट ने बरी कर दिया। चंचल सिंह पर आरोप था कि जौनपुर में विकास खंड अधिकारी कार्यालय में मजिस्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान वहां पहुंचे और सरकारी काम में बाधा पहुंचाया था।

ऐसे में जौनपुर में चंचल सिंह के खिलाफ 30 साल पहले यानी 1982 में 353, 189, 186 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप था कि चंचल सिंह निवासी बदलापुर जौनपुर ने विकास खण्ड अधिकारी महाराजगंज के कार्यालय में बिना किसी आदेश और सूचना के घूसे।

उस वक्त कार्यालय का निरीक्षण मजिस्ट्रेट द्वारा किया जा रहा था। इनपर आरोप लगा कि ये वहां मजिस्ट्रेट से दुर्व्यवहार किया। खुद को बीएचयू छात्रसंघ का अध्यक्ष बताया साथ ही वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों को कड़े लहजे में फटकारा था। कोर्ट लंबी चली सुनवाई के बाद चंचल सिंह को बरी कर दिया।

## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**चोलापुर।** चोलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण के आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार इरफान खान 20 वर्षीय नई बस्ती धरसौना स्थाई निवासी ग्राम लखौआ थाना बक्शा जौनपुर को चोलापुर ब्लाक के पास से गिरफ्तार कर नाबालिक लड़की को छुड़ाया गया और उसको धारा 363/ 366/ 376/ 3/4 पाक्सो के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ राजेश त्रिपाठी, एस आई रामआशीष, कांस्टेबल सत्य प्रकाश यादव, कांस्टेबल मधु कुमारी थी।

### सीवर के बहते पानी से अधिवक्ताओं में आक्रोश

**वाराणसी।** जिला न्यायालय प्रांगण में जिला जज पोर्टिको के पास ओवर फ्लो सीवर के बीच आम वादकारी व अधिवक्ता नाक बंद कर आने जाने को बाध्य है और जिम्मेदार बेपरवाह है। अधिवक्ताओं का कहना है कि एक तरफ जहा पूरे प्रदेश के साथ साथ बनारस में भी जी-20 के सम्मेलन की तैयारी कोलेकर साफ सफाई पर काफी ध्यान दिया जा रहा है। वहीं, दीवानी न्यायालय परिसर में सीवर का बहता गंदा पानी ओवर फ्लो होकर सड़क पर पिछले कई दिनों से बह रहा है। उसी रास्ते से होकर सभी न्यायिक अधिकारी वादाकारी वकील कर्मचारी गुजरते है। जिला प्रशासन भी साफ सफाई को लेकर दावा तो खूब करती है पर कचहरी में इसकी झलक जिला जज पोटिंकी और डीएम ऑफिस के पास इसका खुला नजारा देखने को मिल जाएगा।

### आप ने नियुक्त किए चुनाव प्रभारी

**वाराणसी।** नगर निकाय चुनाव मजबूती से लड़ने के लिए आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने नगर निगम विधानसभा प्रभारियों एवं नगर पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति की है। जिला मीडिया प्रभारी घनश्याम पांडेय ने बताया कि रवि शंकर मौर्या को कैंट विधानसभा, अब्दुल रकीद को दक्षिणी विधानसभा, राहुल द्विवेदी को उत्तरी विधानसभा तथा विनोद वर्मा को गंगापुर नगर पंचायत का प्रभारी बनाया गया है।

# अभियान चलाकर दो सौ बोरी प्रतिबंधित प्लास्टिक किया जब्त, वसूला जुर्माना

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल की ओर से मंगलवार को भोजूबीर चौराहे से मीरापुर बसही होते हुए नवल पुर तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मार्ग पर मौजूद दुकानदारों का अतिक्रमित सामान हटवा कर सड़क और पटरी खाली कराई गई। अत्याधिक अतिक्रमण करने वाले कुछ दुकानदारों को जुमार्ना कर लगभग दो गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त किया गया। प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाते हुए मलदहिया फूल मंडी स्थित सुमित रोड लाइन्स नामक ट्रांसपोर्ट पर छापेमारी कर लगभग 200 बोरी प्रतिबंधित प्लास्टिक के थैले जब्त किए गए। ट्रांसपोर्टर, वाहन स्वामी और डिस्ट्रीब्यूटर सभी को जुमार्ना भी किया गया। साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में फार्मासिस्ट अमर नाथ द्विवेदी और उनकी टीम के साथ मिल कर गोदौलिया स्थित चितरंजन पार्क के आसपास इलाकों में अवैध पशु पालन, डेयरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल छह पशु जब्त कर कांजी हाउस भेजा गया। इस दौरान कुल 1,12,400 जुर्माना राशि वसूल की गई।



# होली के रंग में रंगे अधिवक्ता

**वाराणसी।** सेंट्रल व बनारस बार एसोसिएशन की ओर से कचहरी परिसर में आयोजित बुढ़वा मंगल महोत्सव व कवि सम्मेलन में अधिवक्ता होली के रंग में रंगे नजर आए। आपस में अबीर-गुलाल लगाकर अधिवक्ताओं ने एक -दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। कवि सम्मेलन में डा.धर्म प्रकाश मिश्र, अरविंद मिश्र,अहमद आजमी, डा.राम अवतार पांडेय,शमीम शिवालवी आदि रचनाएं प्रस्तुत की । कवि-सम्मेलन का संचालन कमल नयन मधुकर ने किया। समारोह में जिला जज डा.अजय कृष्ण विश्वेश,प्रदेश बार कौंसिल सदस्य अरुण कुमार त्रिपाठी,हरिशंकर सिंह, विनोद कुमार पांडेय,सेंट्रल बार अध्यक्ष प्रभु नारायण पांडेय,महामंत्री शशिकांत दूबे,प्रमोद कुमार पाठक, अमरनाथ शर्मा उर्फ 'श्यामजी',विजय शंकर रस्तोगी, सौरभ कुमार श्रीवास्तव, धीरेंद्र नाथ शर्मा,मनोज कुमार उपाध्याय समेत सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अध्यक्षता बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह एवं संचालन महामंत्री प्रदीप कुमार राय ने किया।


कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, करण्डा-गाजीपुर

पत्रांक: बी०आर०सी० (करण्डा)/332/2022-23 दिनांक: 14.03.2023

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड करण्डा गाजीपुर के परिषदीय विद्यालयों से अवस्थित जर्जर भवनों के मूल्यांकनोपरान्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर कार्यालय के पत्रांक एस०एस०ए०/6564-72/2022-23 दिनांक 28 दिसम्बर 2022 के अनुक्रम में ध्वस्तीकरण/नीलामी प्रक्रिया ब्लाक संसाधन केन्द्र करण्डा पर दिनांक 22.03.2023 से 23.03.2023 (समय 12.00 अपरान्ह) तक होनी है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म नीलामी तिथि से 02 कार्य दिवस पूर्व कार्यालय समयावधि (10.00 से 17.00 बजे) तक ब्लाक संसाधन केन्द्र करण्डा से नीलामी हेतु प्रति विद्यालय निर्धारित प्रतिभागिता शुल्क, आधार एवं पैनकार्ड की छायाप्रति प्राप्त कराते हुए नीलामी/ध्वस्तीकरण के नियम शर्तें प्राप्त कर सकते है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त एवं प्रतिभागिता शुल्क के बिना नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभागिता सम्भव नहीं होगी।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
करण्डा-गाजीपुर

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, सदर-गाजीपुर

पत्रांक: लेखा/क्षे०पं०/ई-निविदा/2022-23 दिनांक: 14.03.2023

ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग सूचना

क्षेत्र पंचायत सदर गाजीपुर को विधायक निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशी से निर्माण कार्यों को कराये जाने हेतु ई-निविदा दिनांक 22.03.2023 को अपरान्ह 12.00 बजे तक ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर सम्पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित देखा जा सकता है।

1. निविदा हेतु क्षेत्र पंचायत सदर, गाजीपुर के पंजीकृत ठेकेदार/फर्म ही अधिकृत होंगे।
2. निविदा आमन्त्रण दिनांक 14.03.2023
3. डाउनलोड-अपलोड दिनांक 14.03.2023 से 22.03.2023 के अपरान्ह 12.00 बजे तक
4. निविदा की टेक्निकल बीड खोलने की तिथि 22.03.2023 को अपरान्ह 2.00 बजे
5. निविदा की फाईनेन्सियल बीड खोलने की तिथि 22.03.2023 को अपरान्ह 3.00 बजे

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत/ अनुमानित लागत (लाख रु. में) | धरोहर की धनराशि (02% रु० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (18% GST) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत मिश्रकलिया में शहीद कर्नल एम० एन० राय के मकान से राजेश सिंह के मकान तक सी०सी० रोड एवं दोनों तरफ नाली निर्माण | 9.00 | 18000.00 | 677.00 | 03 माह |

खण्ड विकास अधिकारी
सदर-गाजीपुर

पत्रांक:1271/लेखा/क्षे०पं०/ई-निविदा/2022-23, दिनांकित।

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 12, अंक 35, पृष्ठ 16, मूल्य : 5 .00

वाराणसी, बुधवार, 15 मार्च, 2023



# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : स्मिथ ही रहेंगे एकदिवसीय सीरीज में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान



अन्दर : डॉ. वेदप्रताप वैदिक की कमी खलेगी

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# छोटे शहरों में भी बनेंगी आवासीय कॉलोनियां

## नई नीति में 12.5 एकड़ में बस सकेंगी कॉलोनी

लखनऊ। बड़े शहरों के साथ ही अब छोटे शहरों में भी आवासीय कॉलोनियां बसाई जा सकेंगी। इसके लिए सरकार ह्यइंटीग्रेटेट टाउनशिप नीति-2014ह्न में व्यापक संशोधन करते हुए नई ह्यउप्र टाउनशिप नीति-2023ह्न लाने जा रही है। जल्द ही नई नीति को कैबिनेट में रखकर मंजूरी दी जाएगी। नई नीति के मुताबिक अब 2 लाख से कम आबादी वाले शहरो में भी टाउनशिप बनाई जा सकेगी। छोटे शहरों के लिए 12.5 एकड़ और बड़े शहरों में टाउनशिप बनाने के लिए न्यूनतम 25 एकड़ क्षेत्रफल का निर्धारण किया गया है। ताकि विकासकर्ता को भूमि का प्रबंध करने में दिक्कत न हो। वहीं, बड़े शहरों में अधिकतम 500 एकड़ क्षेत्रफल की सीमा को समाप्त किया जा रहा है। प्रमुख सचिव आवास नीतिन रमेश गोकर्ण ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष नई टाउनशिप नीति की प्रस्तुतिकरण किया। मुख्यमंत्री ने नई नीति को सैद्धांतिक सहमति देते हुए कहा कि नई टाउनशिप नीति के निर्धारण के पूर्व पहले की नीतियों के बाधक बिन्दुओं को हटाकर नीति को सरल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि नई नीति में पार्क व हरित पट्टियों में बागवानी के लिए जल संरक्षण, पार्कों के पास शॉपिंग कॉम्पलेक्स, पुलिस स्टेशन तथा पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था हो।



### स्टांप शुल्क में अब मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट

नई नीति में आंध्र प्रदेश की तर्ज पर टाउनशिप का लाइसेंस जारी होने के बाद खरीदी जाने वाली भूमि पर स्टांप शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट देने का प्रावधान किया गया है। लाइसेंस जारी होने से पहले खरीदी गई भूमि पर कोई छूट नहीं मिलेगी। हालांकि हाईटेक टाउनशिप नीति में स्टांप शुल्क में पूरी छूट मिलती थी।

### 75 प्रतिशत भूमि की उपलब्धता पर ही हो सकेगा क्षेत्रफल विस्तार

नई नीति में टाउनशिप के क्षेत्रफल में न्यूनतम 75 प्रतिशत भूमि उपलब्ध होने और कम से कम एक विकास अनुबंध होने की दशा में क्षेत्रफल में एक बार विस्तार करने की अनुमति होगी। पर शर्त यह होगी कि विस्तारित क्षेत्रफल का रकबा परियोजना के मूल क्षेत्रफल से 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। पुरानी इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति में यह सीमा 60 प्रतिशत थी। वहीं, लाइसेंस से संबंधित क्षेत्रफल में 20 प्रतिशत तक परिवर्तन की छूट देने का भी प्रावधान किया गया है।

### सरकारी व ग्राम समाज की जमीन लेकर दूसरे स्थान पर दे सकेंगे भूमि

ग्राम समाज और सरकारी भूमि को लेकर दूसरे स्थान पर जमीन छोड़ने की अनमति दी जा सकेगी। इस प्रक्रिया को पूरी करने के लिए अधिकतम 60 दिन की समय सीमा निर्धारित की गई है। इस समय सीमा में विनिमय की कार्यवाही न होने की दशा में विकासकर्ता को संबंधित भूमि को छोड़ते हुए परियोजना का मानचित्र दाखिल करने का अधिकार होगा। ग्राम समाज की भूमि के विनिमय का अधिकारी संबंधित मंडलायुक्त को होगा।

## अकाल तख्त एक्सप्रेस में तैनात टीटीआई ने महिला पर किया पेशाब

लखनऊ। अमृतसर और कोलकाता के बीच अकाल तख्त एक्सप्रेस में तैनात नशे में धुत टीटीई मुन्ना कुमार ने अपने पति के साथ यात्रा कर रही एक महिला पर पेशाब कर दिया। महिला सो रही थी, तभी टीटीई ने उस पर पेशाब किया। महिला जागी और शोर मचाया, तब उसके पति ने टीटीई को पकड़ लिया। अन्य यात्री भी जाग गए और टीटीई की पिटाई कर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को सौंप दिया। जीआरपी ने टीटीई को हिरासत में ले लिया। जीआरपी चारबाग रेलवे स्टेशन के प्रभारी नवरत्न गौतम ने कहा कि यह कार्रवाई अमृतसर निवासी यात्री राजेश की शिकायत पर की गई है। उसकी पत्नी के साथ यह घटना हुई। गौरतलब है कि इसी तरह की एक घटना कुछ महीने पहले एक उड़ान में हुई थी जब नशे में धुत एक व्यक्ति ने अपने बगल में बैठी महिला पर पेशाब कर दिया था। बाद में अमेरिका में काम करने वाले आरोपी शंकर मिश्रा को हिरासत में लिया गया और एयर इंडिया के विमान में उड़ान भरने पर 4 महीने का प्रतिबंध लगा दिया गया।

# एचु3 एन2 : यूपी भी अलर्ट पर, देश में अब तक 3 मौत

नई दिल्ली। देश के अलग-अलग हिस्सों में एच3 एन2 वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में एच3 एन2 वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी अस्पतालों और हेल्थ सेंटर्स को अलर्ट पर रखा है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश में अलर्ट जारी कर दिया है। जल्द ही हर जिले में इसके लिए अलग से नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। देश में अबतक एच3एन2 मामलों से कुल 7 मौत हो चुकी हैं। देश में सबसे पहली मौत कर्नाटक में 82 साल के व्यक्ति की हुई थी। इसके अलावा गुजरात और हरियाणा में भी एक-एक मौत की पुष्टि हो चुकी है। इस साल में 9 मार्च तक 3038 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इसमें जनवरी में 1245 और

**सतर्कता बढ़ी**

**देश में सबसे पहली मौत कर्नाटक में 82 साल के व्यक्ति की हुई**

**हरियाणा और गुजरात में भी एक-एक लोगों के मौत की हुई पुष्टि**

**आईसीएमआर ने लोगों को खुद से दवाई नहीं खाने की दी सलाह**

फरवरी में 1307 मामले सामने हैं। ऐसे में लोगों को अधिक सावधान होने की जरूरत है। डॉक्टरों का कहना है कि एच3एन2 और एच1एन1 दोनों इन्फ्लुएंजा ए टाइप वायरस हैं। इन्हें सामान्य तौर पर फ्लू के रूप में जाना जाता है।

अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं




रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के अनुसार, एच3एन2 एक ऐसा इंफ्लूएंजा वायरस है जो आमतौर पर सूअरों से मनुष्यों में फैलता है। इसके लक्षण मौसमी फ्लू वायरस के समान होते हैं। इसके सबसे आम लक्षणों में लंबे समय तक बुखार, खांसी, नाक बहना और शरीर में दर्द शामिल हैं। हालांकि, गंभीर

**एच3 एन2 संक्रमण के क्या हैं लक्षण**

| | |
|---|---|
| बुखार | शरीद में दर्द |
| खांसी | सांस फूलना |
| नाक बहना | घबराहट |

स्थिति में लोगों को सांस फूलने और/या घरघराहट की भी शिकायत हो सकती है। इस बीच, चार महीने के बाद कोविड संक्रमण में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 12 मार्च को देश में कोविड के 524 मामले सामने आए थे। डॉक्टरों का कहना है कि एच3एन2 वायरस के लक्षणओं का असर कई दिनों तक रह सकता है। इस बीमारी से वे लोग अधिक प्रभावित हो सकते हैं जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता या इम्युनिटी कमजोर है। इस वायरस का संक्रमण ड्रॉपलेट के जरिये फैल रहा है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने हाल ही में एक एडवाइजरी जारी कर लोगों को इस इन्फ्लूएंजा के प्रकोप में अपने आप से दवा लेने और एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग से बचने की सलाह दी है।

## केंद्रीय कर्मियों को नहीं मिलेगा 18 माह का महंगाई भत्ता

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, केंद्र ने लोकसभा में बताया कि कोरोना के दौरान केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का रोका गया 18 माह का महंगाई भत्ता उन्हें नहीं दिया जाएगा। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने लिखित में जवाब देकर कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) की तीन किस्तों का बकाया दिए जाने की कोई योजना नहीं है। चौधरी ने कहा कि केंद्र के विभिन्न कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के संघों ने 18 महीने के डीए और डीआर जारी करने के बारे में सरकार को कई आवेदन दिए थे।

मोदी सरकार ने कोरोना काल में केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों के महंगाई राहत पर रोक लगा दी गई थी। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि 1 जनवरी 2020, 1 जुलाई 2020 और 1 जनवरी 2021 को जारी महंगाई भत्ते को रोकने का फैसला कोरोना महामारी से पैदा हुए आर्थिक व्यवधान के चलते लिया गया था, जिससे सरकार पर वित्तीय बोझ को कम किया जा सके। सरकार ने इसके द्वारा 34,402.32 करोड़ रुपये की धनराशि बचाई थी। मंत्री के मुताबिक, महामारी काल में सरकार को कल्याणकारी योजनाओं के लिए काफी धन का प्रावधान करना पड़ा था।

## शूटआउट के आरोपियों पर जल्द बुलडोजर ऐक्शन की तैयारी

प्रयागराज। उत्तरप्रदेश में चर्चित उमेश पाल हत्याकांड मामले में एक बड़ी खबर सामने आई है। शूटआउट के आरोपियों पर जल्द बुलडोजर एक्शन होगा। इस मामले में पीडीए ने 24 से ज्यादा लोगों को नोटिस भेजकर उनसे अवैध निर्माण का जबाव मांगा है। यह नोटिस शूटर गुड्डू मुस्लिम और मुहम्मद गुलाम को भी भेजा है। इन दोनों आरोपियों पर 5-5 लाख का इनाम घोषित है। साथ ही अतीक के बेटे के दोस्त आवेज को भी नोटिस दिया गया है। बता दें कि उमेश पाल हत्याकांड में अहमदाबाद जेल में बंद अतीक अहमद के बेटे अतीक सहित पांच आरोपियों पर इनाम की राशि को तीसरी बार बढ़ाया गया है। इनाम की राशि बढ़ा कर पांच-पांच लाख रूपए कर दी गई है। जिसमें फरार आरोपियों में असद, अरमान, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम, और साबिर शामिल हैं। गौरतलब है कि बसपा विधायक राजू पाल के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके दो गनर की 24 फरवरी को अपराधियों ने दिन दहाड़े गोली और बम मारकर हत्या कर दी गई थी।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हादसा, पांच की मौत

फिरोजाबाद। उप्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह नौ बजे भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। सड़क किनारे खड़ी फोर्स कार में पीछे से आ रही ईको स्पोर्ट्स कार ने टक्कर मार दी। दोनों वाहनों में सवार नौ लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा नसीरपुर इलाके के पिलर नंबर 48 के पास का है। घायलों ने बताया कि फोर्स कार में सवार यात्रियों ने टॉयलेट के लिए गाड़ी रुकवाई थी। तभी पीछे से आ रही ईको स्पोर्ट्स कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों ही कारों के परखच्चे उड़ गए। फोर्स गाड़ी के पास खड़े तीन लोगों को रौंदते ईको स्पोर्ट्स कार पलट गई। फोर्स में सवार चार और ईको स्पोर्ट्स में सवार एक महिला की मौत हो गई। सूचना मिलते ही यूपीडा एंबुलेंस और नसीरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल और संयुक्त चिकित्सालय में

**दुर्घटना**

**नौ घायल, दोनों कारों के उड़े परखच्चे**



भर्ती कराया है। घटना की जानकारी होते ही डीएम रवि रंजन और एसएसपी आशीष तिवारी अस्पताल पहुंचे और घायलों की जानकारी ली। हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है, इनमें बाबूलाल पुत्र मोहनलाल (40), कैलाश (38) पुत्र बाबूराम, नेमीचंद्र (43) पुत्र जय श्याम निवासी ग्राम टाढ़ा, थाना सुजानगढ़, राकेश (38) पुत्र हुलासचंद्र निवासी ग्राम मलिशर राजस्थान शामिल हैं। मृतक एक ही परिवार के थे।






### जौहर शोध संस्थान का भवन सील किया

रामपुर। प्रशासन ने जौहर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के भवन को सील दिया है। भवन को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। इस भवन में रामपुर पब्लिक स्कूल चलता था। जिसकी प्रधानाचार्य ने मौके पर पहुंचकर प्रशासन पर आरोप लगाया कि नोटिस की अवधि 18 मार्च तक थी। उससे पहले ही भवन को सील कर दिया गया है। जौहर संस्थान की बिल्डिंग सपा शासन में मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को 100 रुपये के वार्षिक शुल्क पर 33 साल के लिए लीज पर दी गई थी। तय हुआ था कि लीज की अवधि 33-33 साल के लिए दो बार बढ़ाई जा सकती है।






# योगी सरकार की बड़ी घोषणा

लखनऊ। अब प्रदेश में सरसों एवं तोरिया, चना एवं मसूर की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की जाएगी। फिलहाल जिन जिलों में इन फसलों का रकबा दस हजार हेक्टेयर से ज्यादा है, वहां क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मंगलवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यह घोषणा की।

आलू की खरीद शुरू करने के बाद अब प्रदेश सरकार ने यह बड़ा फैसला लिया है। कृषि भवन में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा के बाद कृषि मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार की स्वीकृति मिल गई है। अब एक अप्रैल 2023 के बाद इन सरसों या तोरिया, चना एवं मसूर की नेफेड यानी राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) के जरिए खरीद होगी। 5450 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 3.94 लाख मीट्रिक टन सरसों, 5335 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 2.12 लाख मीट्रिक टन चना और 6000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 1.49 लाख मीट्रिक टन मसूर की खरीद होगी।

**सौगात**

**सरसों, चना और मसूर की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी खरीद**



यह एमएसपी केंद्र सरकार ने घोषित की है। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना में एक दिसंबर 2018 से अब तक 2.6 करोड़ किसानों को 52000 करोड़ रुपये किसानों को दिए जा चुके हैं। अब दस मई से 31 मई 2023 तक अभियान चलाकर इस निधि से संबंधित किसानों की सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा। पात्रों के नाम काटकर पात्रों के नाम सूची में जोड़े जाएंगे।






# मई में निकाय चुनाव होने के आसार तेज

## अप्रैल के अंत में जारी हो सकती है अधिसूचना

वाराणसी। निकाय चुनाव की आहट फिर से तेज होने वाली है। अप्रैल माह में जी-20 सम्मेलन के प्रारंभ होने के बाद माह के अंत तक चुनाव की अधिसुचना जारी होने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके लिए अब यूपी सरकार भी गंभीर दिखाई दे रहा है। सरकार की ओर से पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपे जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में निकाय चुनाव को लेकर सुगबुगाहट देखने को मिलने लगी है। सरकार ने कोर्ट से सुनवाई के लिए तारीख देने की अपील करने के साथ ही अपनी मंशा भी साफ कर दी है। ऐसे में निकाय चुनाव मई में होने के आसर नजर आने लगे हैं। वहीं कोर्ट के आदेश पर सबकी निगाहें अटकी हैं। आदेश के बाद ही पिछड़ों को आरक्षण देने की प्रक्रिया तय की जाएगी। योगी

**सुगबुगाहट**

**यूपी सरकार की ओर से पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपे जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में सुगबुगाहट शुरू**




सरकार ने नगर निकाय चुनाव में पिछड़ी जातियों का आरक्षण तय करने के लिए उप्र राज्य समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है। कोर्ट अब इस मामले में सुनवाई करने के बाद फैसला देगा, जिसके आधार पर सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। बता दें कि सरकार द्वारा निकाय चुनाव में पिछड़ों के लिए आरक्षित सीटों की जारी सूची पर विवाद शुरू हो गया था। मामला हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच तक पहुंचा जहां फैसला आने के बाद यह सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को पिछड़ा वर्ग के आयोग गठन के लिए आदेशित किया । जिसके आधार पर निकाय चुनाव में पिछड़ों को दिए गए आरक्षण का परीक्षण कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने आयोग को 31 मार्च तक रिपोर्ट तैयार करने की समयसीमा तय की थी। इसी कड़ी में गठित आयोग ने तय समयसीमा से करीब 22 दिन पहले अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी।

# ये 25 लोग नहीं देते टोल टैक्स

नई दिल्ली। देश में वर्तमान में एडवांस और आधुनिक एक्सप्रेसवे की संख्या तेजी से बढ़ रही है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के बाद पीएम मोदी ने कई एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इन एक्सप्रेसवे पर यात्रा करने पर यात्रा का समय भी आधा हो गया है। जाहिर सी बात है इसके लिए आपकों टोल टैक्स भी चुकाना ही होगा।

लेकिन देश में कुछ गाड़ियां ऐसी भी होती हैं, जिन्हें कोई टोल नहीं देना होता है। परिवहन मंत्रालय ने इस लेकर एक लिस्ट भी जारी की है, जिसमें करीब 25 लोगों को टोल टैक्स नहीं देना होता है। भारत में कई गाड़ियां ऐसी होती हैं, जिन्हें बिना टोल दिए जानें दिया जाता है। इसमें भारत के राष्ट्रपति, भारत के उपराष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री, किसी भी राज्य के राज्यपाल, भारत के चीफ जस्टिस, लोकसभा अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री, किसी राज्य के मुख्यमंत्री, सुप्रीम कोर्ट जज, संघ के राज्य मंत्री, केंद्र शासित प्रदेश के लेफ्टिनेंट गवर्नर, पूर्ण सामान्य या समकक्ष रैंक के रैंक वाले चीफ ऑफ स्टाफ, किसी राज्य की विधान परिषद के सभापति, किसी राज्य की विधान सभा के अध्यक्ष, हाई कोर्ट चीफ जस्टिस, हाई कोर्ट जज, सांसद, थल सेनाध्यक्ष के सेना कमांडर और अन्य सेवाओं में समकक्ष, राज्य सरकार के मुख्य सचिव, भारत सरकार के सचिव, सचिव, राज्यों की परिषद, लोक सभा, सचिव की गाड़ियां शामिल हैं। अर्धसैनिक बलों और पुलिस सहित वर्दी में केंद्रीय और राज्य सशस्त्र बल, एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट, फायर फाइटर डिपार्टमेंट, शव वाहन को भी टोल टैक्स नहीं देना पड़ता है। इनके अलावा राजकीय यात्रा पर आए विदेशी गणमान्य, किसी राज्य की विधान सभा का सदस्य और अपने संबंधित राज्य के भीतर किसी राज्य की विधान परिषद का सदस्य, यदि वह राज्य के संबंधित विधानमंडल द्वारा जारी अपना पहचान पत्र दिखाता है, तब उस टोल टैक्स नहीं देना पड़ता।

**परिवहन मंत्रालय**

**सूची में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम**

# टीबी हारेगा-देश जीतेगा थीम पर लगा स्वास्थ्य मेला



**आयोजन**

### जिले के 150 हेल्थ वेलनेस सेंटर पर 2250 लोगों को मिला लाभ

**वाराणसी।** जनपद के सभी आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मंगलवार को टीबी हारेगा-देश जीतेगा थीम पर स्वास्थ्य मेला लगाया गया । स्वास्थ्य मेला में करीब 2250 लोगों को लाभ मिला । इस दौरान लोगों को क्षय रोग जांच, निदान और परामर्श के साथ सामान्य बीमारियों और संचारी व गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग व टेली कंसल्टेशन की सेवा भी दी गई। यह स्वास्थ्य मेला हर माह की 14 तारीख को विभिन्न विषयों पर लगाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि जनपद के सभी 207 आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है जिसमें जनमानस को उसके क्षेत्र के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें । इसके लिए विभाग निरंतर प्रयास कर रहा है । हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निरंतर मातृ-शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम, किशोरी-किशोरी स्वास्थ्य परामर्श, वृद्धजन स्वास्थ्य, प्राथमिक जांच व उपचार आदि सेवाएँ प्रदान की जा रही है ।

## विश्व क्षयरोग दिवस का अंतर्राष्ट्रीय आयोजन

**तैयारी**

### चार दिवसीय भ्रमण पर आई सेंट्रल व स्टेट टीबी डिवीजन, एसटीएसयू टीम



**वाराणसी।** जनपद में 24 मार्च को मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय विश्व क्षय रोग दिवस की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। इसी क्रम में सोमवार से जनपद में सेंट्रल व स्टेट टीबी डिवीजन और स्टेट टेक्निकल सपोर्ट यूनिट (एसटीएसयू) की टीम निरीक्षण और मॉनिटरिंग करने के लिए आई है। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी के नेतृत्व में टीम का मार्गदर्शन डीटीओ डॉ पीयूष राय ने किया।

टीम ने मंगलवार को आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मोहनपुर (हरहुआ), उदयपुर (हरहुआ), भेलवारिया (हरहुआ), कोरौता (काशी विद्यापीठ) और बड़ागांव का भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) शालिनी, शैफाली, मानसी सेन, प्रिया मल्ल और अशोक कुमार गुर्जर से सेंटर पर प्रदान की जा रहीं क्षय रोग जांच व उपचार संबंधी समस्त सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही ग्राम पंचायत भवन मोहनपुर (हरहुआ), उदयपुर (हरहुआ), भेलवारिया (हरहुआ), कोरौता (काशी विद्यापीठ) और बड़ागांव का भ्रमण कर वहाँ के ग्राम प्रधानों से क्षय रोगियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में सम्पूर्ण जानकारी ली। इसके बाद टीम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में सीएमओ और डीटीओ के साथ प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएम-टीबीएमबीए) और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत सभी कार्यों की समीक्षा की। टीम ने डिप्टी डीटीओ डॉ अमित कुमार सिंह सहित एनटीईपी के समस्त अधिकारी, कोओर्डिनेटर, एसटीएस, एसटीएलएस एवं टीबी हेल्थ विजिटर के साथ विश्व क्षय रोग दिवस की समस्त तैयारियों व व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

## संक्षेप

### जैविक प्रयोग से फसलों में बढ़ेगी रोग प्रतिरोधक क्षमता

**चांदमारी।** हरहुआ विकास खंड के गहनी में कृषि विभाग को और से मंगलवार को जैविक किसान मेला का आयोजन किया गया। किसानों को संबोधित करते हुए प्राविधिक सहायक केके मौर्य ने कहा कि जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र और ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करने से फसलों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। जैविक का प्रयोग करने से रसायन, कीटनाशक और उर्वरक की बचत होगी। जो सीधे सीधे किसानो को लाभ पहुंचायेगा।



उन्होंने किसानों को जीवामृत, बीजामृत, नीमासत्र और ब्रह्मास्त्र बनाने और प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी। बच्चूलाल ने केचुआ से खाद बनाने की विधि, नमामि गंगे परियोजना एवं पीएम किसान सम्मान निधि की जानकारी दी। इस मौके पर रामबचन पाल प्रधान, अभिजीत, रवि आदि लोग उपस्थित रहे।

### 60 भिक्षुओं की हुई काउसिलिंग

**वाराणसी।** भिक्षावृत्ति मुक्त काशी अभियान के तहत मंगलवार को कैंट रेलवे स्टेशन, दशाश्वमेध घाट, रामनगर, दुर्गाकुंड, संकट मोचन, मानस मन्दिर, बनकटे हनुमानजी, रोडवेज बस स्टैण्ड, राजघाट, नमो घाट, शहीद पार्क, काशी रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर भिक्षुकों की काउसिलिंग, जागरूकता, प्रचार-प्रसार आदि किया गया। इस दौरान करीब 60 भिक्षुओं की काउसिलिंग की गयी। बताया गया कि भिक्षा लेना और देना अपराध है। जिला समाज कल्याण अधिकारी जीआर प्रजापति ने बताया की अभियान के दौरान कैंट क्षेत्र में 24 भिक्षुकों, रामनगर व दशाश्वमेध क्षेत्र में पांच-पांच, दुर्गाकुंड, मानस मंदिर, बनकटे हनुमानजी क्षेत्र में छह, तथा काशी, सिटी व सारनाथ रेलवे स्टेशनों सहित शहीद उद्यान सिगरा, रोडवेज बस स्टैण्ड क्षेत्र में 20 भिक्षुकों की काउसिलिंग की गयी।

### बुड्स एक्ट लागू कराने के लिए दिया पत्रक

**वाराणसी।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को विभिन्न कम्पनियों में निवेश करने वाले दर्जनों निवेशकों ने अपने डूबे धन को दिलाने और बुड्स एक्ट को लागू कराने की मांग करते हुए नारेबाजी की और जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा। ठगी , पीड़ित, जमाकर्ता परिवार संस्था के बैरन तले पहुंचे दर्जनों महिलाओं एवं पुरुषों ने पत्रक के माध्यम से कम्पनियों के खिलाफ कार्रवाई और डूबे धन को दिलाने की मांग की। संस्था के वाराणसी इकाई अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश कश्यप ने बताया कि आज देश भर के विभिन्न मुख्यालयों पर संस्था के लोगों ने प्रदर्शन किया। इसी क्रम में हम लोग अपनी बात कहने डीएम कार्यालय आये। उन्होंने कहा कि बुड्स एक्ट मोदी सरकार ने लागू किया था। इस एक्ट के तहत छह माह में ब्याज समेत निवेशकों का धन लौटाने का प्रावधान है। लेकिन सरकार ने वर्ष 2016 में कई कम्पनियां बंद कर दीं। संस्था के लोगों ने कहा कि यदि प्रशासन हमें अपना हक नही दिला पाता और कार्रवाई नही होती तो हम लोग 23 मार्च को दिल्ली में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### केंद्रीय गृह राज्यमंत्री दो दिनी दौरे पर आज आयेंगे

**वाराणसी।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा 15 मार्च को रात करीब 8.10 पर बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से वे सर्किट हाउस आयेंगे, जहां रात्रि विश्राम करेंगे। 16 मार्च की सुबह 8.30 बजे वह बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए प्रस्थान करेंगे। दर्शन-पूजन के बाद वे चंदौली स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर जायेंगे, जहां नवनिर्मित एडमिन ब्लाक, एसओ मेस, डॉरमेट्री एवं फैमिली क्वार्टर का उद्घाटन करेंगे। उसी दिन अपराह्न करीब 4.40 बजे वे बाबतपुर एयरपोर्ट से नई दिल्ली चले जाएंगे।

### कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही आज करेंगे कृषि विज्ञान केंद्र का दौरा

**वाराणसी।** प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग मंत्री सूर्य प्रताप शाही 15 मार्च को प्रातः 4.50 बजे कैंट रेलवे स्टेशन आएंगे और वहां से सर्किट हाउस जायेंगे। वे उसी दिन प्रातः आठ बजे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। तत्पश्चात मीरजापुर जिले ग्राम-ओरी जायेंगे और वहां जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के निजी आवास पर जाकर उनकी माताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। तत्पश्चात वे उसी दिन दोपहर साढ़े 12 बजे सर्किट हाउस आएंगे तथा अपराह्न डेढ़ बजे कृषि विज्ञान केंद्र, कल्लीपुर का भ्रमण करेंगे। वे शाम को रेल मार्ग से लखनऊ चले जायेंगे।



### जी-20 सम्मेलन भारत को विश्व गुरु बनाने का अवसर

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पंत प्रसाशनिक भवन के सामने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पारिजात सौरभ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। एनएसएस के विद्यार्थी द्वारा विषय पांच ट्रिलियन इकोनॉमी ऑफ इंडिया पर वाद-विवाद सत्र का आयोजन किया गया। उक्त सत्र में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ अपनी भागीदारी प्रस्तुत किया, जिससे छात्रों में भारतीय अर्थवस्था को लेकर जानकारी प्रस्तुत करने का कार्य किया गया। द्वितीय सत्र में प्लेटलेट एवं रक्तदान जागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

## स्वास्थ्य निदेशक के निरीक्षण में ऑल इज वेल



**वाराणसी।** स्वास्थ्य निदेशक डॉ. नरेंद्र कुमार गुप्ता ने मंगलवार को कबीरचौरा स्थित एसएसपीजी मंडलीय चिकित्सालय एवं पांडेयपुर स्थित मानसिक चिकित्सालय का निरीक्षण किया।

एसएसपीजी में उन्होंने वरिष्ठजन स्वास्थ्य देखभाल वार्ड, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों, ओपीडी, महिला व पुरुष वार्ड आदि के बारे में एसआईसी डॉ एसपी सिंह, वरिष्ठ फिजीशियन डॉ आरएन सिंह और जिला सलाहकार डॉ सौरभ प्रताप सिंह से विस्तृत जानकारी ली। इसके अलावा मानसिक चिकित्सालय पहुंचकर उन्होंने चिकित्सालय के निदेशक डॉ.अमरेंद्र कुमार से समस्त चिकित्सीय व स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

इस दौरान डॉ वीपी शुक्ला, मनोज कुमार सहित अन्य चिकित्सालय के कर्मी मौजूद रहे। स्वास्थ्य निदेशक ने कहा कि निरीक्षण के दौरान चिकित्सालयों के वार्ड व ओपीडी में कहीं कमी नहीं पाई गई। समस्त स्टाफ ड्रेस कोड में मौजूद था। भर्ती मरीजों के ड्रेस साफ-सुथरे व साफ सफाई की व्यवस्था ठीक थी। शासन स्तर पर वार्ता कर शीघ्र ही कर्मचारियों की कमी को पूर्ण किये जाने का प्रयास किया जायेगा ।

## डॉ. शिल्पी को माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट पर मिला विषय



**वाराणसी।** इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइस रिसर्च नई दिल्ली के द्वारा माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए पूरे भारत के विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों के शिक्षकों से प्रस्ताव मांगा गया था। उसी प्रस्ताव के अंतर्गत बीते 10 मार्च को आईसीएसएसआर नई दिल्ली के द्वारा पूरे भारत वर्ष से शिक्षकों के माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट स्वीकृत हुए। जिसमें महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के विधि विभाग की सहायक आचार्य डॉ. शिल्पी गुप्ता को विषय प्राप्त हुआ है। इस विशेष उपलब्धि के लिए विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष सहित सभी शिक्षकों व कर्मचारियों ने उन्हें मंगलवार को बधाई दी।

## विशेष टीकाकरण अभियान 24 मार्च तक

**जानकारी**

### बच्चों को उम्र के अनुसार सभी टीके समय से जरूर लगवाएं -सीएमओ

**वाराणसी।** पखवाड़े के बाद भी निरंतर चलेगा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम वाराणसी। जनपद में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए 13 मार्च से शुरू हुआ विशेष टीकाकरण अभियान का तीसरा चरण 24 मार्च तक चलेगा। अभियान का पहला चरण 9 से 20 जनवरी तक चला था जिसमें 28,340 बच्चों को आच्छादित किया गया। दूसरे चरण (13 से 24 फरवरी) में 46,537 बच्चों को टीका लगा।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि विशेष टीकाकरण पखवाड़ा के तीसरे व अंतिम चरण में शत-प्रतिशत बच्चों को नियमित टीकाकरण से आच्छादित करना है। सीएमओ ने अपील की है कि बच्चों को उम्र के अनुसार सभी टीके समय से जरूर लगवाएँ। टीकाकरण से ही बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाया जा सकता है। सभी टीके पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण को लेकर समुदाय में फैली भ्रांतियों को दूर करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है और टीकाकरण के प्रति उदासीन परिवार को जागरूक कर उनके बच्चों को टीका लगाया जा रहा है। इस पखवाड़े के बाद भी नियमित टीकाकरण कार्यक्रम निरंतर चलता रहेगा। बुधवार और शनिवार को टीकाकरण सत्र आयोजित कर गर्भवती और बच्चों को विभिन्न टीका लगाकर सुरक्षित किया जाएगा।

## महामंत्री विनोद राय का भव्य स्वागत



**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय का वाराणसी आगमन पर मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ की ओर से भव्य स्वागत किया गया।

पीआरकेएस के कार्यालय पर जोनल सेक्रेटरी एनएफआईआर के रमेश मिश्रा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कर्मचारियों के हित को लेकर एक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें निर्णया लिया गया कि रेल कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण के विरोध में 15 मार्च को बाइक रैली निकाल कर विरोध जताया जायेगा। बैठक में दिग्विजय नाथ पांडेय, रामप्यारे शर्मा, मो.जावेद, नारायण चतुर्वेदी, शरद श्रीवास्तव, प्रशान्त श्रीवास्तव, श्याम झा, अब्दुल अख्तर, अविनाश मिश्र आदि थे।

## संपूर्णानंद के 66वें स्थापनोत्सव पर मासिक कार्यक्रमों का आयोजन 16 से

**बातचीत**

### 27 को महाकवि कालिदास के प्रसिद्ध नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम का होगा मंचन



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि विश्वविद्यालय के 66 वें स्थापनोत्सव, जी 20 व काशी तमिल संगमम के अवसर पर एक माह तक अनवरत अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिसमें 16,17 और 18 को कार्यशाला, 23 को स्थापनोत्सव पर्व पर 'शक्ति समाराधना', 24 को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन, 25 को प्रसिद्ध साहित्य कला से अष्टावधान और 27 को महा कवि कालिदास के प्रसिद्ध नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम पर देश के प्रसिद्ध नाटक अभिनेताओं के द्वारा नाट्यशाला में मंचन किया जायेगा। इस तरह आगे भी कार्यक्रम आयोजन करने की तैयारी चल रही है। सभी कार्यक्रम विश्वविद्यालय के आई के एस केंद्र, संस्कृत भारती, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान आदि के संयुक्त तत्वावधान में होंगे। इन सभी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशिष्ट विद्वानों-विशेषज्ञों के सहभाग होंगे।

#### विश्वविद्यालय का इतिहास व परिचय

संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मूलतः 'शासकीय संस्कृत महाविद्यालय' था जिसकी स्थापना सन 1791 में की गई थी। वर्ष 1894 में सरस्वती भवन ग्रंथालय नामक प्रसिद्ध भवन का निर्माण हुआ, जिसमें हजारों पाण्डुलिपियां संगृहीत हैं। चैत्र नवरात्रि शुक्ल पक्ष में द्वितीया तिथि 22 मार्च 1958 को उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. संपूर्णानंद के विशेष प्रयत्न से इसे विश्वविद्यालय का स्तर प्रदान किया गया। उस समय इसका नाम 'वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय' था। 1974 में इसका नाम बदलकर 'संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय' रख दिया गया। यहां पर प्रथम शिक्षक पं काशीनाथ थे और क्रमशः प्रथम प्रिन्सिपल जॉन मुइर, जेम्स आर बैलेंटाइन, राल्फ टीएच ग्रिफिथ, जॉर्ज थिबॉट, आर्थर वेनिस, सर गंगानाथ झां और गोपीनाथ कविराज व आदित्य नाथ झां जैसे अद्भुत व्यक्तित्व रहे।

## अधिकार के समर्थन में रेल कर्मियों की हुंकार

**वाराणसी।** रेलवे की ओर से कर्मचारियों के लिए बनाये जा रहे दमनकारी नीतियों के खिलाफ विरोध कर रहे रेल कर्मचारियों को आक्रोश मंगलवार को भी जारी रहा।

उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा मंत्री विन्ध्यवासिनी यादव के नेतृत्व में कैंट स्टेशन के संयुक्त लॉबी पर भोजनावकाश पर प्रदर्शन कर रहे रेल कर्मियों ने अपने अधिकारी के प्रति आवाज बुलंद की। विन्ध्यवासिनी यादव ने बताया कि केंद्रीय आवाहन पर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन वाराणसी की जनरल एवं मैकेनिकल शाखा के पदाधिकारियों, सदस्यों, रेल कर्मियों की ओर से इसके विरोध में 15 मार्च तक प्रदर्शन किया जाना है, इसके साथ ही पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, फ्रीज किये गये महंगाई भत्ते का भुगतान करने, रनिंग स्टाफ के ऑफ ड्यूटी करने के उपरान्त रनिंग रूम में मोबाइल जमा कराने का आदेश निरस्त करने, रेलवे बोर्ड द्वारा लोको पायलट शंटिंग ग्रेड-1 लेवल-6 के पदों को समाप्त करने के आदेश रद्द करने सहित अन्य मांग भी की जा रही है। प्रदर्शन में सहायक मंडल मंत्री तारक नाथ, रामेश्वर सिंह, राजेश कुमार, आशुतोष कुमार , डी पी यादव, आर पी सिंह, रंजीत यादव, प्रदीप पांडेय, लक्ष्मण यादव, ए के द्विवेदी, रजनीश पाल, नवीन पांडेय संजय पाल,जे पी यादव ,अमित कुमार, अखिलेश दास,अरूण श्रीवास्तव, जय सिंह, ऋषू केशरी, विजयंत श्रीवास्तव, जियालाल यादव, रमेश कुमार आदि थे।



## संपूर्णानंद में शैक्षिक गुणवत्ता एवं रैंकिंग सुधार के लिए समिति का गठन

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि राज्यपाल व कुलाधिपति के प्रमुख सचिव के द्वारा प्राप्त पत्र के आलोक में विश्वविद्यालयों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों और पाठ्यक्रमों में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार एवं रैंकिंग सुधार के लिए आगामी 10 वर्षों के लिए एक 'विजन डॉक्यूमेंट' तैयार करना है। जिसमें विभिन्न बिंदुओं को छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर तैयार किये जाने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष प्रो. चांद किरण सलूजा संस्कृत संबर्द्धन प्रतिष्ठान नई दिल्ली और सदस्य के रूप में प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी कुलपति केसंविवि नई दिल्ली, प्रो. बीजी मेनन कुलपति वैदिक एवं पाणिनि संविवि उज्जैन, प्रो. गोपबंधु मिश्र पूर्व कुलपति सोमनाथ संविवि वेरावल, गुजरात, प्रो. दिनेश शर्मा कुलपति हरिद्वार संविवि उत्तराखण्ड, प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी कुलसचिव संसंविवि वाराणसी को नामित किया गया है।

## शिक्षा ही अर्थव्यवस्था की वाहक है : पीके शर्मा

**कार्यशाला**

### भारत के लिए 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के रोडमैप पर सेमिनार आयोजित



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के वाणिज्य एवं प्रबन्धशास्त्र संकाय भवन में वाणिज्य विभाग द्वारा कार्यवाहक कुलपति प्रो. अशोक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला रिसर्च मेथडोलॉजी शीर्षक का उद्घाटन एवं एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार विषय '5 ट्रिलीयन डॉलर इकोनॉमी ररोडमैप फॉर इंडिया : कान्टेक्स्ट एंड कान्ट्रीब्यूशन ऑफ उत्तर प्रदेश' पर आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि प्रबन्ध अध्ययन संकाय बीएचयू के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. एचपी माथुर व वाणिज्य संकाय दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. वीके श्रोत्रिया थे। मुख्य अतिथि ने कहा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था अनुसंधान प्रासंगिक और संबंधित हैं। आर्थिक विकास के विभिन्न कारकों में से एक महत्वपूर्ण कारक शिक्षा है। हमे शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षाविदों को डिजिटल उपकरणों एवं तकनीक के उपयोग के लिए प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने उच्च शिक्षा में अधिकाधिक पंजीयन की बात कही, कहा कि शिक्षा ही अर्थव्यवस्था के वाहक हैं। अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि बुनियादी ढांचा, कानून व्यवस्था एवं राजनीतिक स्थिरता औद्योगिक विकास की आवश्यक शर्ते हैं। लक्ष्य प्राप्त करना दीर्घकालीन प्रक्रिया है तथा उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें इसे अल्पकाल के कई छोटे-छोटे लक्ष्यों में विभाजित करना पड़ेगा।

पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी राज्यों के बीच सामंजस्य आवश्यक है। प्रथम दिन के कार्यशाला के समापन में प्रो. अजीत कुमार शुक्ल ने धन्यवाद ज्ञापन में बताया कि प्रो. आशुतोष मोहन द्वारा शोध संबंधी ज्ञान संवर्द्धन सभी शोधार्थियों को उनके शोध कार्य में सहायक होगा। स्वागत एवं कार्यशाला का विषय प्रवर्तन विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग प्रो. केएस जायसवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व संकायाध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबंधशास्त्र संकाय प्रो. अजीत कुमार शुक्ल व संचालन डॉ. धनन्जय विश्वकर्मा, सहा. प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ने किया।

कार्यशाला में संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार मिश्र, विभाग के सभी आचार्य, प्रो. सुधीर कुमार शुक्ल, प्रो. कृष्ण कुमार अग्रवाल, डॉ. आयुष कुमार के साथ सभी शोध छात्र एवं 150 आस-पास प्रतिभागियों ने भाग किया।


## कार्यालय जिला पंचायत, बलिया

पत्रांक: 106/जि0पं0बा0-बालू0मो0आ0नी0/2022-23 दिनांक: 14.03.2023

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित खनिज उद्गम स्थल से खनिज ढोने वाले वाहनों से परिवहन शुल्क वसूली हेतु ई-टेण्डर ऑन लाईन आमंत्रित किया जाता है जो विवरण निम्नवत है :-

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | निविदाओं की ऑन लाइन उपलब्धता | ऑनलाइन निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | टेक्निकल बिड खोलने की तिथि व स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इस कार्यालय के पत्रांक 105/जि0पं0बा0-बालू0मो0/खनिज परि0-ई0 टे0/2022-23 दिनांक 14.05.2023 द्वारा जनपद अन्तर्गत उद्गम स्थल तहसील बेल्थरा रोड ग्राम-खैराखास आ0नं0-593 रकबा 11.90हे0, तहसील सिकन्दरपुर ग्राम कठौड़ा आ0 नं0 3020 मि रकबा 5.00 एवं तहसील सदर ग्राम नौवरार 1881मु0 बेल्थरीपाह आ0नं0-03 रकबा 50हे0 खनिज परिवहन शुल्क की वसूली वित्तीय वर्ष 2023-24 (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक के लिये) ई-निविदा पोर्टल http//etender.up.nic.in पर अपलोडेड की ई-निविदा। | दि0 14.03.2023 को अपराह्न 05.00 से 20.03.2023 अपराह्न 05.00 बजे तक | दि0 20.03.2023 को अपराह्न 05.00 बजे तक | दि0 21.03.2023 अपराह्न 02.00 बजे कार्यालय जिला पंचायत बलिया |

अन्य मुख्य शर्तें :-

1. वित्तीय वर्ष 2023-24 (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2023 तक) प्रत्येक खनिज उद्गम स्थल के लिये टेण्डर फार्म का मूल्य 5000.00 (पांच हजार रूपये मात्र) निर्धारित है, जो फार्म 05 अथवा जिला पंचायत, बलिया के जिला निधि खाता सं0-25100100000984 बैंक ऑफ बड़ौदा मे जमा कर सकते है।
2. खनिज उद्गम स्थल तहसील बेल्थरा रोड, ग्राम-खैराखास के लिये सरकारी बोली 10.00 लाख (दस लाख रुपये मात्र) निर्धारित किया गया है।
3. खनिज उद्गम स्थल तहसील सिकन्दरपुर ग्राम कठौड़ा के लिये सरकारी बोली 10.00 लाख (दस लाख रुपये मात्र) निर्धारित किया गया है।
4. खनिज उद्गम स्थल तहसील सदर ग्राम नौवरार के लिये सरकारी बोली 10.00 लाख (दस लाख रुपये मात्र) निर्धारित किया गया है।
5. ई-टेण्डरदाता को ई-टेण्डर के लिये नीलामी तिथि दिनांक 14.03.2023 से दिनांक 20.03.2023 तक प्रत्येक खनिज उद्गम स्थल के लिये मु0 5.00 लाख (पांच लाख रुपये) का बैंकड्राफ्ट अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बलिया के नाम जमानत जमा करना होगा।
6. ठेकेदार को उपविधि में निर्धारित शुल्क के अनुसार ही वसूली करना होगा।
7. http//etender.up.nic.in पर उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्तनामा अवश्य देख लें जिसका पालन करना अनिवार्य होगा।

(अशोक कुमार सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, बलिया

(आनन्द चौधरी)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, बलिया

पत्रांक: 106/विज्ञापन/खनिज-परि0 ई0-टे0/2022-23, दिनांक: 14.03.2023

# रामायण और दुर्गा सप्तशती का पाठ के लिए मिलेंगे एक लाख

**सरकार का निर्देश**

**रामनवमी पर शक्तिपीठों में होगा दुर्गा सप्तशती और मंदिरों में रामायण**

**योगी सरकार ने लिया फैसला, सभी जिलाधिकारियों को दिये गये आदेश**

जनसंदेश न्यूज





**वाराणसी।** प्रदेश के मंदिरों और शक्तिपीठों में रामायण और दुर्गा सप्तशती के पाठ के आयोजन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से दिशा-निर्देश जारी किया गया है। सभी डीएम को इस प्रकार के आयोजन जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर कराने की तैयारी करने के निर्देश दिये गये हैं। योगी सरकार ने इसके लिए सभी जिलाधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है। योगी सरकार ने जिला स्तर पर इस प्रकार के आयोजन के लिए एक लाख रुपये का फंड देने की घोषणा की है। रामनवमी के दिन मंदिरों में इस योजना के तहत अखंड रामायण पाठ कराने की तैयारी है। इसके अलावा शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती के आयोजन के जरिए क्षेत्र में भक्तिमय माहौल तैयार करने की तैयारी है। ब्लॉक स्तर पर मंदिरों को चिह्नित कर आयोजन के लिए फंड उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि इसमें किसी प्रकार की कमी न रह पाए। 22 मार्च से चैत नवरात्रि की शुरूआत हो रही है। इस दौरान मंदिरों और शक्तिपीठों में कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी की गई है। रामायण और दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की भी तैयारी है। इन आयोजन के लिए भी सभी जिलों को एक-एक लाख रुपये का फंड दिया जाएगा। कार्यक्रम में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए हैं। सभी जिलों को 21 मार्च तक तैयारियों को पूरा कराने का निर्देश दिया गया है।

### तैयारी का जायजा लेंगे नोडल अधिकारी

नवरात्रि के मौके पर रामायण और दुर्गा सप्तशती के आयोजन के लिए दो नोडल अधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला स्तर पर आयोजन को सफल बनाए जाने के लिए हो रहे कार्यों पर वे नजर रखेंगे। इसके लिए संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने विशेष निर्देश जारी किए हैं। कार्यक्रमों के आयोजन वाले मंदिरों के नाम, पता, तस्वीरें और मंदिर प्रबंध समिति से संपर्क के लिए नंबरों को भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। नोडल अधिकारी जांच करेंगे कि कार्यक्रमों का आयोजन सही मायनों में हो रहा है या नहीं।

### बड़ा संदेश देने की कोशिश में योगी सरकार

इस प्रकार के आयोजन के जरिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ा संदेश देने की कोशिश की है। पिछले दिनों में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव सॉफ्ट हिंदुत्व की राजनीति के जरिए भारतीय जनता पार्टी की हिंदुत्व वाली पिच पर आए हैं। मंदिरों में घूम रहे हैं। रामचरितमानस विवाद के बीच अखिलेश यादव ने हिंदुत्व पर भाजपा को घेरने की कोशिश की। ऐसे में लोकसभा चुनाव 2024 से पहले योगी सरकार ने इस प्रकार के आयोजन के जरिए विपक्ष को अपने जाल में घेरने की कोशिश है। रामायण और दुर्गा सप्तशती के मंदिरों और शक्तिपीठों में आयोजन की तैयारी की घोषणा से अब राजनीतिक माहौल भी गरमा सकता है। ऐसे में इसका विरोध करने वाले दलों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। वहीं, भाजपा इस प्रकार के आयोजन के जरिए सरकार की एक अलग उपलब्धि को लोगों के सामने लाएगी।

### डॉ.रामअवतार पांडेय आठवीं बार बने सभापति

**वाराणसी।** महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित काशी का प्राचीनतम सेवा संस्था काशी सेवा समिति का अधिवेशन और पदाधिकारियों का निर्वाचन समिति के सभापति डॉ. राम अवतार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। राम कटोरा स्थित काशी सेवा समिति परिसर के महामना मालवीय सभागार में अधिवेशन में प्रारंभ में समिति के सभापति डॉ. राम अवतार पाण्डेय ने भारत माता के चित्र व मालवीय के मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित किया तदुपरांत प्रधानमन्त्री डॉ. शिव सुंदर गांगुली ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जो सर्व सम्मति से स्वीकृत हुआ (आडीटेड) आय-व्यय प्रस्तुत किया जो सर्व सम्मति से स्वीकृत हुआ। तदुपरान्त आगामी तीन वर्षो के लिए पदाधिकारियों एवं प्रबन्ध समिति के सदस्यों का भी निर्वाचन हुआ, लगातार आठवीं बार डॉ. रामअवतार पांडेय को सभापति चुना गया जबकि उपसभापति के रुप में कोकिला सिंह व इंद्रभूषण जायसवाल को चुना गया।

### सीडीओ ने संकुल समिति के बुक कीपर पर कार्रवाई के दिए निर्देश

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) हिमांशु नागपाल द्वारा मंगलवार को संबंधित संकुल समिति के बुक कीपर राधिका देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही करने के लिए खंड विकास अधिकारी पिंडरा को निर्देशित किया गया। बता दें कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित प्रगति संकुल समिति विकासखंड पिंडरा में वित्तीय अनिमितताओं के दृष्टिगत सीडीओ द्वारा उपायुक्त (श्रम रोजगार) एवं सहायक लेखा अधिकारी, जिला विकास कार्यालय के संयुक्त अध्यक्षता में कमिटी गठित कर जांच करायी गयी थी। जांच में वित्तीय अनियमितता, अभिलेखों में व्यापक हेराफेरी आदि होने पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने प्रस्तावित क्रिकेट स्टेडियम का किया निरीक्षण

**जंसा।** आराजी लाइन विकासखंड के डीह गंजारी गांव में मंगलवार की देर शाम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला टीम के साथ पहुंचे, जहां उन्होंने प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के स्थल का निरीक्षण किया। बताते चलें कि गंजारी गांव में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के लिए करीब 32 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। जिसके बाद बीसीसीआई स्टेडियम निर्माण का डीपीआर एवं डिजाइन तैयार करेगा, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी दौरे के शिलान्यास में शामिल किया जा सकता है।

## होली में रोडवेज को 7.33 करोड़ की आमदनी

**वाराणसी।** होली की त्योहारी भीड़ नियंत्रित करने के साथ रोडवेज वाराणसी परिक्षेत्र को दस दिनों में सात करोड़ 33 लाख रूपए की आमदनी हुई है। तीन से 12 मार्च की अवधि में पांच लाख 57 हजार यात्रियों ने सफर किया था। होली में घर जाने और आने वाले यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने 2,065 अतिरिक्त बसें चलाने का ऐलान किया था। इसके तहत वाराणसी परिक्षेत्र में अतिरिक्त 40 गाड़ियां आवंटित हुई थी। तीन से 12 मार्च की अवधि में रोडवेज प्रशासन को यह आमदनी हुई है। क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष वाराणसी परिक्षेत्र को अच्छी आमदनी हुई है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर 15 से 21 तक

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर विश्वविद्यालय के चारों इकाईयों के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित होगा। यह सात दिवसीय आयोजन 15 से 21 तक श्रीक्षेत्र चतुर्वेद नगर, डोमरी पड़ाव, व्यास काशी, वाराणसी में किया जाएगा।

## महिला दिवस पर यूबीआई में कार्यक्रम



**वाराणसी।** जिले के अग्रणी बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को महिला दिवस कार्यक्रम एवं महिला कार्मिकों हेतु विशेष हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन क्षेत्र प्रमुख मिथिलेश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप डॉक्टर रिचा चौधरी सहायक निदेशक (मत्स्य), उत्तर प्रदेश सरकार, डॉक्टर माया सिंह प्राचार्य अमृत पब्लिक स्कूल मऊ एवं सरिता गुप्ता उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मऊ उपस्थित रहीं। शुभारंभ केक काटकर किया गया। उद्घाटन के दौरान क्षेत्र प्रमुख एवं मुख्य अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी तथा महिला दिवस एवं नारी सशक्तिकरण के संबंध में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके साथ ही मुख्य अतिथियों ने महिलाओं से संबन्धित विभिन्न विषयों पर सभी प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की एवं अपने अनुभवों को साझा किया। इसके पश्चात कुछ प्रतिभागियों ने भी महिला दिवस के संबंध में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। क्षेत्र प्रमुख ने शाखाओं के कामकाज में हिन्दी भाषा के प्रयोग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र में हिन्दी हमारी जरूरत है और इसके बिना हम उत्तम ग्राहक सेवा नहीं प्रदान सकते हैं। अतिथियों एवं प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# पर्यटन मंत्री को सामने पाकर ग्रामीणों ने गिनाईं समस्याएं

**जन चौपाल**

**अराजी लाइन ब्लॉक के परमंदापुर पहुंचे मंत्री जयवीर सिंह**

**लाभार्थियों ने की वृद्धा व विधवा पेंशन न मिलने की शिकायत**

**किसान सम्मान निधि योजना में पैसा न आने की बात आई सामने**

जनसंदेश न्यूज



अराजी लाइन विकास खंड के परमंदापुर स्थित पंचायत भवन पर जन चौपाल में उपस्थित पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह

**वाराणसी।** अराजी लाइन विकास खंड के परमंदापुर स्थित पंचायत भवन पर मंगलवार को सुबह आयोजित जन चौपाल में पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। पर्यटन मंत्री को सामने पाकर ग्रामीणों ने भी एक-एक कर कई समस्याएं गिनाईं। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने वृद्धा पेंशन के बारे में विस्तृत जानकारी ली। पात्रता के बावजूद भी वृद्धा-विधवा पेंशन न पाने वाले लाभार्थियों ने इस बात की शिकायत की। इस पर पर्यटन मंत्री पेंशन में आने वाली समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने का आदेश सीडीओ को दिया।

जन चौपाल में पर्यटन मंत्री ने ग्रामीणों से किसान सम्मान निधि योजना के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। गांव के भाईलाल एवं रामराज यादव ने इस योजना का पैसा न मिलने की शिकायत की। जिस पर उन्होंने संबंधित लेखपाल को जांच कर समस्या का तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ में आने वाली समस्याओं को 15 दिन के भीतर निस्तारित करने का आदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया। भूमिहीनों के आवास में आने वाली समस्याओं को लेकर उन्होंने राजस्व विभाग द्वारा आवासीय पट्टा करने का आदेश दिया।

इस दौरान पर्यटन मंत्री ने गांव में हुए विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश सीडीओ को दिया। उन्होंने कहा कि गांव के जो भी व्यक्ति भूमिहीन है और सरकारी जमीन पर अपना आशियाना बना कर जीवन यापन कर रहे हैं, उनको बेदखल न किया जाये। उन्होंने इंटरलॉकिंग, हैंडपंप रिबोर, आवास सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली और कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही एक-एक योजनाओं का लाभ जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक नहीं पहुंच जाता, तब तक हमारी सरकार विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर दरवाजे पर जाकर निस्तारित करने के लिए कटिबद्ध हैं। वही सीडीओ हिमांशु नागपाल ने ग्राम पंचायत सचिव सुरजीत गुप्ता व ग्राम प्रधान राजेश पटेल को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में फटकार लगाई। इस मौके पर विधायक सुशील सिंह, विधायक टी राम, खंड विकास अधिकारी विजय कुमार जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गौशाला का किया निरीक्षण

इससे पूर्व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह संजोई ग्राम सभा में गौशाला का निरीक्षण किया और वहां रह रहे निराश्रित पशुओं के बाबत जानकारी प्राप्त की। मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि गौशाला में रह रहे निराश्रित पशुओं को चारा, पानी एवं छाया आदि की कोई परेशानी न होने पाए। उन्होंने कहा कि जनपद में गौशाला के नजदीक सरकारी खाली भूमि पर पशुओं के खाने के लिए नेपियर घास लगवाए जाएं। इस दौरान उन्होंने निराश्रित गोवंश की विधिवत पूजन-अर्चन भी किया।

### व्यापारियों ने पर्यटन मंत्री को दिया पत्रक

वाराणसी। पर्यटन एवं संस्कृतिक मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह मंगलवार को अचानक मंडुवाडीह में प्रस्तावित व निर्माणाधीन योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या के आवास पर पहुंचे पर्यटन मंत्री से मंडुवाडीह बाजार के व्यापारी मिले और पत्रक दिया। व्यापारियों ने मंडुवाडीह में होने वाले चौड़ीकरण के लिए प्रस्तावित सड़क के डिजाइन में परिवर्तन की मांग की। मंत्री ने व्यापारियों के हितों की रक्षा का आश्वासन दिया। पर्यटन मंत्री से मिलने वालों में शक्ति जायसवाल, रितेश जायसवाल, वीरेंद्र गुप्ता, मुकेश, बबलू सोनकर, विपिन पाल, अंकित जायसवाल, रमन पाठक, संदीप गुप्ता, रोहित गुप्ता, मानस गुप्ता, चंदन गुप्ता आदि शामिल रहे।

## औद्योगिक कार्यशाला में छात्राओं को मिली जानकारी



**वाराणसी।** छाही सारनाथ स्थित सरस्वती आईटीआई में मंगलवार को औद्योगिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत सरकार के पेट्रोलियम संरक्षण रिसर्च संघ की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में अश्वनी गुप्ता ने सभी को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में जानकारी दी। कार्यशाला में शामिल सभी छात्रों को पेट्रोलिंग संरक्षण रिसर्च संघ की ओर से प्रमाण पत्र वितरित किया गया। संस्थान के प्रबंधक राजीव मौर्य ने बताया कि संस्थान की ओर से प्रशिक्षित लाभार्थियों को अपने व्यवसाय के साथ ही साथ अनुष्ठान पर जोर देना चाहिए, क्योंकि अनुसंधान नये तकनीकी को जन्म देता है, इस बात का ध्यान देते हुए कार्य करना चाहिए, इस अवसर पर प्रधानाचार्य लवकुश मौर्य व सभी अनुदेशक सूरज मौर्य, संदीप कुमार, संजीव मौर्य, अश्वनी मौर्य, शैलेन्द्र कुमार आदि थे।

## स्टाम्प ड्यूटी के बड़े बकायेदार से 47.63 लाख की वसूली

**पिंडरा।** एसडीएम अंशिका दीक्षित के कड़े रुख से मंगलवार को तहसील के बड़े बकायेदार से लगभग 47.63 लाख रुपये से अधिक की वसूली की गई। बताते चलें कि करीब सात वर्ष से स्टाम्प ड्यूटी के बकाए की वसूली के लिए तहसील प्रशासन की टीम लगी थी, लेकिन सफलता नही मिल रही थी। मंगलवार को सूचना पर एसडीएम अंशिका दीक्षित ने नायब तहसीलदार राधेश्याम यादव व संग्रह अमीन विजय सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर भेजा। अपराह्व में पहुंची टीम ने कैथौली निवासी गणेश गुप्ता को उसके घर पर दबोच लिया। उसके बाद जब टीम ने उनको हवालात में डालने की बात कही तो 47 लाख 63 हजार 720 रुपये का चेक मौके पर दे दिया। पिंडरा के सबसे बड़े बजायेदार के खिलाफ कार्रवाई होने से अन्य बकायेदारों में हड़कंप है।

## मतदाता सूची में धांधली का आरोप लगाते हुए रायफल क्लब में दिया पत्रक



**वाराणसी।** मंडुवाडीह क्षेत्र के वार्ड नंबर 38 ककरमत्ता के लोगों ने नगर निकाय चुनाव की मतदाता सूची में नाम बढ़ाने में हो रही धांधली का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कचहरी स्थित रायफल क्लब में जिलाधिकारी को संबांधित पत्रक दिया। पूर्व प्रधान प्रतिनिधि वकील अहमद का आरोप है कि मतदाता सूची में नाम बढ़ाने को लेकर हम लोगों ने भेलूपुर स्थित दुगार्कुंड जोन में आवेदन दिया लेकिन वहां से हम लोगों को रिसीविंग न देकर केवल रजिस्टर पर नाम चढ़ा लिया गया था। आरोप है कि जब मतदाता सूची में नाम आया तो उसमें ज्यादातर लोगों के नाम और जेंडर अशुद्ध दर्ज पाए गए। आरोप लगाया कि हम लोग जब 13 मार्च को शिकायती पत्र लेकर दुगार्कुंड कार्यालय गए तो वहां कर्मचारियों ने शिकायती पत्र लेने से इन्कार कर दिया। बताया कि लोगों की मांग है कि मतदाता सूची में नामों का शुद्धिकरण कराने और नए मतदाताओं का नाम जोड़ा जाए।

# वीडीए का घेराव करेंगे पीड़ित किसान



**रोहनिया।** मोहनसराय किसान संघर्ष समिति के मुख्य संरक्षक किसान नेता विनय शंकर राय 'मुन्ना' की अध्यक्षता मे बैरवन में मंगलवार को मोहनसराय ट्रान्सपोर्ट नगर योजना से प्रभावित किसानों की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमें किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष मेवा पटेल ने प्रस्ताव लाया कि शासन प्रशासन कानून का खुला उलंघन कर हम किसानों को प्रताड़ित कर मजबूर कर दिया है कि सड़क पर संघर्ष किया जाय, जिसको किसानों ने सर्वसम्मत से 17 मार्च शुक्रवार को विकास प्राधिकरण कार्यालय घेरने का निर्णय लिया। किसान नेता विनय शंकर ने कहा कि किसानों के मौलिक अधिकारों का शासन प्रशासन के लोग हनन कर रहे हैं जिससे आजिज आकर किसानों का सब्र का बाध अब टूट रहा है। किसान नेता गगन प्रकाश यादव ने भी किसानों के समर्थन में अपनी बात रखी। संचालन मेवा पटेल व धन्यवाद ज्ञापन छेदी पटेल ने किया। बैठक में अमलेश पटेल, प्रेम शाह, मनोज पटेल, हृदय नारायण उपाध्याय, जयनाथ मिश्रा, विजय गुप्ता, रमेश पटेल, राम राज पटेल, रविंद्र पटेल, शिव यादव, रामधनी मास्टर आदि किसान शामिल थे।

### दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण सत्र संचालित

**वाराणसी।** उप्र कौशल विकास मिशन द्वारा विश्व बैंक पोषित संकल्प परियोजना के अंतर्गत मंगलवार को सेक्टर स्किल काउंसिल फार पर्सन विथ डिसएबिलिटी के माध्यम से प्रथम चरण में जनपद के दिव्यांगजनों को व्यावसायिक ट्रेड में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने व रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रबंधक कौशल विकास मिशन अभिषेक सिंह द्वारा कौशल विकास के बारे में अभ्यर्थियों को विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण सत्र से ड्रापआउट न होने का अनुरोध किया गया। जिससे प्रशिक्षणोपरांत मूल्यांकन कराते हुए संबंधित सेक्टर स्किल काउंसिल के माध्यम से सेवायोजित कराया जा सके। कार्यक्रम में सेक्टर स्किल काउंसिल से मोहित शर्मा, दीपक सरीन, दिव्यांगजन विभाग से विकास कुमार सिंह एवं बचपन-डे केयर के जिला समन्वयक रमेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विद्युतकर्मियों ने निकाला मशाल जुलूस

**विरोध प्रदर्शन**

**एमडी कार्यालय पर सभा कर लिखित समझौता लागू कराने की उठायी आवाज**

**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले अभियंताओं और कर्मचारियों में विशाल मशाल जुलूस निकाल कर मंगलवार को अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। इसके पूर्व भिखारीपुर स्थित एमडी कार्यालय पर सभा कर लिखित समझौता लागू कराने के लिए आवाज बुलंद की। कहा कि 15 मार्च को पूर्वाह्व 10 बजे से कार्य बहिष्कार और 16 मार्च की रात से 72 घंटे की हड़ताल प्रारंभ हो जाएगा।

दूसरी तरफ, लखनऊ में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा एवं संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के बीच हुई वाता बेनतीजा रही। वार्ता के दौरान अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) महेश गुप्ता और ऊर्जा निगमों के चेयरमैन एम. देवराज उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते के क्रियान्वयन न होने पर आक्रोशित बिजलीकर्मियों के ध्यानाकर्षण आन्दोलन के प्रथम चरण में भिखारीपुर स्थित एमडी कार्यालय से लंका तक मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस में शामिल अभियंता और कर्मचारी ऊर्जा प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। जुलूस लंका पहुंच कर समाप्त हुआ। इसके पूर्व एमडी कार्यालय पर हुई सभा में वक्ताओं ने लिखित समझौते को लागू करने की बात कही। कहा कि लिखित समझौता होने के बावजूद ऊर्जा निगम के प्रबंधन हठवादिता पर उतारु है, जो औद्योगिक वातावरण के लिए उचित नहीं है। मशाल जुलूस में चंद्रशेखर चौरसिया, ओपीसिंह, राजेन्द्र सिंह, संजय भारती, मायाशंकर तिवारी, रमाशंकर पाल, रामकुमार झा, वंदना पांडेय, नागेंद्र सरोज, वीरेंद्र सिंह, आरके पाण्डेय, जिउतलाल, विजय सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, मदनलाल श्रीवास्तव, अमित त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, हेमंत श्रीवास्तव आदि ने शामिल थे।



लिखित समझौता लागू कराने के लिए मशाल जुलूस निकालते विद्युतकर्मी



# डीएम ने डीपीआरओ को लगायी फटकार

**बैठक**

### कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**बलिया।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इसमें स्वच्छ भारत मिशन पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये प्रथम एवं द्वितीय किस्तों में भुगतान किया गया है। उन्होंने इसकी रिपोर्ट तुरन्त डीडीओ, बीडीओ के हस्ताक्षर से प्रस्तुत करने को कहा।


कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते डीएम रवीन्द्र कुमार

जिलाधिकारी ने कितने शौचालय का निर्माण हुआ और कितना बनना शेष है? उसकी रिपोर्ट सभी एसडीएम के माध्यम से उपलब्ध कराने को कहा। शौचालय की देखभाल करने के लिए स्वयं सहायता समूहों को कार्य सौंपा गया था। उसकी शासनादेश उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। 164 राजस्व गांवों में हुए कार्यों की रिपोर्ट एसडीएम पोर्टल पर अपलोड नहीं हुआ है। उसको तुरंत अपलोड करने के निर्देश दिए। 41 गंगा ग्राम पंचायतों में कार्य नहीं हुआ है। उसका बजट बिना अनुमति के वापस करने और कैश बुक कंपलीट न होने की दशा में डीपीआरओ को कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने सख्त निर्देश दिया कि कैशबुक एक सप्ताह के अंदर पूरा कर लें। उन्होंने गंगा ग्राम पंचायतों में जो कार्य हुआ है, उसकी सूची बीडीओ, एडीओ पंचायत के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ प्रवीण वर्मा, सीएमओ, डीपीआरओ, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विजय शंकर आदि मौजूद रहे।

## आग से छह झोपड़ियां राख, तीन मवेशियों की मौत

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के रानीपुर उसरपर में अगलगी की घटना में चार परिवारों का लाखों रूपये का सामान और करीब आधा दर्जन मवेशी झुलस गये। इससे गांव में हड़कम्प मच गया। जानकारी के अनुसार राम जन्म राजभर की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें विकराल रूप धारण कर आशा देवी पत्नी अशोक राजभर, शिव कुमार राजभर एवं अक्षय कुमार राजभर की झोपड़ी को भी चपेट में ले लिया।
झोपड़ी में बंधी रामजन्म राजभर की दो भैंस व एक गाय बुरी तरह से झुलस गई, जिसमें एक भैंस की तत्काल मौत हो गई। शिवकुमार राजभर की चार बकरी झुलस गई, जिसमें दो बकरी की मौत हो गई एवं दो बकरी झुलसने से घायल है। चारों लोगों को मिलाकर करीब आधा दर्जन झोपड़िया जलकर राख हो गई तथा उसमें रखा गया सारा सामान जलकर राख हो गया।

## सावधान! कहीं आप नकली दवा तो नहीं खरीद रहे

**लापरवाही**

### मरीजों के स्वास्थ्य से खुलेआम किया जा रहा खिलवाड़

**बैरिया।** बाहर से आने वाली एवं बिहार निर्मित नकली दवा क्षेत्र में ज्यादातर मेडिकल स्टोर पर बिक रहा है। यह नकली दवा मरीज का मर्ज ठीक करने की बजाए और बिगाड़ रही है। बीमारी को ठीक करने के लिए कई-कई दिनों तक मरीज दवाइयों का सेवन करता है, लेकिन उन दवाइयों का असर नहीं होता है। इन दवाइयों की बिक्री मुनाफाखोरी के लिए किया जा रहा है। इस धन्धे में झोलाछाप डाक्टर भी शामिल है।

दवाइयों के कारोबार में अच्छी कमाई को लेकर कई मेडिकल संचालक नकली कंपनियों की दवाओं का स्टाक रखते है। ब्रांडेड कंपनियों की अपेक्षा नकली कंपनियों की दवाएं काफी सस्ती होती है और मुनाफा ज्यादा होता है। ये मेडिकल संचालक झोलाछाप चिकित्सकों से सांठ-गांठ रखते है, जो मरीजों को यही दवा लिखते है। बीमार पड़ने पर लोग चिकित्सकों के पास जाते हैं तो चिकित्सक पर्चा पर तमाम दवाएं लिख देते है। इन दवाओं को मरीज जब खरीदने जाता है तो कई मेडिकल संचालक मरीजों से सैकड़ों रुपये लेकर नकली दवाएं थमा देते है। मरीज कई-कई दिन दवाओं का सेवन करता है, लेकिन बीमारी ठीक नहीं होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले मेडिकल स्टोर संचालक नकली दवाओं का बड़ा स्टाक रखते है और दवा के नाम पर मरीजों की खुलेआम जेब काट कर उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं। क्षेत्र की जनता ने इस तरफ अधिकारियों से ध्यान आकृष्ट कराया है।

> दवाइयां नकली नहीं होती हैं। पावर कम और अधिक होता है। दाम अलग-अलग होना अलग की बात है। जहां तक नकली दवाइयों की बात है तो इस विषय में औषधि निरीक्षक स्थितियां स्पष्ट कर सकते हैं।
>
> डा. देवनीति सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी, मुरलीछपरा

## 40 दिन बाद सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**सफलता**

### आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए सक्रिय हुई पुलिस

**नगरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खनवर निवासी भाजपा नेता मनोज भारती के मामले में पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देश पर पुलिस ने सोमवार को चालीस दिन बाद सतेंद्र सिंह समेत सात लोगों पर एससी/एसटी समेत विभिन्न धाराओं में नामजद मुकदमा पंजीत कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वहीं, पुलिस ने आरोपितों की धर पकड़ के लिए टीम बनाकर कार्यवाही तेज कर दी है।

खनवर निवासी मनोज भारती भाजपा के चोगडा मण्डल के अध्यक्ष है। ग्राम पंचायत में फर्जी स्वयं सहायता समूह बनाकर चिंता सिंह पत्नी सतेन्द्र सिंह ने रिक्तकोटे की दुकान अपने नाम करा ली थी तथा उसका संचालन शुरू कर दिया। इस मामले में मनोज भारती ने जिले के आला अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी। जांच में मामला फर्जी पाए जाने पर चिंता सिंह के पति सतेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने सतेन्द्र सिंह को जेल भेज दिया। जेल से रिहा होने के बाद सतेन्द्र सिंह कई लोगों के साथ बछ्ईपुर से बाइक से लौटते समय मारने की नियत से 30 जनवरी को मनोज भारती को रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपने साथ के लोगों से पकड़ने व जान से मारने के लिए ललकारने लगे। पीड़ित किसी तरह भागकर अपने घर पहुंचा। घटना के दिन ही सायंकाल नगरा पुलिस को अपने संग घटित घटना की तहरीर दी। नगरा पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने पर भाजपा नेता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। घटना के चालीस दिन बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगरा पुलिस ने सतेन्द्र सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलिया।** सिकंदरपुर पुलिस ने एक वांछित एवं वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सिकन्दरपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि वांछित अभियुक्त सिपारस बिन्द पुत्र रामजन्म बिन्द निवासी लिलकर, थाना सिकंदरपुर के विरूद्ध पूर्व में न्यायालय द्वारा एनबीडब्लू/82 दंप्रसं जारी किया गया था। 13 मार्च को अभियुक्त के विरूद्ध न्यायालय द्वारा धारा 83 सीआरपीसी जारी करते हुए तीन दिवस में गिरफ्तारी करने या कुर्की करने का आदेश दिया गया था। इसके अनुपालन में अभियुक्त सिपारस बिन्द के घर पर सिकंदरपुर पुलिस ने दबिश देते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिनेश पाठक, हेकां. शिवप्रवेश पाण्डेय, कां. दीपक यादव शामिल रहे।

# जल्द बदलेंगे जर्जर तार ट्रांसफार्मरों की बढ़ेगी क्षमता

**जनसंदेश न्यूज**

**योजना**

### शासन ने व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने को दिया 1.59 करोड़

**बलिया।** गर्मी के दिनों में विद्युत फाल्ट अक्सर होते रहते है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशान होना पड़ता है। ऐसे में गर्मी आते ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। शासन की ओर से वर्ष 2023-24 में निर्बाध आपूर्ति के लिए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए 1.59 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई है। विभाग ने वर्ष 2023-24 के बिजनेस प्लान के तहत कार्यों का खाका भी तैयार कर लिया है। सभी कार्य अप्रैल में पूरा करने की तैयारी है।

योजना के तहत अलग-अलग विद्युत उपकेंद्रों के कुल 57 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की जाएगी। इसमें विद्युत वितरण खंड प्रथम के अलग-अलग स्थानों पर छह, द्वितीय में 17, तृतीय में 19 व विद्युत वितरण खंड तृतीय के क्षेत्र में 16 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा ओवरलोड ट्रांसफार्मरों पर लोड कम करने के लिए 10 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इसमें विद्युत वितरण खंड प्रथम के क्षेत्र में पांच, द्वितीय में तीन एवं तृतीय में दो नए ट्रांसफार्मर लगेंगे।

गर्मी के दिनों में जर्जर नंगे तारों के टूटने की घटनाएं होती हैं। इसको देखते विभाग की ओर से कुल 75 किलोमीटर जर्जर नंगे तार बदले जाएंगे। इसमें विद्युत वितरण खंड प्रथम में 10 किमी, द्वितीय में 30 किमी, तृतीय में 20 किमी व विद्युत वितरण खंड चतुर्थ के क्षेत्र में 15 किमी नंगे तारों के स्थान पर एबीसी केबल लगाए जाएंगे। 58 किलोमीटर जर्जर एबीसी केबल को बदलने की तैयारी विभाग ने कर ली है। यह विद्युत वितरण खंड प्रथम में आठ किमी, द्वितीय में 20 किमी, तृतीय में 16 किमी व विद्युत वितरण खंड चतुर्थ के क्षेत्र में 12 किमी जर्जर एबीसी केबल बदले जाएंगे। नगरा स्थित उपकेंद्र के जर्जर 11 केवी स्विच गियर भी बदले जाएंगे।

> शासन की ओर से वर्ष 2023-24 के लिए 1.59 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। इससे कई तरह के कार्य अगले माह में कराए जाएंगे। इससे गर्मी के दिनों में निर्बाध आपूर्ति करना आसान होगा। जर्जर तारों को बदला जाएगा। ट्रांसफार्मरों में क्षमता वृद्धि की जाएगी। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।
>
> वकार अहमद
> अधीक्षण अभियंता, विद्युत, बलिया

## संक्षेप

### एसएन ग्रुप में अभिभावकों एवं अध्यापकों का समागम



**बलिया।** एसएन पब्लिक स्कूल रामपुर उदयभान में विद्यार्थियों के फाइनल सेमेस्टर के परिणाम की घोषणा हुई, जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विद्यार्थियों ने रिपोर्ट के साथ पूरी प्रांगण को चिन्हित करते हुए गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। इसी क्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर आर्यन ने अपने दल-बल के साथ सारे अभिभावकों से मुलाकात की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, प्रधानाध्यापक और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रिपोर्ट कार्ड का वितरण वातानुकूलित सेमिनार हाल में किया और अव्वल आए बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किया। बच्चों के पुस्तक एवं पुस्तिकाएं और कक्षा में प्रवेश के लिए 20 तारीख तक एडमिशन की तारीख निश्चित की गई।

### भाषा सम्मान से सम्मानित हुए डॉ.अशोक द्विवेदी



**बलिया।** हिन्दी और भोजपुरी के दिग्गजों में शुमार कवि, लेखक, समीक्षक एवं लगभग डेढ़ दर्जन कृतियों के रचनाकार डॉ. अशोक द्विवेद्वी को दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में वर्ष 2021-22 के लिए पूर्व में घोषित भाषा सम्मान प्रदान किया गया। कोविड-19 के चलते विलम्ब से आयोजित उक्त कार्यक्रम में कुछ अन्य भाषाओं के नामवर साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि गौसपुर, जिला गाजीपुर के मूल निवासी, किन्तु बलिया को अपनी कर्मभूमि मानने वाले सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी डॉ. द्विवेद्वी को साहित्य के क्षेत्र में उनके अवदान के लिए पूर्व में भी राहुल सांत्यायन, लोकपुरुष, लोक कवि सम्मान, सेतु सम्मान आदि जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों-सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है। डॉ. द्विवेदी के सम्मान की खबर सुनकर जनपद के साहित्यकारों एवं भोजपुरी प्रेमियों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है। इसी क्रम में विश्व भोजपुरी सम्मेलन बलिया ईकाई से जुड़े पण्डित विजय मिश्र, डॉ. शत्रुघ्न पाण्डेय, हीरालाल हीरा, शशि प्रेमदेव, शिवजी पाण्डेय रसराज, डॉ. नवचंद तिवारी, अशोक तिवारी, डॉ. कादम्बिनी सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य रामेश्वर सिंह, फतेहचंद बेचैन आदि ने बधाई दी है।

### बस एवं बाइक की टक्कर में दो युवक घायल

**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत रेवती-बैरिया मुख्य मार्ग पर कोलनाला रेलवे क्रासिंग के समीप सोमवार की देर शाम बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने घायलों को आनन-फानन में सीएचसी रेवती पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार रेवती नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन निवासी मुनीलाल शाह पुत्र कैलाश साहनी तथा रेवती कस्बा वार्ड नंबर 10 निवासी धीरज शाह पुत्र परशुराम साह बाइक पर सवार होकर बैरिया की तरफ जा रहे थे। इसी बीच बैरिया की तरफ जा रही एक बस से बाइक टक्कर हो गई। इसकी वजह से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

### खड़े ट्रक में ट्रक ने मारा धक्का, ड्राइवर घायल


**बलिया।** हल्दी थाना के लगे बैरियर के पास मगंलवार को सुबह में पहले से खड़ी ट्रक में पीछे से आ रही ट्रक ने धक्का मार दिया। इससे आगे वाले ट्रक का तो कोई नुकसान नही हुआ, लेकिन पीछे वाला ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उसके ड्राईवर का पैर ब्रेक एवं एक्सलेटर के बीच फंस गया और गम्भीर रुप से घायल हो गया। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद कटर से काट कर ड्राइवर को बाहर निकाला गया। ग्रामीणों और पुलिस के सहयोग से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि ट्रक ड्राइवर विनोद कुमार यादव (25) पुत्र लालू यादव निवासी सतडीया, भीमपुरा बालू लदी ट्रक लेकर मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे के आस-पास बलिया की तरफ जा रहा था कि रास्ते में ये घटना हो गयी।

### चुनावी रंग में रंगेगा होली मिलन समारोह



**बलिया।** सहतवार स्थित चैनराम बाबा की नगरी में चुनावी रंग में रंगेगा अजय सिंह का होली मिलन समारोह। हालांकि अभी निकाय चुनाव की कोई घोषणा नहीं हुई है, लेकिन यह समारोह निकाय चुनाव को देखते हुए ही माना जा रहा है। वही, समाजसेवी अजय सिंह का कहना है कि यह एक परंपरा है। इस परंपरा को जीवित रखने के लिये होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नगर पंचायत से जुड़े सभी सम्मानित नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा क्षेत्रीय सांसद रविंद्र कुशवाहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। साथ ही भाजपा के नेता व समाजसेवी भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जानकारी के अनुसार 18 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन है। इस आयोजन में हजारों लोगों की शामिल होंगे, ऐसी योजना बनायी गयी है। इसमें पूर्वांचल सहित अन्य प्रदेशों से कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इसमें सोनम सिंह, काजल राज, रूपा सिंह, दीपिका ओझा, विशाल गगन, चंदन यादव सहित कई कलाकार आमंत्रित है। अजय सिंह की टीम पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी हुई है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से ऐतिहासिक होगा।

### परिवहन मंत्री ने दी बधाई



**बलिया।** टाउन पालिटेक्निक मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह अब तक के कार्यक्रमों से कुछ अलग रहा, जिसकी चर्चा पूरे दिन होती रही। इस पुनीत कार्य के लिए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को जमकर बधाई मिल रही है। सोमवार को सामूहिक विवाह के आयोजन में 319 जोड़े एक-दूजे के हुए और खुशी मन से विवाह मंडप से घर पहुंचे। वही, मुख्य अतिथि राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, विशिष्ट अतिथि प्रेमभूषण महाराज और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सभी वर-वधू को आर्शीवाद दिया।

# ब्लॉक प्रमुख ने खेली फूलों की होली

**समारोह**

### राजनैतिक गलियारों में होली मिलन समारोह की होती रही चर्चा

**जनसंदेश न्यूज**

**बेल्थरारोड।** सीयर ब्लाक के प्रांगण में ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह का होली मिलन समारोह जबरदस्त रहा। यह आयोजन राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय रहा। विकास के क्षेत्र में जिले में एक अलग पहचान बनाने वाले ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह ने ग्राम प्रधान से क्षेत्र पंचायत के सबसे बड़ी कुर्सी पर बैठकर विकास के क्षेत्र में कुछ अलग दिखाई दे रहे है।


होली मिलन समारोह में ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह पर फूलों की वर्षा करती बीडीओ मधुछंदा सिंह

कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रधान, बीडीसी व ब्लाक कर्मियों के अलावा क्षेत्रीय लोगों ने भी उन्हें बधाई दी और जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। इस दौरान सभी को प्रमुख ने लजीज व्यंजनों का भी भरपूर आनंद कराया। सीयर ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख आलोक कुमार सिंह की ओर से होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आद्या शंकर यादव भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह उमंग व उत्साह का त्योहार है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।

चर्चा यह भी थी कि ब्लाक प्रमुख लोगों को एक साथ इकठ्ठा करने के लिए ऐसे कार्यक्रम के लिए बहाने ढूंढ लिया करते हैं। उन्होंने होली स्नेह मिलन समारोह में आए सभी लोगों को बधाई दी और उनके प्रति आभार जताया। अंत में ब्लाक प्रमुख आलोक कुमार सिंह ने कहा कि यह सच्चाई है कि अपने लोगों को एक साथ इकठ्ठा करने के लिए मैं ऐसे बहाने ढूंढता रहता हूं। मैं दलगत राजनीति से परे जो मेरा साथ आए हैं, उनका सम्मान करता हूं। कहा कि आपको लोग का ऐसे ही सहयोग प्राप्त होता रहा तो क्षेत्र में विकास कार्यों का सिलसिला और तेजी से जारी रहेगा। समारोह में शामिल लोगों ने एक-दूसरे को साथ जमकर अबीर गुलाल गुलाल लगाया।

### लजीज व्यंजनों का उठाया लुफ्त

**बलिया।** फूलों की होली जानदार और शानदार रहा। इसके लिए ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह की तरफ से बकायदा तीन कुंतल फूलों का इंतजाम किया गया था। होली मिलन समारोह में शामिल लोगों ने वहां स्टाल पर लगे लजीज व्यंजनों का भी आनंद लिया। होली स्नेह मिलन समारोह के दौरान ब्लाक को काफी सुन्दर तरीके से सजाया गया था। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी मधुछंदा सिंह, उभांव एसएचओ राजीव कुमार मिश्र, सीएचसी सीयर के अधीक्षक डा. राकेश कुमार सिंह, सीयर पुलिस चौकी प्रभारी देवेन्द्र कुमार, सपा के वरिष्ठ नेता शाहिद भाई, अंकुर वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एएसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण


रेवती थाना में निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करते एएसपी

**जनसंदेश न्यूज**

**रेवती।** अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने सोमवार की रात रेवती थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बैरक, मेस, थाना ग्राउंड आदि का निरीक्षण करते हुए कार्यालय, मालखाना, पुरुष बंदीगृह, महिला बंदीगृह आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्हांने थाना प्रांगण की साफ-सफाई पर नाराजगी जताते हुए अधीनस्थों को साफ-सफाई के लिए दिशा निर्देश दिया। तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक ने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, गुंडा एक्ट रजिस्टर, जीडी सहित सभी रजिस्ट्ररों की गहनता से जांच करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। गया। बताया कि रेवती थाने के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई को बेहतर बनाने के लिए प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सीओ बैरिया मोहम्मद उस्मान, प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने रद्द किया कोटे की दुकान का आवंटन

**नगरा।** स्थानीय ब्लाक के खनवर गांव में आवंटित राशन की दुकान में घोर अनियमितता के कारण विवादित हो जाने के पश्चात उपजिलाधिकारी रसड़ा को अनुबन्ध बर्खास्त करना पड़ा। दो वर्ष पूर्व खनवर नवादा के कोटेदार के त्यागपत्र देने के बाद दुकान रिक्त हो गई थी। राशन दुकान के आवंटन होने की प्रक्रिया के बाद से ही गांव के निवासी भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज भारती ने जय मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करके उच्चाधिकारियों का दरवाजा खटखटाना शुरु कर दिया था। श्री भारती ने दुकान की नियुक्ति प्रक्रिया में फर्जी हाईस्कूल का प्रमाण पत्र लगाने का आरोप लगाया था। यह मामला मुख्यमंत्री दरबार में पहुंच गया। जांच में घोर लापरवाही प्रकाश में आने पर उपजिलाधिकारी रसड़ा सर्वेश कुमार ने समूह की चिन्ता सिंह के अनुबन्ध पत्र को जमा सभी प्रतिभुतियों को जप्त करते हुए आवंटन को रद्द कर दिया है।

# सामाजिक न्याय के महानायक थे बाबू जगदेव प्रसाद

**बोले संजयदीप कुशवाहा**

### जातिवार जनगणना से साकार होगा बाबू जगदेव का सपना

**बिल्थरारोड।** राष्ट्रीय समानता दल बेल्थरारोड के तत्वावधान में अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा की याद में संदेश पदयात्रा नगर पंचायत के रेलवे प्रांगण से बस स्टेशन, तहसील प्रांगण, चौकिया मोड़ तक आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष संजयदीप कुशवाहा ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद सामाजिक न्याय धारा के प्रथम क्रांतिकारी नेता थे। वह 90 प्रतिशत वंचित समाज के हक, हिस्सा, अधिकार व सम्मान की लड़ाई लड़ते हुए अपनी शहादत देकर अमर हो गए।कहा कि जिस दिन सामाजिक न्याय की बात करने वाली विचार धारा केंद्र की सत्ता पर आसीन हो जाएगी, उसी दिन बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा के लिए सच्ची श्रद्धांजलि का दिन होगा। सच्चे मायने में बाबू जगदेव बहुजन संघर्ष व सामाजिक न्याय के महानायक थे। क्रांतिकारी जगदेव बाबू का सपना आज भी अधूरा है। राष्ट्रीय मुख्य महासचिव अगमस्वरूप ने कहा कि किसान परिवार में जन्मे बाबू जगदेव किसान एवं मजदूर समाज के सच्चे हितैषी थे। उनके संघर्षो को आगे बढ़ना एवं निरंकुश सत्ता को पदच्युत करना ही उनके विचारों की प्रासंगिकता है। शैलेश मौर्य ने कहा कि वंचित समाज के अधिकार व सम्मान की लड़ाई तभी पूर्ण होगी, जब देश में एक समान मुफ्त शिक्षा लागू होगा। शेषनाथ ने कहा कि आर्थिक प्रजातंत्र व ब्यवस्था परिवर्तन ही जगदेव बाबू के विचारों को समूल रूप से लागू करेगा। सरदार कन्हैया ने कहा कि संघर्ष ही बाबू जगदेव की शहादत को कामयाब बनाएगा। जिलाध्यक्ष सीताराम ने कहा कि सामाजिक न्याय की सरकार जगदेव बाबू का सपना था। शशांक वर्मा ने कहा कि समतामूलक देश बनाने के लिए जाति जनगणना जरूरी है। इस अवसर पर उपेंद्र, प्रेमचद वर्मा, राजू मौर्य, राजेश मौर्य, उमेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।


बेल्थरारोड में पदयात्रा करते राष्ट्रीय समानता दल के पदाधिकारी

# जेपी के गांव के अस्पताल का होने लगा कायाकल्प

**बदलेगी सूरत**

### राज्यसभा के उप सभापति की पहल पर हुई चिकित्सा कर्मियों की तैनाती

**जनसंदेश न्यूज**

**बैरिया।** सम्पूर्ण क्रान्ति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण के गांव का अस्पताल अपने हाल पर आंसू बहा रहा था। राज्यसभा के उप सभापति क्षेत्र के दलजीत टोला (सिताबदियर) निवासी हरिवंश नारायण सिंह की पहल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयप्रकाश नगर के कायाकल्प की शुरुआत हो गया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की मरम्मत, परिसर की साफ-सफाई, पेयजल व शौचालय की माकूल व्यवस्था करने का कार्य शुरू हो चुका है। वहीं, आधा दर्जन चिकित्सा कर्मियों की तैनाती भी यहां कर दी गयी है। इससे गांव के लोगों को लगने लगा है कि अब इस दूर-दराज के इलाके से इलाज कराने के लिए जिला मुख्यालय या सीएचसी सोनबरसा नही जाना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि विगत दिनो राज्यसभा के उप सभापति ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयप्रकाश नगर की दुर्व्यवस्था की बात बताई थी। इसके क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देश पर एक साथ इस अस्पताल में कई कार्य शुरू हो चुके है। यहां तैनात डाक्टर पवन कुमार सिंह के अलावा प्रयोगशाला प्रविधिक हरेन्द्र कुमार वर्मा, रंजना प्रजापति, निधि यादव, सपना सिंह व कुमारी पूजा को नर्स के पद पर तैनात किया गया है। वहीं, पिंटू रावत को स्वीपर पद पर तैनाती दी गयी है। प्रभारी चिकित्साधिकारी मुरलीछपरा डा. देवनीति सिंह ने बताया कि प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जयंत कुमार द्वारा और चिकित्साधिकारियों व चिकित्सा कर्मियों की तैनाती की जाएगी। फिलहाल कार्य प्रगति पर है।


अस्पताल में समरसेबुल लगाता पलम्बर


सीएचसी जयप्रकाशनगर

### सड़क किनारे पलटा फल लदा ई-रिक्शा

**बलिया।** गड़वार-बलिया मुख्य मार्ग पर त्रिकालपुर मोड़ के समीप फल लदा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इससे ई-रिक्शा पर लदा फल सड़क पर बिखर गया। वहीं, चालक को हल्की चोटें आईं। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। जानकारी के अनुसार फेफना गांव निवासी फल व्यवसायी चंदन गुप्ता मंगलवार की सुबह बलिया मंडी से ई-रिक्शा पर फल लादकर अपने गांव फेफना जा रहा था। अभी त्रिकालपुर मोड़ के समीप पहुंचा था कि ओवरलोड के कारण ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। संयोग अच्छा रहा कि चालक को हल्की चोटें आईं। ई- रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया।

# बच्चों का झगड़ा न छुड़ाने पर दबंगों ने युवक को पीटा

**दबंगई**

### भवरहां गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स पहुंची

जनसंदेश न्यूज


भवरहां गांव में विवाद के बाद महिला से जानकारी लेते ग्रामीण एसपी।

**बिरनो।** स्थानीय थाना अंतर्गत भवरहां गांव में पूर्व में दो बच्चों के मारपीट को देखकर न छुडाने वाले युवक को दलित समुदाय के युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवकों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में घायलों को सामुदायिक केंद्र लेकर पहुंचे।

परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर लिया आरोपियों की तलाश में जुट गई। क्षेत्र के भवरहा गांव निवासी विनोद यादव 18 पुत्र प्रीतम यादव अपने गांव में ही अम्बेडकर मूर्ति के रास्ते सोमवार की देर रात घर आ रहा था इसी बीच गांव के ही शेरू राम पुत्र मिट्ठू राम और चिरागन राम पुत्र मरछू राम ने रोककर लाठी डंडे से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। वही रास्ते के गुजर रहे युवक ने इस घटना की जानकारी घायल युवक के घर पर दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में घायल युवक को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां घायल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस मामले की जानकारी देते हुए घायल व्यक्ति के परिजनों ने बताया कि दो लोगों के बीच मारपीट हो रही थी। रास्ते से गुजर रहे विनोद यादव ने बीच बचाव ना कर सिधा घर को चला आया।

इसी बात से खुन्नस खाये युवकों ने लाठी डंडे से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। इस घटना की जानकारी होते ही मरदह बिरनो की भारी पुलिस फोर्स सहित ग्रामीण पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद पहुंचे और पीड़ित परिजनों को समझा-बुझाकर आरोपियों पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इस संबंध में बिरनो थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया की मारपीट की घटना का मामला सामने आया है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई है।

## साधन सहकारी समितियों के चुनाव के लिए नामांकन

**सेवराई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के भदौरा ब्लाक मुख्यालय सभागार कक्ष में क्षेत्र के साधन सहकारी समितियों के सदस्यों का चुनाव हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया। चुनाव के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। भदौरा ब्लॉक सभागार कक्ष में मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक साधन सहकारी समिति के सदस्यों का नामांकन किया गया। भदौरा ब्लाक में कुल 8 साधन सहकारी समितियों के प्रत्येक साधन सहकारी समिति पर 9 सदस्यों का चुनाव किया जाना है। जिसके लिए सुबह से ही गहमा गहमी लगी रही।

इस संबंध मे एडीओ कोऑपरेटिव प्रेमसागर ने बताया कि देवल सहकारी समिति पर 9 सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया है वही चित्रकोनी में 8 ,भतौरा में 8 , मनिया 8 , गहमर में 9, दिलदारनगर निरहु के पूरा में 6, गोड़सरा में 9, दिलदारनगर बाजार में 8 लोगों ने नामांकन किया है। अब तक लगभग नामांकन किये लोगों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। निर्वाचन अधिकारी में अजय प्रकाश गुप्ता, नितेश, कमलाकांत सिंह , सिकंदर, मदन मोहन गुप्ता, प्रभाकर पांडे, पवन कुमार, संजना सिंह विमलेश प्रजापति, अश्वनी कुमार ने सदस्यों का नामांकन कराया।


भदौरा ब्लॉक मुख्यालय सभागार में नामांकन पत्र जमा करते कर्मचारी।

## संक्षेप

### एकाग्रता से कार्य करने पर क्षमता का होता है विकास



**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिवस के दिन स्वच्छता अभियान पर जन जागरुकता प्रभात फेरी निकाली गई एवं साथ ही साथ रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत पीजी कॉलेज प्ले ग्राउंड, एसबीआई बैंक एवं शिव वाटिका में साफ-सफाई का कार्य किया गया और साथ ही साथ स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का सन्देश भी आमजन को दिया गया। स्वच्छता अभियान के थीम पर रंगोली प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। रंगोली प्रतियोगिता में पांच समूह ने भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूह को समापन वाले दिन सम्मानित भी किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. शिव शंकर यादव ने कहा कि प्रतियोगिता से छात्र-छात्राओं में क्रियाशीलता,सृजनात्मकता, एकाग्रता एवं मिलकर कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम अधिकारी डा. रुचि मूर्ति सिंह ने कहा कि लोगों को न तो स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और न ही किसी और को फैलाने देना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. त्रिनाथ मिश्र,धर्मेन्द्र, राम प्रवेश, नीरज सिंह उपस्थित रहे।

### प्रधानों ने होली मिलन समारोह में उड़ाए अबीर-गुलाल


होली मिलन समारोह में एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते हुए प्रधान संघ के पदाधिकारी।

मनिहारी। प्रधान संघ की ओर से मंगलवार को मधुबन गांव में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे इस दौरान अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामना दी। वहीं भोजपुरी गायक कलाकार नन्दलाल रवि ने फाग गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधान संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह अंशु ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं है बल्कि घरों एवं समाज में खुशियां बिखेरने वाला त्योहार है। प्रधान संघ के जिला संरक्षक डा.एम खालिद ने कहा कि होली का त्योहार लोगों के जीवन में रंग भरता है। लोगों के जीवन को रंगीन बनाने के कारण इसे आमतौर पर रंग महोत्सव कहा गया है। यह एक पारंपरिक और सांस्कृतिक त्योहार है जो प्राचीन समय से पुरानी पीढ़ियों द्वारा मनाया जाता रहा है।सही मायने में तो यही होली का मतलब है जो एक दूसरे के काम आए और दूसरे के जीवन में खुशियां लाए। पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है।सारी बुराईयों को दूर कर होली पर्व मनाया जाता है।आज समस्त ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य मनिहारी ब्लाक में भ्रष्टाचार रुपी फैली बुराई को मिटा कर आज सदभावना की होली मनाकर समाज में समरसता कायम करने का प्रयास कर रहे हैं।इस अवसर पर अशोक सिंह झब्बल,भूपेंद्र सिंह,रितेश कुमार, वीरेंद्र यादव, कर्मवीर सिंह सोनू, बुद्धराम यादव, ज्ञानेंद्र गुप्ता, बबलू गुप्ता, अरबिंद यादव, गुड्डू सिंह, काशी भारद्वाज, नन्हे यादव, बबलू चौहान, अखिलेश यादव, रिंकू सिदकी, काशी यादव, अवधेश कुमार, परमानंद सिंह, हृदय नारायण सिंह, आरिफ उर्फ रिंकू, सुनील दूबे, रियाज अहमद गुड्डू, आदि उपस्थित रहे अध्यक्षता अजय सिंह एवं संचालन जयप्रकाश यादव जेपी ने किया।

## ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के बैनर तले प्रदर्शन


कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते पीड़ित जमाकर्ता।

**नाराजगी**

### डीएम को पत्रक सौंपकर कार्रवाई की मांग

**गाजीपुर।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में महिलाओं और पुरुषों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और डीएम को पत्रक सौंपा। जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि जिले में भी सक्षम अधिकारी अपने कार्यालय में कोई काउंटर ठगी पीड़ित के आवेदन और भुगतान के लिए नहीं खोले हैं, जो शासनदेश का उल्लंघन है।

कहा कि प्रत्येक सक्षम अधिकारी अथवा सहायक सक्षम अधिकारी अपने अधिकारिता क्षेत्र के निवासियों से उनके भुगतान के लिए आवेदन लेकर उनका भुगतान कराए और ठग कंपनी और ठग सोसाइटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर न्यायालय में अभियोग पत्र दाखिल करें। सबसे दुख की बात तो यह है कि जिले के सक्षम अधिकारी अपने कार्यालय में पद- पट्टिका तक नहीं लगाए हैं। कहा कि 23 मार्च को शहीदी दिवस के अवसर पर दिल्ली के कर्तव्यपथ इंडिया गेट नेशनल वॉर मेमोरियल के समक्ष सत्याग्रह करेंगे। इस मौके पर मोती प्रजापति, श्यामबली, प्रेम कुमार, मंगलेश, जगरनाथ, कुशवाहा, मोहन, शशिकांत, सुनील, गोलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय को स्थानांतरित करने पर आक्रोश

**रोष**

### आयुर्वेदिक चिकित्सक वीरेंद्र कुमार की मिलीभगत का खेल


नंदगंज स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय।

**नंदगंज।** डेढ़ दशकों तक किराए के मकान में चलने वाले जिस राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय को मुख्य चिकित्साधिकारी ने विगत पाँच वर्षों से नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नंदगंज के परिसर में एक खाली पड़ी बिल्डिंग में संचालन की सहमति दे दी है। अब इस आयुर्वेदिक चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र कुमार अपने गांव के नजदीक बेलासी गांव में नारी पचदेवरा मोड़ पर स्थानान्तरित कराना चाहते हैं। इस बाबत पूछने पर उन्होंने बताया कि कई बार बरहपुर गांव के पूर्व ग्रामप्रधान अर्चना सिंह तथा वर्तमान ग्रामप्रधान विजय कुमार सिंह 'सब्लू' द्वारा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के भवन निर्माण हेतु गांवसमाज की भूमि आवंटित करने की बात कही। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिये जाने पर विवश होकर इसे अन्यत्र गांव में स्थानांतरित करने की बात मन में आई। इस कड़ी में बेलासी गांव के ग्रामप्रधान ने इस अस्पताल निर्माण के लिए भूमि आवंटित कर दिया है। अब शीघ्र ही न्यू पीएचसी नंदगंज परिसर में चलने वाले राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय को बेलासी गांव में स्थानांतरित करा दिया जाएगा। स्मरण रहें कि अभी तक क्षेत्र तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की जनता को एक ही परिसर में एलोपैथिक व आयुर्वेदिक चिकित्सा दोनों का लाभ मिलता था। अब इस राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय को अन्यंत्र चार किमी दूर बेलासी गांव में स्थानांतरण होने से क्षेत्र के लोगों को आयुर्वेदिक चिकित्सा हेतु अन्यत्र दूर भटकना पड़ेगा। जबकि इस परिसर में ही इतनी ज्यादा खाली जगह पड़ी है, जिसमें इस आयुर्वेदिक आस्पताल के भवन का निर्माण कराया जा सकता है। इसी प्रकार पूर्व में 1948 का बना नंदगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को उच्चीकृत करके सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का शासन से प्रस्ताव तथा धन आया था। लेकिन तत्कालीन विधायक स्व. अमेरिका राम ने गांव के समीप व तत्कालिक राजनीतिक लाभ लेने के लिये इसे वाराणसी गाजीपुर मुख्यमार्ग से तीन किमी सुदूर देवकली ग्रामीण क्षेत्र में बनवा दिया। जहाँ आज भी लोग मुख्यमार्ग से दूर होने के कारण वहाँ जाने में झिझकते है। अब इसी प्रकार राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल को बरहपुर-नंदगंज में अस्पताल निर्माण की जगह नहीं मिलने का बहाना बनाकर शायद ऐसा ही खेल खेला जा रहा है। स्थानीय लोगों ने आयुष राज्य मंत्री व स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेते हुए नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंदगंज में ही आयुर्वेदिक चिकित्सालय का संचालन जारी रखने की मांग की है।

# धनावंटन के बाद फिसड्डी कार्यदायी संस्थानों पर गिरेगी गाज


रायफल क्लब सभागार में बैठक लेती डीएम आर्यका अखौरी।

**गाजीपुर।** डीएम आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में मंगलवार को रायफल क्लब सभागार में निर्माण कार्य, क्रिटिकल गैप्स, 50 लाख से अधिकारी लागत एवं मुख्यमंत्री की घोषणा की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने उप्र पुलिस आवास निगम लिमिटेड निर्माण इकाई वाराणसी के अधि. अभियन्ता के अनुपस्थित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं से निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न करने वाले कार्यदायी संस्थाओं को फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

डीएम ने ऐसे कार्यदायी संस्थाओं की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जिनके द्वारा धनराशि आवंटन के बाद भी कार्य प्रारम्भ नही किया गया है या कार्य में ढिलाई बरती जा रही है। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापुर्ण कार्य कराने तथा अधूरे कार्य जो धनाभाव के कारण रूके है की जानकारी लेते हुए पत्राचार करने का निर्देश दिया। डीएम ने धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार निर्धारित समय के अन्दर पूरा करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यो में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग के अधिकारी उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगें। उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए पूर्ण कराने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से की जाती है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अर्थ एवं संख्याधिकारी, एडीएसटी ओ शैलेंद्र मिश्रा, एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### विकास खंड की कम प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

**गाजीपुर।** डीएम आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकास खण्ड की प्रगति समीक्षा बैठक राईफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में राज्य सरकार द्वारा जनपद के छः आकांक्षात्मक विकास खण्ड रेवतीपुर, सादात, देवकली, बाराचवर, विरनो, मरदह जिसका चयन प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खंड के रूप में किया है। कराएं जा रहे कार्यो की विस्तृत समीक्षा की तथा विकास खण्डों कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 17 विभागों के लक्षित इंडिकेटर्स पर शत-प्रतिशत कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आकाक्षात्मक विकास खण्डों में स्वास्थ्य, कुपोषण, जल संसाधन, शिक्षा, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, कृषि, आधारभूत अवसंरचना सहित कई ऐसे मानक हैं जिन पर व्यापक स्तर पर काम किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, कौशल विकास सहित विभिन्न पैरामीटर्स पर व्यापक कार्य कराते हुए प्रदेश में चयनित आकाक्षांत्मक विकास खण्डों में टॉप छः में स्थान बनाने की बात कही । उन्होंने समस्त अधिकारियों को शासन की नीति के अनुरूप आकाक्षात्कम विकास खण्डों में विकास कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। डीएम आर्यका अखौरी ने कहा कि आकांक्षात्मक ब्लॉक को लेकर मुख्यमंत्री बेहद गंभीर हैं और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। इसमें लापरवाही मिलने पर कार्यवाई तय है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### दर्जनों विभागों की कार्य प्रगति का लिया जायजा

डीएम ने जल निगम ग्रामीण/शहरी, सीएनडीएफ, आवास विकास परिषद, लोनिवि, आरईडी, यूपी सिडको, यूपी पीसीएल वाराणसी, आजमगढ, राजकीय निर्माण निगम आजमगढ, बलिया, वाराणसी, भदोही, राज्य निर्माण संघ वाराणसी, जल निगम वाराणसी, अभियन्त्रण एवं संघ सहकारी लि, देवकली पम्प कैनाल प्रथम, द्वितीय, सिंचाई निर्माण खण्ड एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की।

# खुशी डायग्नोस्टिक की गलत रिपोर्ट से दांव पर मरीजों की जिंदगी


जखनियां तहसील पर एसडीएम को पत्रक देते भाजपा कार्यकर्ता।

**जखनिया।** भाजपा जखनिया की टीम मंडल अध्यक्ष उमा शंकर यादव के नेतृत्व में जखनिया उपजिलाधिकारी आशीष श्रीवास्तव से मिला। संचालित खुशी डायग्नोस्टिक सेंटर के अनियमितता के खिलाफ पत्रक सौपा। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि जखनिया में संचालित खुशी डायनेस्टिक सेंटर के खिलाफ कई मरीज उनके यहां कराए गए जांच में त्रुटियां पाई गई। जिसकी शिकायत बार-बार मरीज पार्टी कार्यकर्ताओं से करते रहें। इसको संज्ञान में लेकर कार्यकर्ता खुशी डायग्नोस्टिक के खिलाफ जांच के लिए उप जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा गया। विगत कई मामलों में इनके जाँच में अनियमितता पाई गई है। किसी मरीज की दोनों किडनी होते हुए भी एक किडनी गायब कर दी गई, तो कई मरीजों को हर्निया है तो उनको किडनी में पथरी दिखा दी गई। इनके एक्सरे जांच में बिना फैक्चर के ही फैक्चर दिखा दिया गया, ऐसे कई मामले ब्लड सैंपल से लेकर अन्य मामले मरीजों द्वारा आए हैं। जो अन्य जगह जाँच कराने पर सही पाए गए हैं। उप जिलाधिकारी आशीष श्रीवास्तव ने कहा इस विभाग के संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी जाएगी और इस डायग्नोस्टिक सेंटर की जाँच संबंधित अधिकारियों द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, मंडल महामंत्री धर्म धर्मवीर राजभर, पीयूष सिंह, मंत्री ओम प्रकाश दुबे, नंद लाल प्रजापति, वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रदेव कुशवाहा, अरुण सिंह, राजेश गोड़, संतोष सिंह सहित भाजपा के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### जन कल्याणकारी योजनाएं पात्रों तक पहुंचाए : आर्यका

**गाजीपुर।** डीएम आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में (37 बिन्दु) मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सोमवार की देर सायं काल में रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने समस्त संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माह प्रगति के बारे में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्धारित समय सीमा में विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को पूरा करने के सख्त निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आम जन मानस को त्वरित गति से लाभ पहुंचाया जाये। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए।

# हाथी-घोड़े के साथ निकाला बुढ़वा मंगल पर जुलूस

**आयोजन**

### महावीरी झंडा लहराते हुए श्रद्धालुओं ने जमकर उड़ाया गुलाल

जनसंदेश न्यूज


दिलदारनगर में बुढ़वा मंगल पर जुलूस में शामिल श्रद्धालु।

**दिलदारनगर।** देव प्रबंध समिति दिलदारनगर की ओर से ऐतिहासिक बुढ़वा मंगल का जुलूस दिलदारनगर गांव स्थित हनुमान मंदिर से उमंग और उल्लास के साथ मंगलवार को निकाला गया। जुलूस में शामिल हाथी, घोड़े और ऊंट एक तरफ जहां जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। वहीं हनुमान जी की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। हर कोई अबीर-गुलाल उड़ाता चल रहा था।

दिलदारनगर गांव स्थित हनुमान मंदिर पर सुबह सात बजे से ही लोगों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। दस बजे तक बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। हवन-पूजन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद जुलूस रवाना हुआ। जुलूस में आगे हनुमान जी की सवारी के साथ लोग महावीरी झंडा लहराते हुए चल रहे थे। पीछे हाथी-घोड़ा और ऊंट चल रहे थे। जुलूस में शामिल युवा बैंडबाजे और डीजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। जुलूस जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया, वैसे-वैसे उसमें भीड़ में भी इजाफा होता रहा। दिलदारनगर गाव,बिंदपुरवा, थाना होते हुए पूरे बाजार का भ्रमण करते हुए नगर में प्रवेश किया तो नगर पंचायत चेयरमैन अविनाश जायसवाल के साथ अन्य लोगों ने जगह-जगह पर जुलूस का स्वागत किया। जुलूस जिस रास्ते से भी गुजर रहा था, उसे देखने के लिए लोग घर की छतों पर पहुंच जा रहे थे। जुलूस के बीच से गुजरने वाले लोगों पर जुलूस में शामिल युवा अबीर-गुलाल की बौछार करते रहे।

जुलूस के दौरान क्षेत्र की बिजली की कटौती कर दी गई थी। इस जुलूस में देव प्रबन्धक समिति अध्यक्ष श्री भिरूखी राम, ग्राम प्रधान सत्येन्द्र यादव उर्फ (गुदरी)पूर्वप्रधान आनन्द' मोहन उर्फ (झुम्मक) कोषाध्यक्ष गामा कुशवाहा प्रभु यादव, सहित, मेला मालिक सुरेश कुशवाहा, दीपक ओमप्रकाश , बंश नरायण, मन्टू यादव, आदि लोग रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी जमानिया, दिलदारनगर के थाना प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह, रेलवे सुरक्षा बल दिलदारनगर के प्रभारी बाल गंगाधर ,जीआरपी चौकी प्रभारी संतोष कुमार ओझा के साथ नगसर, सुहवल थाना पुलिस के साथ पीएसी के जवान भी साथ चल रहे थे।





















जनसंपादकीय

# चीन में भयंकर दुर्दशा मुस्लिमों की

आर.के. सिन्हा



बताया जा रहा है कि एक-दूसरे के धुर विरोधी रहे सऊदी अरब और ईरान ने अपनी सारी पुरानी अदावतों को भूलकर दोस्ती करने का फैसला किया है। इन दोनों देशों को करीबी लाने का श्रेय अब हैरानी की बात यह है कि चीन को दिया जा रहा है। दरअसल सऊदी अरब में एक शिया मौलवी को 2016 में फांसी की सजा दी गई थी और इसी मुद्दे पर 2016 में सऊदी अरब और ईरान के कूटनीतिक संबंध खत्म हो गए थे। तब से ये दोनों देश एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन गए थे। सऊदी अरब खुद को सरी दुनिया के सुन्नी मुसलमानों का रहनुमा मानता है और ईरान अपने को शिया मुसलमानों का। ऐसे में इन दोनों के कूटनीतिक रिश्ते बहाल करने के फैसले से सारी दुनिया कुछ हैरान तो अवश्य है। आप जानते हैं कि दोनों ही देश तेल उत्पादक देश हैं। दोनों ही देश अपने व्यवसायिक दिलचस्पी के वर्चस्व की लड़ाई लड़ते हैं। पर यहां एक जरूरी चिंता को नजरअंदाज किया जा रहा है। क्या सऊदी अरब तथा ईरान ने चीन से यह पूछने की हिमाकत करेंगे कि उनके देश चीन में मुसलमानों पर भीषण अत्याचार क्यों हो रहे हैं? वे कब थमेंगे? चीन ने अपने मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत में रहने वाले मुसलमानों को पूरी तरह से कसा हुआ है। उन्हें खान-पान के स्तर पर वह सब कुछ करना पड़ा रहा है, जो उनके इस्लाम धर्म में पूर्ण रूप से निषेध है। ये सब कुछ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के इशारों पर हो रहा है। पहले तो ये भी खबरें आ रही थीं कि चीन अपने देश के मुसलमानों क रमजान के दौरान रोजा रखने की भी अनुमति नहीं देता। इस सबके बावजूद ईरान, सऊदी अरब तथा इस्लामी दुनिया चीन में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों पर चुप है। याद नहीं आता कि इन्होंने चीन में मुसलमानों पर हो रही ज्यादतियों पर एक शब्द भी विरोध का दर्ज नहीं किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन के शिनजियांग प्रांत में बने शिविरों में दस लाख से अधिक चीनी मुसलमानों के साथ लगातार जुल्म हो रहे हैं। सब इसलिए हो रहा है ताकि चीनी मुसलमान इस्लाम को छोड़कर कम्युनिस्ट विचारधारा को अपना लें। वे इस्लाम से दूर हो जाएं। पर समूचा इस्लामी संसार चीन के इस अत्याचार पर चुप है। यही नहीं, इस्लामिक देशों के संगठन ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कांफ्रेंस (ओआईसी) की तरफ से भी चीन को ओआईसी के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में मेहमान शिरकत करने की दावत दी जाती है।

> **शिनजियांग में चीनी सरकार और यहां के वीगर मुसलमानों के लंबे समय से तनातानी चली आ रही है। वीगर मुसलमान भी भारत के कट्टर इस्लामपंथियों की तरह अपने को मध्य एशियाई देशों के करीब मानते हैं। ये सांस्कृतिक स्तर पर अपने को चीन के करीब नहीं मान पाते। शिनजियांग पर कम्युनिस्ट चीन ने 1949 में पूरी तरह से कब्जा जमा लिया था।**

ये निश्चय ही शोध का एक गंभीर विषय है कि चीनी दमन पर इस्लामिक संसार ने आंखों में पट्टी और कानों में रूई क्यों डाल रखी है? चीन अपनी इस सारी कवायद पर भारी-भरकम निवेश कर रहा है। वो मानता है कि ये शिवि? एक प्रकार से मानसिक अस्पताल ही हैं। इनमें वैचारिक रोग (आइडीअलाजिकल इलनेस) का इलाज होता है। चीन का मत है कि ये शारीरिक रोग जैसी ही स्थिति है। शिनजियांग को चीन का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा प्रांत माना जाता है। ये एक लाख 66 हजार वर्ग मील में फैला है। आप समझ सकते हैं कि यह कितना विशाल हैं। इसकी भी आबादी सवा दो करोड़ के आसपास है।

दरअसल शिनजियांग में चीनी सरकार और यहां के वीगर मुसलमानों के लंबे समय से तनातानी चली आ रही है। वीगर मुसलमान भी भारत के कट्टर इस्लामपंथियों की तरह अपने को मध्य एशियाई देशों के करीब मानते हैं। ये सांस्कृतिक स्तर पर अपने को चीन के करीब नहीं मान पाते। शिनजियांग पर कम्युनिस्ट चीन ने 1949 में पूरी तरह से कब्जा जमा लिया था। चीनी मुसलमानों की चीन सरकार से लगातार यह शिकायत रही है कि वे उनके बहुल वाले क्षेत्रों में चीनी मूल के नागरिकों, जिन्हें हान चाइनीज भी कहते हैं, को बसाने की चेष्टा कर रही है। जिसके चलते उनके समक्ष अपने ही क्षेत्र में अल्पसंख्यक होने का संकट पैदा हो गया है।

अब इसी मुद्दे पर पड़ोसी पाकिस्तानी की राय भी जान लीजिए। पाकिस्तान, फलीस्तीन से लेकर रोहिंग्या मुसलमानों के हक में बोलता है, पर वह चीनी के मुसलमानों के मामले में मौन हो जाता है। उसे लगता है कि चीन से पंगा लेना खतरे से खाली नहीं होगा। चीन का नाम सुनते ही पाकिस्तान के उदारवादी तथा कट्टरपंथी अपनी बिलों में छिप जाते हैं। पाकिस्तान में इमरान खान ने देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद कहा था कि उनका देश चीन के साथ मधुर संबंधों को बनाकर रखना चाहते हैं। उनकी पाकिस्तान तहरीके इंसाफ पार्टी (पीटीआई) ने एक बार अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर कहा, 'हम चीन के साथ अपने संबंधों को मजबूत करेंगे और उन्हें सुधारेंगे। हम चीन से गरीबी उन्मूलन सीखने के लिए अपने अधिकारियों की टीम भेजना चाहते हैं ताकि वे सीख सकें कि गरीबी को कैसे खत्म किया जा सकता है।' अफसोस कि इमरान खान और उनकी पार्टी चीन में मुसलमानों के ऊपर होने वाले जुल्मों-सितम पर चुप ही रहती है। कुछ वर्ष पहले चीन के दबाव में पाकिस्तान के तब के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी अपनी चीन यात्रा के दौरान बीजिंग या शिंघाई जैसे अहम शहरों में न जाकर सिर्फ मुस्लिम बहुल इलाकों में ही गए थे। उन्होंने वहां के मुस्लिम बहुल शिनजियांगप्रांत में ही स्थानीय मुसलमानों के साथईद भी मनाई। दरअसल वो चीन के दबाव के कारण ही मुस्लिम कट्टरवाद से प्रभावित शिनजियांग प्रांत गए थे। अब पाकिस्तान में मिली जुली सरकार है और उसके विदेश मंत्री जरदारी के पुत्र बिलावल भुट्टो हैं। उनके मुंह में भी चीन का जिक्र आते ही दही जम जाता है। चीन यह भी कहता रहा है कि उनके यहां चरमपंथी मुसलमानों को पाकिस्तान के आतंकी प्रशिक्षण शिविरों में ही ट्रेनिंग मिलती रही है। चीन का आरोप है कि शिनजियांग प्रांत में पाकिस्तान में प्रशिक्षित ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट (ईटीआईएम) के आतंकवादी हिंसाके लिए जिम्मेदार रहे हैं।

बहरहाल, भारत के सऊदी अरब और ईरान से घनिष्ठ संबंध हैं। भारत इन दोनों देशों से खासतौर पर कच्चा तेल आयात करता है। चीन से जटिल सीमा विवाद होने के बावजूद भारत का उससे भी व्यापारिक संबंध मजबूत हो रहा है। भारत-चीन आपसी व्यापार तेजी से बढ़ता ही जा रहा है। भारत की तो चाहत रही है संसार में तमाम देश मिल-जुलकर ही रहें। इसलिए भारत तो ईरान और सऊदी अरब के बीच संबंधों की ई इबारत लिखे जाने से प्रसन्न ही होगा। हां, पर यह सवाल तो अपनी जगह खड़ा है कि ईरान-सऊदी अरब क्यों नहीं चीन से उसके देश में मुसलमानों पर हो रहे अन्याय के खिलाफ विरोध दर्ज करते?

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# यह मनुस्मृति की वापसी तो नहीं

समय-संदर्भ

सुभाष गाताडे



समय की निहाई अक्सर बेहद निर्मम मालूम पड़ती है। कब विश्व की क्लासिकीय रचनाएं - जिन्होंने बिखेरे ज्ञान के मोतियों पर अक्सर बात होती रहती है - कभी कभी जबरदस्त विवाद का भी सबब बन सकती है, यह नहीं कहा जा सकता या कब कल के अग्रणी विचारक, क्रांतिकारी - जिन्होंने युग को प्रभावित किया - वह कुछ मामलों में कब अपने समय की सीमाओं में ही कैद नजर आ जाएंगे, इसकी भी भविष्यवाणी नहीं की जा सकती।

वरना ऐसे कहां संभव था कि दुनिया के महानतम नाटककारों में शुमार शेक्सपीयर, जो आज भी विश्व भर में सराहे जाते हैं और लोग उनके कलाम से ताकत हासिल करते हैं, वह भी अपने कथित यहूदीविरोध के लिए आलोचना का शिकार बन जाते, ? जब उनके बहुचर्चित नाटक मर्चंट आफ वेनिस के 'खलनायक' शायलॉक के चित्राण को लेकर आक्षेप खड़े किए जाते , या फ्रांसिसी क्रांति /1789/ के सबसे प्रभावशाली राजनीतिक समूह के तौर पर जाने वाले जैकोबिन, स्त्रियों के प्रति उनके संकीर्ण नजरिये के रेखांकित किए जाते या गौतम बुद्ध, जिन्होंने अपने राजपाट को त्याग दिया और जो सत्य की तलाश में निकल पड़े, उन्हें भी महिलाओं को लेकर उनके उदगारों या रूख के लिए आज भी आलोचना झेलनी पड़ती। पिछले दिनों ऐसा की प्रसंग हिन्दोस्तां में तारी हुआ जब तुलसी दास द्वारा रचित रामचरितमानस - जिसमें स्त्रियों और उत्पीड़ित जातियों के कथित तौर पर अपमानजनक चित्रण को लेकर बहस चल पड़ी ; एक खेमा जहां इस बात को सिरे से खारिज कर रहा था, वहीं दूसरा खेमा उन सबूतों को एक के बाद पेश कर रहा था कि उसकी बात किस तरह सही है । अभी बहस जारी ही थी और यह मसला बहसतलब था कि ऐसी रचनाओं को आधुनिक युग की संवेदनाओं के मद्देनजर किस तरह देखा जाए। क्या ऐसी रचनाओं का संपादन किया जाए या उन्हें बिल्कुल त्याग दिया जाए, उस पृष्ठभूमि में देश के अग्रणी केन्द्रीय विश्वविद्यालय में शुमार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का धर्मशास्त्र मीमांसा विभाग ऐसा प्रस्ताव लेकर सामने आया है जिससे यह विवाद थमने के बजाय और बढ़ने के ही आसार लग रहे हैं।

प्रस्ताव था उस किताब की उपयोगिता / प्रयोज्यता को लेकर अनुसंधान करने का, जो मध्यकाल के पहले से रचित बतायी जाती है और जो विगत एक सदी से अधिक समय से लगातार विवादों के केन्द्र में रही है, यह किताब किस तरह 'दलितों एवं स्त्रियों को अपमानित ढंग से पेश करती है,' उसे रेखांकित करते हुए आंदोलन भी चले हैं।

'भारतीय समाज में मनुस्मृति की प्रयोज्यता', इस विषय पर अनुसंधान की योजना का यह प्रस्ताव, इस शिक्षासंस्थान के धर्मशास्त्र मीमांसा विभाग से पेश हुआ है- जहां पहले से ही प्राचीन भारतीय ग्रंथों के अध्ययन के तहत मनुस्मृति की पढ़ाई होती है। इस संबंध में जारी अधिसूचना के मुताबिक इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा इन्स्टीट्यूशन आफ ऐमिनन्स स्कीम के तहत प्रदत्त फंड का इस्तेमाल किया जाएगा। इस योजना के तहत देश के दस अग्रणी सार्वजनिक संस्थानों को एक हजार करोड़ रूपए तक की राशि रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए दी जाने वाली है।

यह प्रस्ताव दो वजहों से सर्वथा अनुचित दिख रहा हैः एक ,ऐसे वक्त.में जब तमाम सार्वजनिक विश्वविद्यालय के फंड में कटौती हो रही है और उन्हें अपने जरूरी खर्चे भी पूरे करने में जबरदस्त दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, उस समय ऐसे वायवीय मसले पर फंड दिए जा रहे हैं, जिस पर पहले भी काफी अध्ययन हो चुके हैं। दूसरे,याद किया जा सकता है कि लगभग एक सदी पहले डा अम्बेडकर की अगुआई में आधुनिक समय में हुए पहले दलित विद्रोह में मनुस्मृति का बाकायदा एक सार्वजनिक समारोह में दहन किया गया था, जब डा अम्बेडकर ने उसे 'प्रतिक्रांति का सुसमाचार' घोषित किया था, तत्कालीन मुंबई प्रांत के महाड में संपन्न इस सत्याग्रह में सूबे के विभिन्न भागों से वहां पहुंचे हजारों दलितो और अन्य न्यायप्रेमियों ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर हुए सम्मेलन में इस सम्बन्ध में जिस प्रस्ताव को पढ़ा गया वह ध्यान देने योग्य है, जिसे गंगाधर सहस्त्रबुद्धे नामक सामाजिक कार्यकर्ता ने पढ़ा था, इसमें कहा गया थाः

'..इस सम्मेलन का यह स्पष्ट मत है कि मनुस्मृति, अगर हम उन श्लोकों पर गौर करें जिसमें शूद्र जातियों को अपमानित किया गया है, उसने उनकी प्रगति को बाधित किया है, उनकी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक गुलामी को स्थायी बनाया है.... वह किसी भी रूप में धार्मिक या पवित्र किताब कहलाने लायक नहीं है। और इसी बात को जुबां देने के लिए, यह सम्मेलन ऐसी धार्मिक किताब का अंतिम संस्कार कर रहा है जिसने लोगों को विभाजित किया है और जिसने मानवता को नष्ट किया है।'

इस सत्याग्रह के 23 साल बाद जब भारत के संविधान को देश की जनता को सौंपा जा रहा था, तब संविधान की मसविदा समिति के प्रमुख डा अम्बेडकर ने ऐलान किया था कि इसे अपनाने के साथ 'मनु का शासन समाप्त हो गया है।'

अभी पिछले साल की बात है जब दिल्ली उच्च अदालत की न्यायाधीश सुश्री प्रतिभा सिंह ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मनुस्मृति की तारीफ करके विवाद को जन्म दिया था। 'जातिवाद और वर्गवाद'' को बढ़ावा देने के लिए उनकी तीखी आलोचना हुई थी, दरअसल फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि मनुस्मृति 'महिलाओं को सम्मानजनक दर्जा देती है'।'

यह सोचना मासूमियत की पराकाष्ठा होगी कि वाराणसी की इस अग्रणी यूनिवर्सिटी - जिसकी स्थापना आजादी के आंदोलन के दौरान हुई थी - से जुड़े अकादमिक मनुस्मृति की अंतर्वस्तु या उससे जुड़े असंख्य विवाद आदि को लेकर परिचित नहीं होंगे, वह इस बात को लेकर स्मृतिलोप का शिकार हो गए होंगे कि संविधान मसविदा समिति के अध्यक्ष डा अम्बेडकर ने इस किताब का सार्वजनिक दहन क्यों किया था या क्या कहा था ? और 21 वीं सदी की तीसरी दहाई में जबकि दुनिया भर में शोषित उत्पीड़ितों में एक नयी रेडिकल चेतना का संचार हुआ है, जबकि ब्लैक लाइवस मैटर जैसे आंदोलनों ने विकसित मुल्कों के सामाजिक ताने बाने में एक नयी सरगर्मी पैदा की है, उस वक्त.अतीत के स्याह दौर की याद दिलाती इस किताब की प्रयोज्यता अर्थात एप्लीकेबिलिटी की बात करना , दुनिया में भारत की क्या छवि बनाएगा ?

निस्संदेह, मनुस्मृति की प्रयोज्यता की खोज का यह प्रयास एक तरह से न केवल भारत में सामाजिक समानता एव उत्पीड़न विरोध के लिए जारी तमाम आंदोलनों को एक तरह से अवैध साबित करता है, उनको निरर्थक साबित करता है तथा साथ ही मनुस्मृति को नए सिरेसे सैनिटाइज्ड/ साफसुथराकृत ढंग से पेश करने की कवायद को नयी वैधता प्रदान करता है।

निश्चित यह पूरी योजना संघ परिवार के, हिंदुत्व वर्चस्ववाद के व्यापक चिंतन से मेल खाती है, आजादी के बाद जब संविधान का मसविदा बन रहा था तब इन्ही ताकतों ने हर कदम पर उसका विरोध किया था, गोलवलकर और सावरकर - जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिन्दू महासभा के शीर्षस्थ नेतृत्व में थे - उनके वक्तव्य इस बात की बार बार ताईद करते हैं

व्यक्तिगत पसंदगी/नापसंदगी की बात अलग आखिर मनुस्मृति के प्रति समूचे हिन्दुत्व ब्रिगेड में इस किस्म का सम्मोहन क्यों दिखता है ? समझा जा सकता है कि मनुस्मृति का महिमामंडन जो 'परिवार' के दायरों में निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है उससे दोहरा मकसद पूरा होता हैः वह मनुस्मृति को उन तमाम 'दोषारोपणों से मुक्त' कर देती है जिसके चलते वह रेडिकल दलितों से लेकर तर्कशीलों के निशाने पर हमेशा रहती आयी है। दूसरे, इससे संघ परिवारी जमातों की एक दूसरी चालाकी भरे कदम के लिए जमीन तैयार होती है जिसके तहत वह दलितों के 'असली दुश्मनों को चिन्हित करते हैं ''और इस कवायद में 'मुसलमानों' को निशाने पर लेते हैं। वह यही कहते फिरते हैं कि मुसलमान शासकों के आने के पहले जाति प्रथा का अस्तित्व नहीं था और उनका जिन्होंने जम कर विरोध किया, उनका इन शासकों द्वारा जबरदस्ती धर्मांतरण किया गया और जो लोग धर्मांतरण के लिए तैयार नहीं थे, उन्हें उन्होंने गंदे कामों में धकेल दिया।

आज ऐसे आलेख, पुस्तिकाएं यहां तक किताबें भी मिलती हैं जो मनुस्मृति के महिमामंडन के काम में मुब्तिला दिखती हैं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार और सोशल ऐक्टिविस्ट हैं)**

# डॉ. वेदप्रताप वैदिक की कमी खलेगी

स्मरण

ललित गर्ग



पत्रकारिता के एक महा- पुरोधा पुरुष, मजबूत कलम एवं निर्भीक वैचारिक क्रांति के सूत्रधार, उत्कृष्ट राष्ट्रवादी, हिन्दीसेवी, 'भाषा' के मुख्य सम्पादक, नवभारत टाइम्स के सम्पादक, डॉ. वेदप्रताप वैदिक अब हमारे बीच नहीं रहे। मंगलवार सुबह उनका निधन 78 वर्ष की उम्र में बाथरूम में गिरने की वजह से हो गया। एक संभावनाओं भरा हिन्दी पत्रकारिता का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल पत्रकारिता एवं हिन्दी के लिये बल्कि भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। वैदिक का जीवन सफर आदर्शों एवं मूल्यों की पत्रकारिता की ऊंची मीनार है। उनका निधन एक युग की समाप्ति है। वे चित्रता में मित्रता के प्रतीक थे तो गहन मानवीय चेतना के चितेरे जुझारु, निडर, साहसिक एवं प्रखर व्यक्तित्व थे। वे एक ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व थे, जिन्हें पत्रकारिता एवं हिन्दी का यशस्वी योद्धा माना जाता है। उनके परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री हैं। उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो गया था।

डॉ. वैदिक ने पत्रकारिता, राजनीतिक चिंतन, अंतरराष्ट्रीय राजनीति, और हिंदी के क्षेत्र में लंबे समय तक काम किया। डॉ. वैदिक का जन्म 30 दिसंबर 1944 को इंदौर में हुआ था। अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार होने के साथ ही उनकी रुसी, फारसी, जर्मन और संस्कृत भाषा पर पकड़ रही। डॉ. वैदिक ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज' से अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। वे भारत के ऐसे पहले विद्वान थे, जिन्होंने अपना अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शोध-ग्रंथ हिंदी में लिखा। उन्होंने अपनी पीएचडी के शोधकार्य के दौरान न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी, मॉस्को के 'इंस्तीतूते नरोदोव आजी', लंदन के 'स्कूल ऑफ ओरियंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज' और अफगानिस्तान के काबुल विश्वविद्यालय में अध्ययन और शोध किया। मेरा सौभाग्य रहा कि अणुव्रत लेखक मंच का राष्ट्रीय संयोजक होने के दौरान उन्हें अणुव्रत लेखक पुरस्कार के लिये चुना गया और महा- आचार्य श्री महाश्रमण के सान्निध्य में 17 एवं 18 अक्टूबर, 2021 को भीलवाड़ा (राजस्थान) में उन्हें प्रदत्त किया गया। दो दिन तक उनके साथ रहने एवं वहां से राजसमंद में अणुव्रत विश्व भारती के अणुव्रत निलयम जाने एवं अवलोकन करने का अवसर मिला। रतलाम ( मध्यप्रदेश ) के राजनेता एवं पत्रकार चैतन्य कश्यप के दिल्ली केन्द्र हेली रोड पर मुझे कुछ समय कार्य करने का अवसर मिला, जहां प्रायः हर दिन डॉ. वैदिक से मुलाकात एवं चर्चा का अवसर मिलता रहा। मेरी शादी में 1988 में उन्होंने भाषा के सम्पादक रहते हुए मुझे शुभकामना सन्देश भेजते हुए शादी के बाद दिल्ली आने का निमंत्रण दिया। यूं तो दिल्ली के विभिन्न कार्यक्रमों में उनसे मुलाकातें होती रहती थी। मेरे पिता पत्रकार एवं साहित्यकार स्व. रामस्वरूपजी गर्ग के वे अभिन्न मित्र थे।

डॉ. वैदिक एक ऐसे जीवन की दास्तान है जिन्होंने अपने जीवन को बिन्दु से सिन्धु बनाया है। उनके जीवन की दास्तान को पढ़ते हुए जीवन के बारे में एक नई सोच पैदा होती है। जीवन सभी जीते हैं पर सार्थक जीवन जीने की कला बहुत कम व्यक्ति जान पाते हैं। डॉ. वैदिक के जीवन कथानक की प्रस्तुति को देखते हुए सुखद आश्चर्य होता है एवं प्रेरणा मिलती है कि किस तरह से दूषित राजनीतिक-सामाजिक परिवेश एवं आधुनिक युग के संकुचित दृष्टिकोण वाले समाज में जमीन से जुड़कर आदर्श जीवन जिया जा सकता है, आदर्श स्थापित किया जा सकता है। और उन आदर्शों के माध्यम से देश की पत्रकारिता, पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और वैयक्तिक जीवन की अनेक सार्थक दिशाएँ उद्घाटित की जा सकती हैं। उन्होंने व्यापक संदर्भों में जीवन के सार्थक आयामों को प्रकट किया है, वे आदर्श जीवन का एक अनुकरणीय उदाहरण हैं, मूल्यों पर आधारित पत्रकारिता, समाजसेवा एवं राजनीति को समर्पित एक लोककर्मी का जीवनवृत्त है। उनके जीवन से कुछ नया करने, कुछ मौलिक सोचने, पत्रकारिता एवं सामाजिक को मूल्य प्रेरित बनाने, सेवा का संसार रचने, सद्प्रवृत्तियों को जागृत करने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

डॉ. वैदिक की गणना उन राष्ट्रीय अग्रदूतों में होती है, जिन्होंने हिंदी को मौलिक चिंतन की भाषा बनाया, हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने और भारतीय भाषाओं को उनका उचित स्थान दिलवाने के लिए सतत संघर्ष और त्याग किया। महर्षि दयानंद, महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया की महान परंपरा को आगे बढ़ानेवाले योद्धाओं में वैदिकजी का नाम अग्रणी है। पिछले 60 वर्षों में हजारों लेख और भाषण उन्हें लिखे। वे लगभग 10 वर्षों तक पीटीआई भाषा (हिन्दी समाचार समिति) के संस्थापक-संपादक और उसके पहले नवभारत टाइम्स के संपादक (विचारक) रहे थे। फिलहाल राष्ट्रीय समाचार पत्रों तथा प्रदेशों और विदेशों के लगभग 200 समाचार पत्रों में भारतीय राजनीति और अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर डॉ. वैदिक के लेख हर दिन प्रकाशित होते रहते थे। वे साल 2014 में खूंखार आतंकी हाफिज सईद से साक्षात्कार से काफी चर्चा में रहे। मुंबई हमलों के सरगना और लश्करे तैय्यबा के आतंकवादी हाफिज सईद से लिये गये इस इंटरव्यू के बाद पूरे देश में काफी हंगामा हुआ और दो सांसदों ने उन्हें गिरफ्तार करके उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की थी।

डॉ. वैदिक ने करीब चार साल तक दिल्ली में राजनीति शास्त्र का अध्यापन भी किया। उनकी रुचि दर्शनशास्त्र और राजनीतिशास्त्र में भी थी। राजेन्द्र माथुर, प्रभाष जोशी की पीढ़ी के आखिरी सशक्त हस्ताक्षर रहे वैदिक ने अफगानिस्तान पर एक शोध किया था और 50 से अधिक देशों की यात्रा की थी। वैदिकजी ने अपनी पहली जेल-यात्रा सिर्फ 13 वर्ष की आयु में की थी। हिंदी सत्याग्रही के तौर पर वे 1957 में पटियाला जेल में रहे। बाद में छात्र नेता और भाषाई आंदोलनकारी के तौर पर कई जेल यात्राएं की। भारत में चलनेवाले अनेक प्रचंड जन-आंदोलनों के वे सूत्रधार थे। डॉ. वैदिक को मीडिया और भाषा के क्षेत्र में काम करने के लिए कई सम्मान दिए गए। उन्हें विश्व हिन्दी सम्मान (2003), महात्मा गांधी सम्मान (2008), दिनकर शिखर सम्मान, पुरुषोत्तम टंडन स्वर्ण-पदक, गोविंद वल्लभ पंत पुरस्कार, हिन्दी अकादमी सम्मान, लोहिया सम्मान, काबुल विश्वविद्यालय पुरस्कार, मीडिया इंडिया सम्मान, लाला लाजपतराय सम्मान, अणुव्रत लेखक पुरस्कार (2021) आदि दिए गए। वे कई न्यासों, संस्थाओं और संगठनों में सक्रिय थे। वैदिक वर्तमान में भारतीय भाषा सम्मेलन और भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष थे। आपने अनेक लिखी जिनमें प्रमुख हैं 'अफगानिस्तान में सोवियत-अमेरिकी प्रतिस्पर्धा', 'अंग्रेजी हटाओ, क्यों और कैसे?', 'हिन्दी पत्रकारिता-विविध आयाम', 'भारतीय विदेश नीतिः नए दिशा संकेत', 'एथनिक क्राइसिस इन श्रीलंका, इंडियाज ऑप्शन्स', 'हिन्दी का संपूर्ण समाचार-पत्र कैसा हो?', 'वर्तमान भारत', 'अफगानिस्तान, कल, आज और कल', 'महाशक्ति भारत', 'भाजपा, हिंदुत्व और मुसलमान', 'कुछ मित्र और कुछ महापुरुष,' 'मेरे सपनों का हिंदी विश्वविद्यालय' 'हिंदी कैसे बने विश्वभाषा', 'स्वभाषा लाओ अंग्रेजी हटाओ' आदि है।



डॉ. वैदिक को निर्भीक विचारों, स्वतंत्र लेखनी और बेबाक सम्पादकीय टिप्पणियों के लिये जाना जाता है। उनको पढ़ने वाले लोगों की संख्या करोड़ों में है और अपने निर्भीक लेखन से वे काफी लोगों के चहेते थे। उन्होंने पत्रकारिता में उच्चतम मानक स्थापित किये। वे न केवल अपने कॉलम के जरिये राष्ट्र की ज्वलंत समस्याओं को सशक्त तरीके से प्रस्तुति देते रहे बल्कि गरीबों, अभावग्रस्तों, पीड़ितों और मजलूमों की आवाज बनते रहे और उनकी बेखौफ कलम के सामने सत्ताएं हिल जाती थीं। अपनी कलम के जरिये उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कलम जब भी चली उन्होंने लाखों लोगों की समस्याओं को सरकारों और प्रशासन के सामने रखा और भारतीय लोकतंत्र में लोगों की आस्था को और मजबूत बनाने में योगदान दिया। उन्होंने आमजन के बीच, हर जगह अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया।


लाखों-लाखों की भीड़ में कोई-कोई डॉ. वैदिक जैसा विलक्षण एवं प्रतिभाशाली व्यक्ति जीवन-विकास की प्रयोगशाला में विभिन्न प्रशिक्षणों-परीक्षणों से गुजर कर महानता का वरण करता है, विकास के उच्च शिखरों पर आरूढ़ होता है और अपनी मौलिक सोच, कर्मठता, कलम, जिजीविषा, पुरुषार्थ एवं राष्ट्र-भावना से समाज एवं राष्ट्र को अभिप्रेरित करता है। उनके जीवन से जुड़ी विधायक धारणा और यथार्थपरक सोच ऐसे शक्तिशाली हथियार थे जिसका वार कभी खाली नहीं गया। वे जितने उच्च नैतिक-चारित्रिक पत्रकार थे, उससे अधिक मानवीय एवं सामाजिक थे। डॉ. वैदिक को एक सुलझा हुआ और कद्दावर जनसेवक एवं पत्रकार माना जाता रहा है। उनका निधन एक आदर्श एवं बेबाक सोच की पत्रकारिता का अंत है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 9811051133)**

# होली पर सर्जिकल स्ट्राइक्स

व्यंग्य

अरविंद तिवारी



होली पर जिसने भी मुझे ठंडाई में भंग मिलाकर दी थी,उसके पीछे ईडी पड़ जाए,यह मेरी हार्दिक कामना है।होली बीतने के बाद आज मैं अपने मन की बात कर रहा हूं।मुझे मन की बात करने के लिए आखिरी सप्ताह का इंतजार नहीं करना है।होली गए पांच दिन बीत गए हैं,पर भंग का नशा अभी तक उसी तरह चढ़ा हुआ है,जैसे इक्यावन सौ का लोकल पुरस्कार पाने वाला बंदा कई वर्ष तक उस पुरस्कार के नशे में झूमता रहता है।तो, इस होली पर मेरे साथ पहली सर्जिकल स्ट्राइक यह भंग वाला प्रकरण ही है।बंदे ने ऐसी जगह सर्जिकल स्ट्राइक की कि मैं सही सही सोच भी नहीं पा रहा हूं।हमने हाल के वर्षों में पाकिस्तान पर एक जोरदार सर्जिकल स्ट्राइक की थी।आप कल्पना करो,यदि उसी वक्त चीन,रूस के साथ अफगानिस्तान भी पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक कर देते,तो उसका हाल क्या होता!एक साथ कई सर्जिकल स्ट्राइकस कोई भी देश नहीं झेल पाता।होली पर मैंने कैसे इतनी सर्जिकल स्ट्राइकस झेली हैं,मेरा जीव ही जानता है!

होली पर मेरे ऊपर दूसरी सर्जिकल स्ट्राइक तब हुई जब एक स्थानीय राजनेता ने होली की स्मारिका में उसको दी गई उपाधि के लिए मुझे धमकाया।उसने मुझे देख लेने की धमकी दी है।दरअसल हर साल हमारे शहर में छपने वाली होली की स्मारिका में टाइटल देने का काम मुझे सौंपा जाता है।इस बार मैंने नेताजी को२घोटालों का विश्व रिकार्ड२ नामक उपाधि दे दी।मित्रों ने बताया,जो जैसा है वैसी उपाधि नहीं देनी चाहिए।बंदा बुरा मान जाता है।नदी में रहकर मछलियों से तो वैर मोल लिया जा सकता है,मगर २मगर२ से लेना खुद ही अपने ऊपर सर्जिकल स्ट्राइक का आमंत्रण है!

होली पर ही एक अन्य सर्जिकल स्ट्राइक से पता चला मुझे फैंटेसी की समझ है ही नहीं है।व्यंग्य के विराट कोहली ने होली पर,फिर सम्मानों वाला शतक लगा दिया।यह हमारे लिए गौरव की बात है।हमने उनकी सभी किताबें पढ़ीं हैं।अच्छी हैं,सभी।जिसकी पठनीयता पर कुछ लोगों ने प्रश्न चिन्ह लगाया(जिनमें मैं भी शामिल हूं),उसे प्रतिष्ठित सम्मान मिल जाना साबित करता है,वे लोग गलत थे।उन सब को दुबारा फैंटेसी सीखनी होगी।यह सर्जिकल स्ट्राइक नहीं तो क्या है?

होली के बाद हुए कवि सम्मेलन में उस समय मुझे सर्जिकल स्ट्राइक झेलनी पड़ी,जब एक श्रृंगार रस की सुंदर कवयित्री के बाद मुझे कविता पढ़ने के लिए खड़ा कर दिया गया।माइक ने भी मेरे खिलाफ एक सर्जिकल स्ट्राइक कर दी थी।इको बढ़ा हुआ था और वॉल्यूम बेहद कमजोर।राहत इतनी थी कि श्रोताओं ने मेरे खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक नहीं की।पारिश्रमिक की सर्जिकल स्ट्राइक अलग से झेलनी पड़ी।इधर होली पर ही मैंने पुस्तक मेले से लाई गई एक युवा रचनाकार की नई किताब को पढ़ना शुरू किया।इस किताब ने नए तरह की सर्जिकल स्ट्राइक कर दी।मैं इस लेखक की दो किताबें पहले पढ़ चुका था।इस तीसरी किताब ने यह भ्रम तोड़ दिया कि वह हमेशा अच्छा लिखता है।मैं पुस्तक पूरी करने तक इस सर्जिकल स्ट्राइक को जानबूझकर झेलता रहा।

होली पर अचानक डायबिटीज का बढ़ जाना उसी तरह की घटना है,जैसे उस गाड़ी का केंसिल हो जाना, जिससे आप यात्रा करने वाले थे।मैं परिजनों को चटखारे लेकर पकवान खाते उसी तरह देखता रहा,जैसे लेखन वेखन के चक्कर से दूर रहने वाले,मंच के कवियों को पैसा कमाते देखता हूं।पैरोडी वाले तक,एक लाख ले रहे हैं।ये कवि,मंच पर मेरे साथ ही चढ़े थे।डायबिटीज यदि होली पर बढ़े तो वह भी जबरदस्त सर्जिकल स्ट्राइक मानी जाएगी।


बहरहाल इतने तरह की सर्जिकल स्ट्राइकस,मैं इसलिए भी झेल पाया, क्योंकि धोखे से खिलाई गई भंग का नशा इस व्यंग्य के लिखे जाने तक तारी रहा।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

# नाक का सवाल है

व्यंग्य

तीरथ सिंह खरबंदा



नेता जी भाषण देते-देते अचानक अपना हाथ अपनी नाक पर ले जाते । जब वे यह पुष्टि कर संतुष्ट हो जाते कि वह अभी भी अपनी जगह मौजूद है, तब वे एकदम जोश में आ जाते ।

नेता जी ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा - हमें यह चुनाव हर कीमत पर जीतना है । यह हमारे लिए नाक का सवाल है । यदि हम यह चुनाव हार गए तो समझो कि हमारी नाक तो कट गई । अतः आप सभी लोगों पर यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि आप सब मिलकर इस सवाल का हल निकालें । यह मेरे अकेले की नाक का सवाल नहीं बल्कि हम सब की नाक का सामूहिक सवाल है ।

कुछ लोग बात-बात में नाक का सवाल खड़ा कर देते हैं तो कुछ लोग मौका देखकर यह प्रश्न उठाते हैं । उनके लिए नाक का सवाल पूरे सौ नंबर का होता है, जिसे वे आसानी से कभी हल नहीं कर पाते हैं । हालांकि कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो नाक की कोई खास परवाह नहीं करते हैं । उनका मानना रहता है कि आपकी नाक जैसी है वैसी ही ठीक है । छुटभैये नेता टाइप के लोग नाक कटने की कभी चिंता नहीं करते हैं ।

कई लोगों को हरपल अपनी नाक कटने की आशंका रहती है । इसीलिए वे उसकी सतत पहरेदारी करते नहीं थकते हैं । वे स्वयं अपने हाथों रह-रहकर इस बात का सत्यापन करते रहते हैं कि उनकी नाक अपनी जगह मौजूद है । वे आशंकित रहते हैं कि कहीं उनके किसी विरोधी ने हाथ की सफाई तो नहीं दिखा दी । नाक के बारे में चिंतक नेताओं का मत है कि आप चाहे जितना गिर जाएँ किन्तु गिरते समय भी आपकी नाक हमेशा ऊँची रहना चाहिए ।

व्यक्ति के चेहरे के ठीक केंद्र में स्थित होने के कारण यह नाक सदैव विशेष आकर्षण और चर्चा का विषय रही है । वैसे नाक के सौंदर्य के विषय में अभी तक उतना नहीं लिखा गया जितना कि अधरों, आँखों या बालों के बारे में लिखा गया है ।

हमारे यहाँ कर्ज लेकर भी लोग अपनी नाक की रक्षा करने में पीछे नहीं रहते हैं । शादी ब्याह के अवसर पर कई बार नाक का प्रश्न खड़ा हो जाता है । अपनी नाक बचाने के लिए व्यक्ति कुछ भी करने को तत्पर रहते हैं ।

नाक और नाक का विषय दोनों बहुत संवेदनशील माने गए हैं । इसीलिए कहते हैं कि नाक से ज्यादा छेड़छाड़ करना ठीक नहीं है । फिर भी कुछ लोग हाथ धोकर स्वयं अपनी नाक के पीछे पड़ जाते हैं । उनका हाथ है कि अपनी नाक से हटता ही नहीं है । कुछ ऐसे हैं जो थोड़े-थोड़े अंतराल पर उसे सहलाते हुए नहीं थकते हैं । ऐसे लोगों को शायद अपनी नाक पर बहुत गर्व होता है ।

कुछ लोगों की नाक प्राकृतिक रूप से हमेशा ऐसी फूली रहती है जैसे क्रोध की वायु से भर गई हो । कुछ हैं जिनकी नाक मारे अहंकार के भी फूल जाती है । फूली हुई नाक को एवं नाक फुलाने को लोग अच्छा नहीं मानते हैं । कुछ लोग होते हैं जिनमें खुद में तो कोई खास दम नहीं होता किन्तु वे दूसरों की नाक में हमेशा दम किए रहते हैं ।

कुछ लोग अपनी नाक पर मक्खी तक नहीं बैठने देते हैं । वे हमेशा इस तरह चौकन्ने रहते हैं जैसे उन्हें मालूम हो कि मक्खी उन्हीं की नाक पर बैठने वाली है । शायद वे मक्खी की पसंद के बारे में बेहतर जानते होंगे ।

कुछ लोगों को लगता है कि उनकी नाक कुछ ज्यादा ही बड़ी है, ऐसे लोग जीवन भर दूसरों के सामने अपनी नाक रगड़कर उसे सही आकार देने के प्रयत्न में लगे रहते हैं ।

कुछ लोग अपनी नाक कहीं भी घुसा देते हैं तो कुछ ऐसे भी होते हैं जो जीवन भर नाक की सीध में चलते हुए गुजार देते हैं । समझदार लोग कभी भूलकर भी नाक के सवाल के चक्कर में नहीं उलझते हैं।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# बिजली कर्मचारियों ने निकाला मशाल जुलूस

**रोष**

**आज करेंगे कार्य बहिष्कार कल से हड़ताल**


मशाल जुलूस निकालते विद्युत कर्मचारी।

**आजमगढ़।** बिजलीकर्मियों ने ऊर्जामंत्री के साथ हुए समझौते को लागू करने हेतु जनपद में मशाल जुलूस निकाला। यह मशाल जुलूस हाइडिल से प्रारम्भ होकर कलेक्ट्रेट होते हुए पुनः हाइडिल पहुचकर समाप्त हुआ। विद्युत कर्मचारियों का 15 मार्च से होगा कार्य बहिष्कार प्रारम्भ होगा तथा 16 मार्च की रात से 72 घण्टे की हड़ताल होगी।


प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा एवं विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के बीच मंगलवार को हुई वार्ता बेनतीजा रही। संघर्ष समिति में विगत 3 दिसम्बर को ऊर्जा मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते का क्रियान्वयन न होने पर कर्मचारियों के बीच व्याप्त निराशा और आक्रोश से ऊर्जा मंत्री को अवगत कराया। समझौते के क्रियान्वयन हेतु कुछ भी कार्यवाही न होने से संघर्ष समिति ने आन्दोलन के ध्यानाकर्षण कार्यक्रम यथावत जारी रखने का ऐलान किया। वार्ता के दौरान अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) महेश गुप्ता और ऊर्जा निगमों के चेयरमैन एम. देवराज उपस्थित थे।

ऊर्जा मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते के क्रियान्वयन न होने पर आक्रोशित बिजलीकर्मियों का ध्यानाकर्षण आन्दोलन के प्रथम चरण में मंगलवार को राजधानी लखनऊ सहित समस्त जनपदों एवं परियोजनाओं पर शान्तिपूर्वक मशाल जुलूस निकाला। मशाल जुलूस निकालने के पूर्व बिजलीकर्मियों ने सभा कर प्रदेश के मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ से पुनः अपील की है कि वे प्रभावी हस्तक्षेप करें जिससे समझौते का क्रियान्वयन हो सके एवं अनावश्यक टकराव टाला जा सके। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ध्यानाकर्षण आन्दोलन के अगले चरण में 15 मार्च से कार्य बहिष्कार आन्दोलन प्रारम्भ होगा और 16 मार्च की रात्रि से 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल होगी जिससे उत्पन्न होने वाली किसी भी परिस्थिति का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व शीर्ष ऊर्जा प्रबन्धन का होगा। आजमगढ़ में मशाल जुलूस सभा को राज नारायण सिंह मुन्नवर अली, प्रभुनरायन पाण्डेय, संदीप प्रजापति, आशुतोष यादव, चंद्र शेखर, काशीनाथ गुप्ता, अखिल पाण्डेय मिथिलेश यादव पदाधिकारियों ने सम्बोधन किया।

## बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, भतीजी घायल

### ससुराल जाते समय कोयला ढाबा के सामने हुई भिड़ंत

जनसंदेश न्यूज




**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर कोयला ढाबा के सामने दो बाइकों में हुई भिड़ंत में प्रधान पति युवक की मौत हो गयी वहीं भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।

आजमगढ़ शहर के लक्षिरामपुर में विजय बहादुर 38 वर्ष पुत्र त्रिभुवन रहते थे जो मूल रूप से आराजी मुल्लह पुरवा महाराजगंज गांव के निवासी थे। लक्षिरामपुर आवास से मंगलवार की अलसुबह अपनी भतीजी पुष्पांजलि 16 वर्ष को लेकर अपनी ससुराल जाते समय जीयनपुर से पहले कोयला ढाबा के सामने दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई जिसमें विजय बहादुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुष्पांजलि गंभीर रूप से घायल है जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची जीयनपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। भाई जनार्दन की तहरीर पर अज्ञात बाइक व चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। मृतक विजय बहादुर 3 वर्ष पूर्व बैंकॉक से अपनी विवाह के लिए घर पर लौटे थे। तब से आजमगढ़ शहर में ही रहते थे। अपने ससुर के आंख के इलाज के लिए जाते समय दुर्घटना घटी। वही उनकी पत्नी दुर्गावती देवी जो अपने गांव की प्रधान हैं का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक विजय बहादुर तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। दुर्घटना की सूचना पर परिवार व गांव में कोहराम मच गया।

## संक्षेप

### जनता के बीच बतायें पार्टी की नीतियां: नीलम



**निजामाबाद (आजमगढ़)।** निजामाबाद बूथ सशक्तिकरण अभियान मण्डल की बैठक मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सोनकर ने की। उन्होंने बताया कि बूथों को मजबूत करने के लिए सभी वर्गों का समावेश हो सभी को प्रत्येक महीने मन की बात कार्यक्रम को सुनना और पार्टी एवं सरकार की योजना को जनता के बीच में बताया जाय जिससे लोगो को जोड़ा जा सके। इस अवसर पर जिला कार्यालय मंत्री अजय यादव जिला कार्यसमिति सदस्य जय प्रकाश सिंह जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रवीण सिंह जिलाउपाध्यक्ष अनु सूचित मो. राम अवध सोनकर जिला उपाध्यक्ष पि.मो. राम दुलार मौर्य जिला उपाध्यक्ष मो.सारिक खान जिला कोषाध्यक्ष मो. दानिश खान सभी मोर्चो के अध्यक्ष, मण्डल पदाधिकारी अल्पकालीन विस्तारक शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष गगन कुमार कश्यप एवं संचालन जिला मंत्री संतोष कुमार गोंड़ ने किया।

### दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन जख्मी



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भीखपुर, गांव में मंगलवार की सुबह बिजली के तार को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए और देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चलने लगे, जिसमें एक पक्ष के 6 लोग तथा दूसरे पक्ष के 2 लोग बुरी तरह जख्मी हो गये। घायलों में मुख्य रूप से प्रथम पक्ष की तरफ से प्रियांशु 18 वर्ष पुत्र बालचंद, अंगलेश 18 वर्ष पुत्र लालधर, अंशिका 15 वर्ष पुत्री बालचंद, किस्मती 58 वर्ष पत्नी लालधर, सरिता 32 वर्ष पत्नी अजय, संतराजी 50 वर्ष पत्नी राजमनि गंभीर रूप से घायल हो गये तो वहीं दूसरे पक्ष से त्रिभुवन 60 वर्ष पुत्र बुहु, हृदय कुमार 35 वर्ष पुत्र त्रिभुवन को चोट लगी। स्थानीय थाने पर दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर दी गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया जहां घायलों का इलाज का चल रहा है। वहीं पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार



**लालगंज (आजमगढ़)।** तरवां थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। सोमवार को तरवां पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ग्राम हरदासपुर हरदसई की तरफ से एक व्यक्ति मोटर साइकिल चलाता हुआ आया जो पुलिस वालो को देखकर संसकित होते हुए संदिग्ध अवस्था में गाड़ी घुमा कर पुनः हरदासपुर हरदसई के तरफ जाने का प्रयास करने लगा। घबराहट में अचानक मोटरसाइकिल गिर गई जिसको मौके से पकड़ लिया। उसने अपना नाम गुलशाद अन्सारी पुत्र स्व.अनवर अन्सारी निवासी हरदासपुर हरदसई थाना तरवां बताया। उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद हुयी। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने की कला: राजेंद्र प्रसाद



**आजमगढ़।** सर्वोदय महिला महाविद्यालय, हरबंशपुर में डीएलएड, बीटीसी का 10 मार्च से संचालित स्काउटिंग का पाँच दिवसीय अनिवार्य प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर डा. शफीउज्ज्माँ, लीडर ट्रेनर (रोवर) की देख रेख में एवं महिला प्रशिक्षिका अनिता साईलंस के सहयोग से संचालित हुआ। जिसमें डीएलएड की छात्राओं को स्काउट प्रार्थना, झण्डा गीत, प्रतिज्ञा, स्काउट के नियम एवं तम्बू निर्माण, किम्स गेम्स, सैण्ड स्टोरी व बिना बर्तन के भोजन बनाना इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. शफीउज्ज्माँ ने कहा कि स्काउटिंग घूमने का विज्ञान है एवं विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने की कला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये महाविद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि स्काउटिंग के प्रशिक्षण से छात्राओं में देश प्रेम की भावना विकसित होती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस प्रशिक्षण से प्रशिक्षित छात्राएं देश निर्माण में अहम रोल अदा करेंगी। इस अवसर पर डा. नन्दनी शुक्ला, डा. दुर्गा प्रसाद शर्मा, विजय कुमार यादव, संतोष कन्नौजिया, प्रभंजन राय, अनरजीत सरोज, संतोष यादव, अमरजीत तिवारी तथा पीयुष कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### डायरेक्टर पद के लिए हुआ नामांकन

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** साधन सहकारी समिति में डायरेक्टर पद के लिए मंगलवार को गहमागहमी के बीच 14 नामाकंन दाखिल हुए। पांच वार्ड में निर्विरोध चुना जाना तय है जबकि चार गांव के वार्ड पर चुनाव होगा। समिति पर सूची चस्पा न होने से सभी परेशान रहे। डायरेक्टर पद के लिए कुल नौ गांव वार्ड हैं। मंगलवार को नामांकन में सेठवल में दो नामांकन, ईश्वरपुर में एक नामाकंन, अनौरा में एक नामांकन, अंधौरी में तीन नामांकन, गोपालपुर में एक नामाकंन, गाहूखोर में दो नामाकंन, घाटीपट्टी में एक नामांकन, दाउदपुर में एक नामाकंन और गंधुवई में दो नामांकन दाखिल हुए। इसमें सेठवल और दाउदपुर महिला के लिए आरक्षित है। समिति कार्यालय पर सूची चस्पा न होने से लोगो में रोष दिखा।

### 43 कुंतल चावल उठा ले गये चोर

**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भगतपुर गांव निवासी रविंद्र गुप्ता पुत्र विश्वनाथ गुप्ता गल्ले का व्यापारी है। वह सोमवार को अपने ही गांव से 46 कुन्तल चावल खरीदा था और पिकअप वैन से लादकर वह अपने बिलरियागंज बाजार के महाराजगंज रोड पर स्थित घर के सामने खड़ी करके रात को घर के अंदर सो गया। जब सुबह 4 बजे पिकप से चावल की बोरी गायब देखा तो उसके होश उड़ गये। अज्ञात चोर 43 कुन्तल चावल दूसरे पिकअप पर लादकर उठा ले गये। वहीं चावल की कुल कीमत 90 हजार बतायी जा रही है। अज्ञात चोरों के खिलाफ स्थानीय थाने में पीड़ित ने तहरीर दिया है।

### इनामियां अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली नगर व स्वाट टीम द्वितीय की संयुक्त टीम द्वारा 25 हजार रुपए का इनामिया गैंगेस्टर अभियुक्त पीयूष गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक शशीचन्द्र चैधरी मय हमराहियान व स्वाट टीम द्वितीय आजमगढ़ द्वारा मुखबिरी सूचना पर ग्राम हीरापट्टी से गैंगेस्टर का वांछित अभियुक्त पीयूष उर्फ पुष्करनाथ पाण्डेय पुत्र श्रीधर पाण्डेय उर्फ श्रीनाथ पाण्डेय निवासी हीरापट्टी थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया।

### तमंचा, कारतूस के साथ दो अभियुक्त धराए

**आजमगढ़।** जनपद के दो थानो निजामाबाद व सरायमीर पुलिस ने अवैध तमंचा, कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालानकर दिया। निजामाबाद पुलिस ने अवैध तमंचा, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक किलो चार सौ ग्राम गांजा के साथ अभियुक्त दुर्गेश तिवारी पुत्र स्व.मंगला प्रसाद तिवारी निवासी रघुनाथपुर थाना निजामाबाद को गिरफ्तार कर लिया। इसी क्रम में सरायमीर पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त शिवकुमार उर्फ सुड्डू पुत्र स्व.गोपाल सेठ ग्राम शेरवा पुरवां थाना सरायमीर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक अदद अवैध तमन्चा 0.315 बोर व 2 अदद अवैध प्रतिबन्धित जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**पटवध (आजमगढ़)।** स्वामी सहजानंद प्राइवेट आईटीआई पटवध कौतुक के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। गोपालपुर विधानसभा अंतर्गत स्वामी सहजानंद प्राइवेट आईटीआई पटवध कौतुक के प्रांगण में रोजगार मेला संपन्न हुआ जिसमें स्कूल प्रांगण में लगभग 200 की संख्या में बच्चे पूरे जनपद से आए हुए थे। लगभग 132 युवकों का रजिस्ट्रेशन हुआ इंटरव्यू हुआ अभी उनका रिजल्ट घोषित नहीं किया गया है। कंपनी के एडवाइजर ने बताया कि इन रजिस्टर्ड और इंटरव्यू दिए गए बच्चों को हम उनके मोबाइल नंबर के माध्यम से सूचित कर के बहुत जल्द ही जॉइनिंग लेटर देंगे। प्रबंधक और स्कूल के प्रिंसिपल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बच्चों में खुशी का माहौल दिखा।

## अनुपस्थित तीन अध्यापकों व एक शिक्षा मित्र पर गिरी गाज

### खंड शिक्षा अधिकारी ने दिया वेतन रोकने का आदेश

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ खंड शिक्षा क्षेत्र में खंड शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित तीन अध्यापकों व एक शिक्षामित्र का एक दिन का वेतन रोकने व नामांकन के सापेक्ष छात्र उपस्थिति कम मिलने पर प्रधानाध्यापक को चेतावनी दी।

मंगलवार की सुबह खंड शिक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिंह ने 5 प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया जिसमें प्राथमिक विद्यालय भटौली इब्राहिमपुर पहुंचने पर प्रधानाध्यापक अनुपस्थित मिले वहीं विद्यालय पर 102 नामांकन के सापेक्ष 35 छात्र उपस्थिति रही, जिस पर चेतावनी दी। प्राथमिक विद्यालय बिशनुपुरा पर नामांकन 76 के सापेक्ष 30 छात्र मौजूद रहे। एक सहायक व एक शिक्षामित्र 10.20 बजे उपस्थित हुए। प्राथमिक विद्यालय सवरूपुर पर निरीक्षण में एक सहायक अध्यापक बिना सूचना के गैरहाजिर पाए गए। सभी अनुपस्थित शिक्षकों को नो वर्क नो पे के आधार पर एक दिन का वेतन बाधित करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ने पत्र लिखा। कुल तीन शिक्षक व एक शिक्षामित्र का वेतन बाधित करने के लिए निर्देशित किया। खंड शिक्षा अधिकारी निर्भय नारायणन सिंह ने बताया कि प्रतिदिन खंड शिक्षा क्षेत्र में पांच विद्यालय का निरीक्षण किया जाएगा। शिक्षा में गुणवत्ता व छात्र उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

जनसंदेश न्यूज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के हरसिंहपुर निवासी महिला रविवार की रात बंशी बाजार में बाइक व बुलेट की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात्रि मौत हो गयी। सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। नरसिंहपुर निवासी मंजू सिंह 56 वर्ष पत्नी राधेश्याम सिंह रविवार की सुबह अपने एक साल के पोते को भतीजा गौरव की बाइक से लेकर आजमगढ़ गई हुई थी। इलाज के बाद दवा लेकर रात 8 बजे वापस आते समय बंशी बाजार में बुलेट से टक्कर हो गई जिसमें मंजू सिंह के सिर में गंभीर चोट आ गई जिनको आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार की देर रात्रि मौत हो गयी। सूचना पर घर परिवार व गांव में कोहराम मच गया। मंगलवार को जिला अस्पताल से पोस्टमार्टम के बाद शाम 4 बजे घर पर शव पहुंचा। पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## मांगों को लेकर मजदूर सभा ने सौंपा ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण मजदूर सभा के लोग।

**मेहनगर (आजमगढ़)।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश व्यापी संयुक्त आवाहन पर मंगलवार को तहसील मुख्यालय संघ के जिला संजोजक डॉ.सुदर्शन राम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत मूल्य 23 प्रतिशत बढ़ाने के प्रस्ताव को तुरंत वापस लिया जाय। साथ ही बिजली माफी के साथ गैस का दाम कम किया जाय।

डा.राम ने कहा कि ग्रामीण अंचलों चट्टी चैराहों पर माइक्रो फाइनेंस कंपनियां स्वयं सहायता समूह बनाकर गरीबों का शोषण कर रही हैं। सूदखोरों से लिए गए सभी कर्ज माफ किए जाएं। इसी क्रम में रामकिशुन यादव ने कहा कि गांवो में गरीबों पर चल रहे बुलडोजर तत्काल रोका जाय। गांव में ऊसर, बंजर, नवीन परती के अलावा पवन क्षेत्र में वर्षों से बसे गरीबों को पट्टा देकर विनियमितीकरण किया जाय। मनरेगा मजदूरों को दो सौ दिन काम के साथ प्रति मजदूरों को 600 रुपये मजदूरी दिया जाय। शहरी गरीबों के लिए भी रोजगार गारंटी कानून बनाया जाय। प्रदेश में बढ़ते दलित उत्पीड़न पर रोक लगाया जाय एवं हरिजन उत्पीड़न को प्रभावी ढंग से लागू किया जाय। प्रदेश में महिलाओं के साथ आए दिन हत्या एवं दुर्व्यवहार पर रोक लगाई जाए तथा बलात्कार एवं बर्बर जुर्म के लिए संबंधित जिले के डीएम व एसपी को जिम्मेदार मानते हुए दंडित किया जाय। इस दौरान राज्यपाल के नाम सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। अध्यक्षता रामकेवल यादव तथा संचालन विनोद सिंह ने किया। इस दौरान बसंत, कालिका सिंह, मीना, मालती देवी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश को हराकर लौटे आदिल का जनपद में हुआ स्वागत

**सम्मान**

**पहले ही अंतरराष्ट्रीय खेल में बेस्ट फील्डर का पुरस्कार मिलने से परिवार व जनपद के लोग गदगद**

जनसंदेश न्यूज


आदिल का स्वागत करते लोग

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के धौराहरा निवासी मोहम्मद आदिल पुत्र खालिद भारतीय व्हील चेयर क्रिकेट टीम की तरफ से खेलते हुए बांग्लादेश को मैत्री दिव्यांग क्रिकेट खेल में 3 खेलों की 20-20 सीरीज जीतकर पहले ही अंतरराष्ट्रीय खेल में बेस्ट फील्डर का पुरस्कार मिलने से जनपद में लौटने पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

मोहम्मद आदिल पुत्र खालिद निवासी धौराहरा जो बचपन में क्रिकेट खेलते समय अपना दोनों पैर गवां चुके क्रिकेट के प्रति दीवानगी ने उन्हें गली में अंडरम क्रिकेट से खेलते हुए मध्य प्रदेश में नाबाद 83 रन व सीरीज में 150 रन बनाने पर भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम में चयन किया गया।

गुजरात के लाल भाई स्टेडियम में मानस सेवा संस्थान द्वारा आयोजित भारत-बांग्लादेश दिव्यांग 20-20 क्रिकेट 9 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित हुआ जिसमें 11 मार्च को अंतिम खेल में उन्हें विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में मौका मिला जिसमें उन्हें बेस्ट फील्डर का पुरस्कार मिला। सीरीज में बांग्लादेश का क्लीन स्वीप करने के बाद 14 मार्च की सुबह घर वापसी पर जनपद से लेकर बनकट अंजान शहीद बागखालिस धौराहरा गांव में फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

सैकड़ों की संख्या में खिलाड़ियों ने बाइक लेकर आदिल को रिसीव किया। उन्हें बधाई देने वालों में फुरकान खान, मोहम्मद अबरार, फहीम, मोहम्मद कलाम, मोहम्मद मेराज, सरफराज, जाकिर नुमान, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद अरमान, अजीम, नौशाद, अरशद, फैसल आदि शामिल हैं।

### अस्पताल के बाहर अवैध अतिक्रमण

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** अमर शहीद राजा जय लाल सिंह सौ शैय्यायुक्त संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया के बाहर दुकान, मेडिकल स्टोर आदि लगाकर अवैध अतिक्रमण किया गया है। जिसे हटवाने के लिए सीएमएस डॉ.एसके ध्रुव ने एसडीएम बूढ़नपुर व थानाध्यक्ष अतरौलिया को पत्र लिखा है। सीएमएस ने बताया कि अस्पताल के बाहर दुकान व मेडिकल स्टोर लगाकर अवैध तरीके से अतिक्रमण किया गया है। अस्पताल के बाहर आए दिन निजी वाहन खड़े होते हैं जिसके वजह से गंभीर रोगियों को समस्या झेलनी पड़ती है। मैंने इसके संबंध में फरवरी माह में पत्र लिखा था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज मैंने एसडीएम बूढ़नपुर और थानाध्यक्ष अतरौलिया को पत्र लिखा है। मैंने एसडीएम बूढ़नपुर से फोन पर बात करने की कोशिश की तो उनका फोन नहीं उठा। उन्होंने कहा कि प्रशासन जल्द से जल्द अवैध अतिक्रमण हटवाए ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो। बता दें कि कभी-कभी इन वाहनों के खड़े होने से जाम लग जाता है और एंबुलेंस तक को रास्ता नहीं मिलती है। इस समस्या को देखते हुए 20 फरवरी को सीएमएस द्वारा थानाध्यक्ष अतरौलिया को पत्र लिखा गया था। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब एक बार फिर से सीएमएस ने एसडीएम बूढ़नपुर व थानाध्यक्ष अतरौलिया को पत्र लिखकर अवगत कराया है और जल्द से जल्द अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

## सरकारी जमीन पर कब्जा, ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अटहरा गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के सामने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बाबा साहब की मूर्ति जहां पर स्थापित है वह सरकारी जमीन है। उस जमीन पर एक दबंग व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है जिसके विरोध में ग्रामीणों ने वृहद विरोध प्रदर्शन किया। कलावती सोना सुभावती सीता मीरा कुसुम मेवाती रीना चंद्रावती नकछेदन छोटेलाल सौरव रिंकू अरविंद सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने जमकर दबंग व्यक्ति के खिलाफ व पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। गांव की सरकारी जमीन पर कब्जा करने की फिराक में एक व्यक्ति द्वारा सरकारी जमीन पर मकान बनाया जा रहा है। गांव के ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध किया गया तो विरोधी इस हद तक बढ़ गया कि मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। 20 वर्ष से लगातार दोनों पक्ष द्वारा दीवानी न्यायालय में मुकदमा की पैरवी की जा रही है। लेकिन अभी तक फैसला किसी के पक्ष में नहीं आया। फिर भी तिलकधारी पुत्र रामलाल द्वारा ग्राम सभा की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके मकान का निर्माण कार्य शुरू किया गया। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जबरदस्ती छत की ढलाई की गई तो हम ग्रामीण तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन करेंगे।


विरोध प्रदर्शन करते अटहरा गांव के ग्रामीण

## सर्वे से सशंकित ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के पवई ब्लाक क्षेत्र के अडिका खुरचन्दा छज्जोपट्टी बखरिया आदि गांव के ग्रामीण वीरेन्द्र यादव महासचिव पूर्वांचल किसान यूनियन के पदाधिकारी के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पहुंच कर उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने मांग पत्र के साथ बैठ गए। धरना प्रदर्शन की खबर पाकर भारी संख्या में फूलपुर कोतवाली पुलिस भी तहसील मुख्यालय प्रांगण में जम गई।

किसान नेता वीरेन्द्र यादव सहित ग्रामीणों का कहना था पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के अगल बगल के ग्रामीण रहने वाले हैं। बिना किसी सूचना के लेखपाल ग्रामीणों की भूमि की नापी कर लिखा पढ़ी कर रहे हैं और गैर कानूनी तरीके से हम ग्रामीणों की भूमि छीनने की नापाक कोशिश की जा रही है। नेता और ग्रामीण महिला पुरुष का कहना है कि गैर कानूनी सर्वे तत्काल बन्द कराया जाय। किसानों की भूमि की सुरक्षा की गारंटी दी जाय। एसडीएम नरेंद्र कुमार गंगवार कार्यालय में नहीं थे। स्टोनो राजेश पांडेय ने उन्हें अवगत कराया जिस पर स्टोनो को एसडीएम ने निर्देशित किया कि आप स्वयं ग्रामीणों से बात करें और बताएं कि बिना किसी सूचना के कोई भूमि अधिग्रहित नहीं की जाती।


तहसील मुख्यालय पर ज्ञापन देने जाते ग्रामीण।

लेखपाल कोई सर्वे नहीं करेंगे ग्रामीणों की भूमि का ना शासन स्तर से कोई निर्देश ही है। ग्रामीण अफवाहों पर ध्यान न दें।

इस आश्वासन पर ग्रामीण तहसील मुख्यालय से वापस हो गए। इस अवसर पर चन्द्रजीत यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्वांचल किसान यूनियन राजीव यादव, अजय, शैलेन्द्र, बदरे लालम, गीता, चमेली देवी, बिंदु भारती, इंद्रावती, बिद्या आदि उपस्थित रहीं।

### नहीं पूरी हो सकी अग्नि शमन स्टेशन की मांग

**फूलपुर (आजमगढ़)।** रवि की फसल पकते ही फूलपुर तहसील क्षेत्र के किसानों में भय का वातावरण बन जाता है। एक चिंगारी वर्षो की कमाई समाप्त कर देगी। गेंहू की फसल तैयार होने के साथ तेज धूप पछुवा हवाएं इस कदर चलती है कि आग की एक छोटी सी चिंगारी पल भर में कई एकड़ फसल को नष्ट कर देती है। शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा होते आग बुझाने की जुगत करते तब तक अगल बगल के दर्जनों किसानों की गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो जाती है। खासकर खुले जर्जर बिद्युत तार हवाओं के चलने से आपस में टकराते हैं उससे जो चिंगारी निकलती है प्रायः आग लगने का कारण बन जाती है। वर्षो से तहसील क्षेत्र के किसान फूलपुर तहसील मुख्यालय पर अग्नि शमन स्टेशन की मांग करते चले आ रहे हैं। सरकारें आयी गयी नेता आये गए पर किसानों की वर्षो पुरानी मांग आज तक पूरी नहीं हो सकी। क्योकि तहसील मुख्यालय से चालीस किलोमीटर दूर आजमगढ़ जिला मुख्यालय से अग्निशमन दल आता है सूचना पर या बीस से पचीस किलोमीटर दूर बूढ़नपुर तहसील मुख्यालय पर स्थित अग्नि शमन स्टेसन से जब तक गाड़िया आती है।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरा जलवा

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आरएस कॉन्वेंट का वार्षिकोत्सव

जनसंदेश न्यूज



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** नगर पंचायत स्थित आरएस कान्वेंट स्कूल का 13वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता राणा प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, मां सरस्वती डांस प्रस्तुत कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया।

विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा 41 सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गए जिसमें डांस, नाटक, गीत, ग्रुप डांस आदि की प्रस्तुति दी गई, जिसमें एलकेजी के बच्चों द्वारा कोका कोला डांस ने आए हुए लोगों का मन मोह लिया। वहीं ड्रामा में कक्षा आठ के बच्चों द्वारा सुदामा के सजीव चित्रण पर लोगों की आंखें नम हो गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सबसे आकर्षण का केंद्र कक्षा आठ और कक्षा 7 के बच्चों ने हॉरर डांस (भूत डांस) कर खूब वाहवाही लूटी। इसी क्रम में विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने अलग-अलग ग्रुप द्वारा डांस प्रस्तुत किए जिसमें उपस्थित हजारों की संख्या में अभिभावकों ने देर रात तक कार्यक्रम का आनंद उठाया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह बिलम्ब से कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

विद्यालय के प्रबंधक राणा लाखन सिंह द्वारा बुके व अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। धर्मेंद्र सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए महिला सशक्तिकरण तथा शिक्षा के स्तर में और गुणवत्ता लाने की बात कही। प्रिंसिपल ऋतु सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जय प्रकाश पांडे, जितेंद्र सिंह गुड्डू, रमेश सिंह रामू, धर्मेंद्र निषाद राजू, सुनील पांडे, लालजी सिंह, पशुपतिनाथ सिंह, अभिषेक सिंह सोनू, हर्षित सिंह, रामचंद्र जयसवाल, महेंद्र यादव ,श्याम बिहारी चैबे, दिनेश मद्धेशिया, विवेक जायसवाल, विनोद राजभर, नीरज मिश्रा, सुनील तिवारी, अजय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

जनसंदेश न्यूज

**कलवारी।** मड़िहान थाना क्षेत्र के कुंदरूप के पास सोमवार की देर रात वृद्धा के शव का दाह संस्कार करने ट्रैक्टर पर सवार जा रहे थे। टैक्ट्र पर सवार ग्रामीणों को पीछे से डंपर ने धक्का मार दिया जिससे 2 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

वही मुख्यमंत्री आदित्य योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख प्रकट किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मड़िहान थाना क्षेत्र के कुंदरूप गांव के पास सोमवार की देर रात डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना क्षेत्र राजगढ़ के रैकरी निवासी बुधिया देवी की मौत हो गई थी। उसके दाह संस्कार के लिए ग्रामीणों ने ट्रैक्टर ट्राली से शव को मीरजापुर ले जा रहे थे। भावां के आगे कुंदरूप गांव के पास तेज रफ्तार डंपर चालक ने ट्रैक्टर के ट्राली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।

**दुखद**

**एक गंभीर रूप से घायल**

**सीएम ने घटना पर जताया शोक**

जिसमें ट्राली पर सवार सुभाष चंद्र पटेल 48 वर्ष पुत्र बुधिराम पटेल व सीताराम पटेल 52 वर्ष पुत्र जगत पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। वही घायल अवधेश 30 वर्ष पुत्र दशरथ को सीएचसी मड़िहान ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। मड़िहान थानाध्यक्ष शैलेश कुमार राय ने बताया कि दोनो शवों को अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

## बेटे को बचाने के चक्कर में कुएं में गिरी महिला, घायल

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवां गांव के गुरूआन बस्ती में मंगलवार को घर के पास स्थित कुएं पर बेटे को बचाने के चक्कर में पैर फिसलने से महिला कुंए में गिर पड़ी। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर अगल बगल के लोगों ने आनन-फानन में महिला को रस्सी के सहारे कुंए से बाहर निकाला। नौगवां गांव के गुरूआन बस्ती निवासी प्रेम लाल विश्वकर्मा की 26 वर्षीया पत्नी शशिकला विश्वकर्मा का चार वर्षीय पुत्र दीपक अचानक खेलते हुए कुंए की जगत पर जा पहुंचा बेटे को कुंए के पास देखकर शशिकला बेटे को कुंए में गिरने से बचाने के लिए दौड़ पड़ी कि अचानक शशिकला का पैर फिसल गया और पानी भरे कुंए में गिर पड़ी। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर अगल बगल के लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में घायल महिला को कुंए से बाहर निकाला। परिजन उपचार हेतु बरौंधा स्थित निजी अस्पताल में इलाज हेतु ले गए। जहां महिला का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य बताई जा रही है।

## कार की चपेट में आने से बाइक सवार पति की मौत, पत्नी घायल

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** चुनार कोतवाली क्षेत्र के खड़ंजा नाला नई बस्ती जमुहार स्थित बहर्रा बाबा के पास मोटरसाइकिल व बोलेरो की आपस में आमने सामने टक्कर होने से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति रामेश्वर सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह 57 वर्ष निवासी बूढ़ादेई थाना अहरौरा को गंभीर चोटें आई। जिन्हें चचेरी मोड़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में इलाज हेतु ले जाया गया जहां इलाज के दौरान मोटरसाइकिल सवार रामेश्वर सिंह की मृत्यु हो गई है।


वही बाइक पर पीछे बैठी पत्नी शर्मिला देवी को हल्की चोटें आई। जानकारी के अनुसार रामेश्वर सिंह की पत्नी शर्मिला देवी अपने मायके विंध्याचल गई थी। कल देर रात मिजार्पुर से ट्रेन पकड़ कर चुनार आई। वहां से रामेश्वर सिंह अपने बाइक पर बैठा कर घर के लिए जा रहे थे कि जमुहार स्थित बहर्रा बाबा मंदिर के निकट अहरौरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो से जबरदस्त टक्कर हो गयी जिससे रामेश्वर सिंह की बाइक बोलेरो फंस गई लगभग 200 मीटर तक मृतक को घसीटता लेकर चला गया। वही पीछे बैठी पत्नी वहीं गिर गई। जिसे उन्हे हल्की चोटें आई। मृतक खेती बारी कर के अपने परिवार का जीविका चलाता था। मृतक को तीन पुत्री एक पुत्र छोटा है। रामेश्वर के मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। कार चालक मौके से फरार हो गया। कार पुलिस कस्टडी में है।

## 6 समितियों पर शुरू हुई चुनावी प्रक्रिया

**लालगंज।** शासन के निर्देश पर साधन सहकारी समिति का चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को विकासखंड के 6 समितियों लालगंज, पगार, चरकी कला, तेंदूहनी, उसरी पांडे, रामपुर खोमर समिति पर नामांकन पत्र लेकर दाखिल किया गया। समिति पर नामांकन खरीदने एवं नामांकन डालने के लिए प्रत्याशियों और समर्थकों की भीड़ जुटी रही। सभी 6 समितियों पर नामांकन पत्र शांति तरीके से दाखिल किया गया। साधन सहकारी समिति लालगंज पर कुल 15 फार्म खरीदा गया जिसमें 14 नामांकन फार्म दाखिल किया गया। ग्राम पंचायत जगदीशपुर से 1 लालगंज 1 सेमरी कला 1अमहा 1 चारों सीट निर्विरोध हो गई। रानीबारी 4 लहंगपुर 2 बरडीहा 2 बनवारी 2 पर लड़ाई होनी है। इस तरह से कुल 14 फार्म नामांकन किया गया। वही रामपुर खोमर साधन सहकारी समिति पर कुल 16 फार्म की बिक्री की गई। जिसमें अतरैला राजा 1 होने के वजह से निर्विरोध हो गई। खोमर मैना 2 बस्तरा राजा 4 कटाई 5 रजई 2 लालापुर 2 जिसमें अतरैला राजा की शिट निर्विरोध हो गई। सभी समितियों पर शांति तरीके से चुनाव नामांकन पत्र दाखिल किया गया। समितियों पर प्रत्याशियों के साथ भारी भीड़ जमी रही। नामांकन साथ शांति तरीके से संपन्न हुआ।

## संक्षेप

### बिजली विभाग के कर्मियों ने मशाल जुलूस निकाल कर जताया विरोध



**मीरजापुर।** बिजली विभाग संविदा कर्मियों ने मंगलवार की शाम सड़क पर मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय हड़ताल पर बैठे संविदाकर्मियों ने मंगलवार की शांम बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ मशाल जलाकर सड़क पर विरोध करते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस मौके पर एसडीओ विपिन पटेल, जेई राम सिंह, श्याम सुंदर यादव, सोहन मौर्य, अभिजीत भट्टाचार्य, सत्यनारायण गुप्ता, सरफराज अली, मगरु गुप्ता, मुलायम बिंद, रोशन अली, मनोज यादव समेत अन्य विभाग के संविदा कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

### महात्मा गांधी की प्रतिमा का जलशक्ति मंत्री ने किया अनावरण



**जमालपुर।** क्षेत्र के पिड़खीर गांव में मंगलवार को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। बता दें कि 1922 ई0 में गांधी जी के चलाए गए असहयोग आंदोलन के समय डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के चेयरमैन स्व रामसखी शास्त्री व कांग्रेस कमेटी मीरजापुर के महामंत्री स्व जग्गन सिंह विदेशी वस्तुओं की होली इसी स्थान पर जलाया गया तब से यह स्थान गांधी चबूतरा के रुप माना जाने लगा। प्रतिमा लगाने में पूर्व न्यायाधीश स्व प्रेम सिंह के प्रेरणा से प्रो योगेश चन्द्र के नेतृत्व में गांव वालों के सहयोग से प्रतिमा स्थापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेश सिंह ने किया। वही ग्राम प्रधान शंकुतला देवी व पूर्व प्रधान हरिवंश सिंह ने जलशक्ति मंत्री को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान राकेश सिंह, अशोक दीक्षित, मोती सिंह, मुकेश सिंह, रमेश सिंह, नरसिंह चौहान, विज्ञान सिंह, चन्द्र भान सिंह सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### चोरी की योजना बना रहे दो चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को दिए गये निर्देश के क्रम में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक अदलहाट मय पुलिस बल क्षेत्र में गश्त पर निकले थे, कि प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर अदलहाट थाना क्षेत्र से नकबजनी, चोरी की योजना बनाते हुए दो शातिर चोर अजय कुमार गुप्ता उर्फ सोनू पुत्र स्व दुर्गा प्रसाद गुप्ता निवासी शाहगंज थाना शाहगंज सोनभद्र हालपता अदलहाट थाना अदलहाट व सहजादे पुत्र आजम निवासी सहदुल्लापुर थाना चकिया चन्दौली को चोरी की योजना बनाते समय गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से दो अवैध तमंचा मय दो जिन्दा कारतूस के साथ चोरी की घटना कारित करने में प्रयुक्त आलानकब एक-एक लोहे का सम्बल, पेचकस, पिलास, हथौड़ा, छेनी, चाबी का गुच्छा, टार्च व अन्य उपकरण बरामद किए गये। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अदलहाट थाना पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

### सभी पदों पर निर्विरोध हुआ निर्वाचन

**जिगना।** सहकारी समिति निर्वाचन चुनाव में छानबे क्षेत्र के नौगांव, बौढ़ई, खैरा, बिरोही, नीबी, डेरवा सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। उसी क्रम में नरोइयां 16 फार्म, चितौली 15 फार्म, कोलेपुर 13 फार्म, गैपुरा 13 फार्म, गौरा 12 फार्म, नरैना 10 फार्म भरा गया। शिवपुर में एक पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था। लेकिन वहां पर अनुसूचित जाति न रहने के कारण कोई भी पर्चा नहीं भरा गया। इन जगहों पर 16 मार्च को नाम वापसी का समय है। 18 तारीख को चुनाव होगा। निर्वाचन अधिकारी के तौर पर दिलीप विश्वकर्मा शैलेंद्र कुमार, शशिकांत यादव, राकेश कुमार, अजय कुमार साहनी, हरिश्चंद्र बिंद, बृजेश सिंह, मुस्ताक अहमद, प्रकाश दुबे, अनिरुद्ध तिवारी ने निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी ड्यूटी निभाई।

### जिले के प्रशानिक अधिकारी नहीं कर रहे हैं समाधान

**मीरजापुर।** जनहित मोर्चा की बैठक मंगलवार को जिला कैंप कार्यालय तुलसी चौक पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लल्लूराम कसेरा ने किया। लल्लूराम कसेरा ने बताया कि जनपद में जनता की समस्या से प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया है लेकिन जनता की समस्या का समाधान न होने पाने के कारण जनता तो मौन दिख रही है लेकिन अंदर ही अंदर गुस्से से बौखलाई हुई है। जनता की समस्याओं को लेकर जनहित मोर्चा जिलाधिकारी को 15 मार्च सुबह 11 बजे पत्रक सौपेगा, जिससे जनता की समस्याओं का समाधान हो सके। बैठक में प्रमुख रूप से लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, समसुद्दीन मंसूरी, भोलानाथ साहू, श्याम बाबू अग्रहरि, भोजराज त्रिपाठी, रतनलाल मौर्या,गुलाबचंद, रामराजा, शंकरलाल, लल्लूराम कसेरा समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### जलशक्ति मंत्री के घर पहुंचे दो मंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि

**जमालपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के पैतृक गांव पहुंच कर मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संदीप सिंह, मयंकेश्वर सिंह, जशवंत सिंह, जयवीर सिंह सहित अन्य मंत्रियों ने उनकी मां रामा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं पूर्व मंत्री सिद्धार्थ सिंह, राजवीर सिंह ने जलशक्ति मंत्री के दिवंगत मां के निधन पर गहरा शोक जताया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष नरसिंह चौहान, अंकित सिंह, संजय सिंह, राजा भैया, जोशी पटेल, ज्ञान सिंह, अमित पांडेय, मन्ना सिंह, नवीन पाण्डेय, मोनू पटेल सहित तमाम लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### ट्रेन में बेच रहा था खाद्य सामग्री, अवैध वेंडर को सीआईबी ने पकड़ा

**मीरजापुर।** ट्रेन में छापेमारी कर सीआइबी व स्कोर्ट की टीम द्वारा 3 अवैध वेंडरों को पकड़ा गया। मंगलवार की सुबह सीआईबी व स्कोर्ट की टीम ने दिल्ली से इस्लामपुर जा रही मगध एक्सप्रेस ट्रेन में छापेमारी किया जहां छापेमारी में आईआरसीटी की वर्दी पहन कर 3 अवैध वेंडर दिलीप कुमार राय, शंभू व मदन को ट्रेन में सीआईबी व स्कोर्ट की टीम ने पकड़ लिया, जहां मीरजापुर रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों को आरपीएफ पोस्ट के सुपुर्द किया गया। अवैध रूप से आईआरसीटी की वर्दी पहन कर ट्रेनों में खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडरों पर आरपीएफ उपनिरीक्षक संदीप कुमार द्वारा संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान किया गया।

### पानी लेने के लिए उतरे युवक का कटा पैर

**मीरजापुर।** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 2 पर ट्रेन से पानी लेने के लिए उतरे युवक का ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से दोनों पैर कट गए। सोमवार की देर रात मनोज पुत्र पतिराज उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी मेनपुर, मड़ियाहूं जिला जौनपुर अपने पत्नी और बच्चे के साथ मैहर से अपने घर मड़ियाहू के लिए गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन से आ रहा था कि मीरजापुर रेलवे स्टेशन पर युवक पानी लेने के लिए उतरा हुआ था। जब तक पानी लेकर ट्रेन में बैठता तब तक ट्रेन चलने लगी। पानी लेकर चलती ट्रेन पकड़ते समय हाथ फिसल गया जिसकी वजह से वह ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसके दोनों पांव मौके पर ही कट गए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यात्रियों की सूचना पर मौके पर पहुंचे आरपीएफ एएसआई नरेंद्र दुबे और जीआरपी पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस की सहायता से जिला मंडलीय पहुँचाया। वही इसकी सूचना परिजनों को दी गई।

### युवक का शव घर पहुंचते ही कोहराम

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मवई कलां गांव निवासी श्याम बिहारी का तीस वर्षीय पुत्र अनिल विश्वकर्मा मुंबई में अपने पिता के साथ फर्नीचर बनाने का काम करता था। रविवार को मुम्बई में अनिल की सड़क दुर्घटना में घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। मंगलवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मवई कलां गांव निवासी अनिल विश्वकर्मा तीन वर्ष से पिता श्याम बिहारी के साथ काम करता था। मंगलवार को युवक का शव मवई कलां स्थित घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृत युवक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक को सात वर्षीय एक पुत्र हैं।

### दस किलो गांजा के साथ एक युवक धराया

**कछवां।** थाना क्षेत्र में स्थित कछवां क्रिश्चियन स्कूल के समीप से मंगलवार को दस किलो मादक पदार्थ गांजा के साथ एक युवक को पुलिस ने दबोच लिया। जानकारी के अनुसार रिजवान पुत्र अलहम निवासी जसोवर थाना देहात कोतवाली जो कि कछवां क्रिश्चियन स्कूल के समीप अपने ननिहाल में आया हुआ था और मादक पदार्थ को ठिकाने लगाने की फिराक में था कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी रामस्वरूप वर्मा ने युवक को कब्जे से दस किलो गांजा के साथ रंगे हाथों दबोच लिया। और पुलिस पूछताछ कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करने में जुट गई।

## अधीक्षण और अधिशासी अभियंताओं के तानाशाह रवैये पर किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** अधीक्षण अभियंता कार्यालय सिंचाई कॉलोनी फतहाँ के समक्ष 10 सूत्रीय मांगों के निराकरण हेतु सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने संघ के जिला अध्यक्ष शिव शंकर यादव के नेतृत्व में आमरण अनशन सभा का आयोजन किया। सभा की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष शिव शंकर यादव ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंताओं के असंवेदनशील दृष्टिकोण की कड़े शब्दों में निंदा की। साथ ही बताया कि 10 सूत्रीय मांग शासनादेश व विभाग आदेश में स्पष्ट रूप से प्राविधानिक है, जिसका उल्लंघन कर कृपा शंकर तिवारी को आमरण अनशन हेतु विवश किए जाने के कृत्य का पुरजोर विरोध किया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति के लिए अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंताओं को उत्तरदाई माना जाएगा। अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंताओं के तानाशाही रवैया की कड़ी आलोचना करते हुए चेतावनी दिया कि 10 सूत्रीय मांग, जो शासनादेश व विभागादेश की परिधि में है उसका अविलंब निराकरण करें, अन्यथा की स्थिति में गंभीर परिणाम के लिए आगाह भी किया। आमरण अनशन स्थल पर गौरी शंकर, इंद्र बहादुर दुबे, सरजू प्रसाद, श्यामू सिंह, रमाशंकर, निसार अहमद, श्यामसुंदर, रामरती, मिश्रीलाल, राम सजीवन, दयाराम, प्रभा शंकर समेत अनेकों कर्मचारी उपस्थित रहे।

**रोष**

**कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं अधिकारी**

## पर्यटन और सांस्कृतिक मंत्री ने किया दर्शन-पूजन

**मीरजापुर।** पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग मंत्री, जयवीर सिंह ने मंगलवार को मातारानी का दर्शन किया। दर्शन पूजन के उपरांत मंदिर परिसर से बाहर निकलकर विन्ध्य कारिडोर निर्माणकार्य का निरीक्षण किया। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री ने उमेश हत्याकांड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दो अपराधियों की सूट आउट हो गई इनके मकान भी ध्वस्त किए गए हैं, अन्य की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि कोई भी अपराधी बक्से नहीं जाएंगे। मां विंध्यवासिनी धाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि विभाग में पैसे की कमी नहीं है हर प्रकार से सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएंगे जिससे देवी धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को एक सुखद अनुभूति की प्राप्ति होगी। इस दौरान एमएलसी विनित सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति, अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, सहायक पर्यटन अधिकारी नवीन कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शासन करे सहयोग तो जल्द हो सकता है भुगतान : देवी शंकर शुक्ला

**मांग**

**भुगतान के लिए एजेंटों ने किया प्रदर्शन**

जनसंदेश न्यूज



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते एजेंट

**मीरजापुर।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की तरफ से ठग कंपनी एवं मल्टीस्टेट क्रेडिट सोसायटी की तमाम ठगी कंपनियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश के वित्तीय अधिष्ठान में जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम 2016 एवं बड्स एक्ट 2019 के तहत भुगतान आवेदन फार्म जमा करने के संबंध में मंगलवार को संगठन के लोगों ने अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के लोगों ने ठगी पीड़ित परिवार का भुगतान दावा फार्म स्वीकार किए जाने को लेकर आभार जताते हुए प्रशंसा की। साथ ही जिन जिन कंपनियों के आवेदन जनपद में जमा हो चुके हैं उन कंपनियों से संबंधित डायरेक्टरों, आरोपियों को नोटिस और कार्यवाही संबंधित जानकारी भी देने की बात कही। साथ ही यह भी जानकारी लेने का प्रयास किया कि ठगी पीड़ितों का भुगतान कब से प्रारंभ किया जाएगा। शासन की तरफ से जो भुगतान दावा फार्म तहसील स्तर पर स्वीकार करने के आदेश अपर जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है उसके लिए भी संगठन के लोगों ने प्रशंसा किया। अपील करते हुए कहा कि दावा फार्म जमा करने के दौरान रिसीविंग भी देने का आदेश करें ताकि आम जनता को अपना भुगतान पाने के लिए मदद मिल सके। ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार संगठन के देवी शंकर शुक्ला ने कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शासन भुगतान में सहयोग करें तो जल्द ही ठगी पीड़ितों का भुगतान हो सकेगा। इस दौरान अश्विनी कुमार पटेल, राजेश तिवारी, विजय शंकर त्रिपाठी, जैनेंद्र कुमार सिंह, पुष्पराज सिंह, प्रतिमा देवी, शकुंतला देवी, आशा सिंह, उमाशंकर, जवाहर लाल मौर्य, ब्रह्मदेव त्रिपाठी समेत कई ठगी पीड़ित मौजूद रहे।

## मौका पाते ही बीडीओ खाते से गायब कर दिया पांच लाख

**जमालपुर।** विकास खंड में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक से बढ़कर एक वित्तीय अनियमिता का कारनामा सामने आ रहे हैं। जिसकी लिखित शिकायत प्रधान द्वारा खंड विकास अधिकारी को दिया। ग्राम पंचायत कौड़िया कला के ग्राम प्रधान ने बिना कार्य के लाखों रुपए दूसरे के खाते में भेज कर निकालने का आरोप लगाया है।

पत्रक देकर खण्ड विकास अधिकारी से कारवाई की मांग किया है। ग्राम पंचायत कौड़ियां कला के ग्राम प्रधान कमलेश सिंह कई माह से मीरजापुर जेल में बन्द थे। उस दौरान कमेटी गठित कर ?सदस्य को कार्य दिया गया जिसमें लाखों रुपए बिना कार्य कराए भुगतान करा लिया गया। जिसमें कम्प्यूटर, फर्नीचर, पंचायत भवन के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए गए लेकिन भवन में कुछ भी नहीं है जिसका जांच होना नितांत आवश्यक है। ग्राम प्रधान जिला जेल निर्दोष बरी होने के बाद जिलाधिकारी ने बहाल कर दिया जिसके बाद ग्राम पंचायत अधिकारी ने बिना प्रधान के डोंगल लगाये लाखों रुपए डकार गए। यह जानकारी ग्राम प्रधान को तब हुई जब वह बैंक से अपना ग्राम निधि का स्टेटमेंट निकालने के बाद देखा जिसमें लगभग चार लाख रुपए गायब थे। यह देख प्रधान के होश उड़ गए। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी से बात किया तो वह इधर उधर बरगलाने लगे।

**धोखाधड़ी**

**जमालपुर ब्लॉक के दो गांवों से गायब हुआ लगभग नौ लाख**

**जेल में बंद प्रधान के खाते से गायब हो गये चार लाख**

दूसरा मामला विकास खंड के दौलताबाद के ग्राम प्रधान बनारसी गुप्ता का है जो कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। जिसकी वजह से ग्राम पंचायत अधिकारी अधिकांश कार्य देख रहे थे और केयर टेकर का भुगतान के लिए मेरा डोंगल ले गए। फिर बिना कार्य कराए ही एक फर्म के नाम दिसंबर माह से लेकर फर्जी तरीके से ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा लगभग पांच लाख रुपए निकाल लिए। जिसकी सूचना खंड विकास अधिकारी को पत्रक देकर न्याय की गुहार लगाई है। बता दें कि एक सप्ताह में यह दूसरा मामला है। इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि दोनों ग्राम पंचायतों के वित्तीय अनियमिता की जांच की जाएगी। अगर ऐसा पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

### भव्य श्रृंगार व भंडारे का अयोजन कल

**मीरजापुर।** सीखड़ क्षेत्र के अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता का मां श्री शीतला धाम महोत्सव के तत्वावधान में भव्य श्रृंगार कल बुधवार को किया जाएगा। इसके पश्चात विशाल भंडारे के साथ ही रात्रि में भव्य भक्ति जागरण का अयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम की जानकारी आयोजक मां शीतला संरक्षक पुजारी समिति द्वारा दिया गया।

## अभियोजन कार्यों की की गयी समीक्षा

**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में जिला अभियोजन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र त्रिपाठी ज्वाइंट डायरेक्टर अभियोजन उपस्थित रहें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शासकी अधिवक्ता पाक्सो एक्ट एवं गैंगेस्टर तथा महिला अपराधों के प्रति गम्भीर होकर प्राथमिकता के आधार पर दोषियों को सजा दिलाये। उन्होने कहा कि यदि किसी स्तर पर कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसे सम्पर्क कर अवगत कराया जाय ताकि मानिटरिंग सेल की बैठक में उसका निस्तारण कराया जा सकें। अपर जिलाधिकारी द्वारा सभी मुकदमों की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। तथा उसे प्राथमिकता के आधार पर पैरवी करते हुये निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि शासन स्तर पर वादों के निस्तारण की समीक्षा की जा रही है अतएव रूचि लेते हुये अधिक से अधिक वाद निस्तारण कराया जाय।

## प्रतिमाह एक लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर जिला हुआ अव्वल

### गांव से लेकर जिले तक नोडल अधिकारी डॉ. यूएन. सिंह ने चलाया अभियान



**मीरजापुर।** आयुष्मान कार्ड बनाने की दिशा में जिला में मिल रहे सहयोग के बल पर 67वें स्थान से पहले पायदान पर पहुँच गया है। यह जानकारी जिला क्षय रोग एवं नोडल अधिकारी डा. यू. एन. सिंह ने दी। बताया कि वर्ष के अंत तक लक्ष्य को हासिल कर लिया जायेगा। इसके लिए पंचायत सहायकों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग का सहयोग लिया जा रहा है। डा. सिंह ने बताया कि दिसम्बर माह तक मीरजापुर जिला प्रदेश में 67 स्थान पर था। जनवरी में आम जनता को सुविधा का लाभ पहुंचाने के लिए रणनीति बनाई गई। इसके लिए ग्राम पंचायत अधिकारियों को अभियान से जोड़ा गया। उन्हें प्रशिक्षण देने के साथ ही आईडी एवं पासवर्ड दिया गया। प्रभागीय चिकित्साधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी की प्रत्येक ब्लाक में समिति बनाई गई। इस प्रकार अभियान को गति प्रदान किया गया। प्रतिदिन समिति के लोग मानिटरिंग करते हैं। प्रति दिन निगरानी किए जाने से फील्ड में मौजूद लोगों में भी सेवा के प्रति उत्सुकता जगी। वह खुद पात्रों का आयुष्मान कार्ड बनाने में लगे हैं। लिहाजा प्रदेश में मीरजापुर उपलब्धि हासिल कर पहले पायदान पर है, जबकि कुशीनगर दूसरे और कन्नौज तीसरे स्थान पर हैं। जिले में करीब 80 हजार आवेदन पेंडिंग होने पर बताया कि कार्यदायी संस्था की अप्रूवल रेट काफी कम हैं। अगर प्रति दिन उस दिन के काम को निपटा दिया जाय तो जिले की रेटिंग में जबरदस्त इजाफा होगा। नोडल अधिकारी ने बताया कि प्रति माह 1.5 से 2 लाख कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के सापेक्ष 7 लाख कार्ड बनाया जाना है। इस लक्ष्य को जल्द ही कुछ माह में ही पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने आम पात्र जनता से खुद आगे आकर पहल करके अपने परिवार के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने को कहा। बताया कि इस कार्ड धारक परिवार को बीमारी के दौरान 5 लाख तक की मदद सरकार देती हैं।

## मार्च तक हर हाल में पूर्ण करायें आवास : पीडी

### पीडी ने की ब्लॉक सभागार में सचिव तथा टीए की बैठक

**हलिया।** मंगलवार को पीडी अनय कुमार मिश्रा ब्लाक सभागार में ग्राम पंचायत के सचिव तथा टीए के साथ बैठक कर आवास के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास खंड के 79 ग्राम पंचायतों में आवास स्वीकृत है उनको हर हाल में मार्च तक पूर्ण कराएं। कहा कि टीए लेआउट मौके पर जाकर दे और लाभार्थी को बताएं ब्लॉक से सूची लेकर स्थल तक पहुंचकर लाभार्थी को आवास की लेआउट के साथ-साथ पूर्ण कराने में सहयोग करें। अगर इसमें शिथिलता बरती गई तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी तथा फटकार लगाई कि संबंधित टीए ग्राम पंचायत में लेआउट में शिथिलता बरत रहे हैं। रोजगार सेवकों को कहा कि प्रत्येक रोजगार सेवक अपने अपने गांव में आवासों को देखें तथा लाभार्थी को हिदायत दे गुणवत्ता पूर्ण समय से आवास को पूर्ण कराएं। बैठक के बाद ग्राम पंचायत पुरवा अवसान सिंह तथा उनकी ग्राम पंचायत ऊटी का स्थलीय निरीक्षण कर आवास की प्रगति को देखा तथा लाभार्थियों से बात कर समय से आवास पूर्ण करने को कहा। इस दौरान खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार, एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, सचिव आलोक भारती, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कौशलेंद्र राय, प्रज्ञान शुक्ला, पसंद कुमार, अमर सिंह व अमर शंकर सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में गुमटी में लगी आग

**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र के कांशीराम आवास में रहने वाले रतनलाल जिनकी दुकान कछवां थाने के चंद कदमों की दूरी पर स्थित है, में सोमवार की मध्य रात्रि अज्ञात कारणों से आग लगने से दुकान में रखा हजारों का सामान जलकर राख हो गया। रतनलाल एक विकलांग है और उसी दुकान से अपने पत्नी समेत तीन बच्चों का भरण पोषण व जीवकोपार्जन चलाते हैं।

## विधायक ने किया निजी अस्पताल का उद्घाटन

**राजगढ़।** स्थानीय बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में निजी अस्पताल अशोका का उद्घाटन मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक रमाशंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राजगढ़ क्षेत्र अति पिछड़ा एवं चिकित्सा विहीन था जहां लोगों को समुचित इलाज कराना टेढ़ी खीर साबित होता था। ऐसे में क्षेत्रीय मरीजों को दूर दराज जाकर शोषण का शिकार होना पड़ता है। इमरजेंसी इलाज के लिए निजी हॉस्पिटलों की बहुत आवश्यकता है जिससे गरीबों को समय रहते उचित इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सके और मरीजों की जान बचाई जा सके। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह, राजगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय, प्रमोद कुमार पांडेय, डॉक्टर अनुपमा मौर्या, विजेंद्र मौर्य, संजय मौर्य, भाजपा आईटी सेल अवधेश कुमार, शशिकर खरवार, लोकेश चंद्र पांडेय, इत्यादि लोग भारी संख्या में मौजूद थे।

## एडीएम ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर किया स्थलीय निरीक्षण

**बैठक**

**प्रशासनिक भवन में तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों को दिया निर्देश**

**18 मार्च तक पूर्ण करायें मेला क्षेत्र के सभी कार्य : शिव प्रताप शुक्ल**

जनसंदेश न्यूज



बैठक को संबोधित करते एडीएम वित्त

**मीरजापुर।** माँ विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में आगामी 22 मार्च 2023 से प्रारम्भ होकर 30 मार्च 2023 तक चलने वाले चैत्र नवरात्र मेला के तैयारियों दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल एवं मेला मजिस्ट्रेट/नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह के द्वारा मेला से सम्बन्धित सभी अधिकारियों के साथ पूरे मेला क्षेत्र में भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पक्का घाट से दीवान घाट तथा पक्का घाट से कोतवाली घाट तक जाने वाले मार्ग की मरम्मत के साथ ही बेहतर साफ सफाई का निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि घाटों पर कटान वाले स्थान पर बोरियों में बालू व मिट्टी रखकर रास्ता बनाया जाय। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा कोतवाली गली, न्यू वी0आई0नी0, पुरानी वी0आई0नी0 मार्ग सहित विन्ध्याचल के प्रत्येक प्रमुख गलियों का निरीक्षण किया गया तथा नालियों एवं गलियों/मार्गो में टूट फूट को तत्काल दुरूस्त कराने का निर्देश दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिस अधिकारी को जो कार्य सौपा गया है अपना कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भ कर दे ताकि समय से पूर्ण कराया जा सकें। उन्होने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि दिये गये कार्य 18 मार्च 2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाय ताकि यदि कही कुछ कमियां रह गयी हो तो उसे भी समय रहता पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि किसी विभाग के कार्यो में कमियां मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी कल से ही मेला क्षेत्र में भ्रमण कर ले और कार्य प्रारंभ करा दें। नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने तैयारियों की विस्तृत जानकारी दिया। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति ने कहा कि मेला क्षेत्र में सभी अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता नगर पालिका अंगद कुमार गुप्ता, नीतू सिंह, सहायक पर्यटन अधिकारी नवीन कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एंटी करप्शन ने कानूनगो को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा

**कार्रवाई**

### मीरजापुर व वाराणसी की आठ सदस्यीय सयुंक्त टीम ने की कार्यवाही

### भूमि की नापी के लिए किसान से ले रहे थे सुविधा शुल्क

**सोनभद्र।** घोरावल थाना क्षेत्र के डोमखरी गांव में एक जमीन की पैमाइस के नाम पर पांच हजार रुपए रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन की आठ सदस्यी टीम ने कानूनगो को रंगे हाथ दबोच लिया। टीम द्वारा कानूनगो को शाहगंज थाना लाकर विधिक कार्यवाही में जुट गई। इस मामले में शाहगंज पुलिस ने एंटी करप्शन एक्ट सेक्शन 7 के तहत मामला दर्ज कर जाँच पड़ताल में जुट गई। शिकायतकर्ता घोरावल थाना क्षेत्र के डोमखरी निवासी जितेंद्र प्रसाद पुत्र जयश्री प्रसाद ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन मिजार्पुर इकाई व वाराणसी इकाई की टीम द्वारा गिरफ्तार कर रिश्वती नोट सहित तहसील परिसर के आवासीय परिसर से राजस्व निरीक्षक मटरूलाल से बरामद किया गया। किसान तिकेन्द्र ने बताया कि आदेश के बाद भी कानूनगो जमीन की नापी में हीलाहवाली कर रहा था। कई बार जाने पर दस हजार रुपए देने पर ही जमीन की नापी कराने की बात कहा। इसके बाद किसान ने इस बात की जानकारी एंटी करप्शन ब्यूरो को दिया तो टीम हरकत में आ गई और योजना के अनुसार मंगलवार को किसान को रुपए के साथ कानूननगो के पास भेज रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में भ्रष्टाचार निवारण संगठन मिजार्पुर ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक विनय सिंह, वाराणसी की निरीक्षक संध्या सिंह, अशोक सिंह, मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र राय, सुनील कुमार यादव, आरक्षी विनोद कुमार, सुमित कुमार भारती, मुख्य आरक्षी चालक अश्वनी कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### टीएसआई का घूस लेने का वीडियो वायरल, निलंबित

**रामगढ़।** पन्नूगंज थाना क्षेत्र में यातायात विभाग में तैनात एक टीएसआई का पैसा लेते का वीडियो मंगलवार को वायरल हो गया। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि जनसंदेश टाइम्स नहीं करता है। फिलहाल इस मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने वीडियो वायरल होने पर तत्काल दरोगा को निलंबित कर दिया। मामले की जाँच पुलिस क्षेत्राधिकारी को सौंप दी गई है। एसपी ने कहा कि जाँच सत्य पाए जाने पर आगे कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। पन्नूगंज थाना क्षेत्र में यातायात विभाग में तैनात दरोगा रुपए लेते दिख रहा है, लेकिन वह रुपया किस एवज में ले रहा है। यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है।

# यूपी में उद्योग के लिए बेहतर माहौल: एन नागेश

**जनसंदेश न्यूज**

**खास मुलाकात**

### हिण्डालको रेणुकूट के सीओओ ने सरकार के इन्वेस्टर समिट का किया स्वागत, बतायी कंपनी की आगामी योजनाएं

### कंपनी प्रोडक्शन बढ़ाने के साथ ही सीएसआर के तहत 180 गांवों के मूलभूत विकास पर कर रही काम



हिण्डालको सीओओ से खास मुलाकात में वार्ता करते ब्यूरो चीफ शशिकांत चौबे

**सोनभद्र।** हिण्डालको रेणुकूट के सीओओ एन नागेश ने कहा कि यूपी में उद्योग के लिए बेहतर माहौल है। बिजली, पानी व भूमि की उपलब्धता के साथ ही कानून व्यवस्था बेहतर होने से औद्योगिक विकास में तेजी आयी है। इन्वेस्टर समिट का स्वागत करते हुए कहा कि हिण्डालको ने 1100 करोड़ रुपये निवेश के एमओयू पर साइन किया है। सीओओ ने जनसंदेश टाइम्स के खास मुलाकात कार्यक्रम में अपनी बातें रखते हुए कंपनी की आगामी योजनाओं व उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया।

सीओओ ने कहा कि आजादी के बाद सोनभद्र जैसे पिछड़े इलाके में औद्योगिक क्रांति लाने में हिण्डालको की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिण्डालको ने प्रदेश के आकांक्षी जिले सोनभद्र में अपना मदर प्लांट रेणुकूट में स्थापित किया। जिससे यहां के रहवासियों को रोजगार के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधाएं मिली। जिससे इनके जीवनस्तर में सुधार हुआ। तमाम रोजगार परक योजनाएं चलाकर लोगों को स्वावलंबी बनाने की प्रक्रिया भी शुरू किया। हिण्डालको के प्लांट में जहां हजारों लोगों को रोजगार मिला है वहीं स्वरोजगार के माध्यम से हजारों लोगों को स्वावलंबी भी बनाया गया है।

सीएसआर के तहत ग्रामीण इलाकों में हेल्थ, एजुकेशन, सस्टेनेबिलिटि, लाइवलीहूड, इंफ्रा डेवलपमेंट, सोशल इश्यूज पर काम किया जा रहा है। इसी के तहत लगभग15 अलग तरह के सीएसआर प्रोजेक्ट चलाये जा रहे हैं। जिनके माध्यम से जरूरतमंदों की मदद की जा रही है।

इसके तहत 180 गांवों को कवर किया जा रहा है, जिसमें लगभग तीन लाख ग्रामीण सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं। वैश्विक मंदी का प्रभाव भले ही हिण्डालको पर पड़ा हो लेकिन कंपनी अपने कर्मचारियों को सुविधा, सुरक्षा व उनके रोजगार गारंटी को लेकर प्रतिबद्ध है। कर्मचारियों की छंटनी का कोई प्लान नहीं है, बल्कि हमारा फोकस कर्मचारियों के बेहतर विकास पर है। इन्वेस्टर समिट के जरिये सरकार निवेश को बढ़ावा दे रही है। सरकार की इस पहल का हिण्डालको पुरजोर समर्थन करता है। कंपनी लगभगत 1100 करोड़ रूपये निवेश की योजना पर आगे बढ़ चुकी है। सीओओ ने बताया कि हिण्डालको रेणुकूट में कास्ट हाउस प्लांट का विस्तार किया गया है। आगे भी विस्तारीकरण पर विचार किया जा रहा है। जिससे रोजगार के अधिक अवसर पैदा हों और प्रोडक्क्शन भी बढ़े। अपने सालाना प्रोडक्शन लक्ष्य को प्राप्त करने में हिण्डालको प्रतिबद्ध है। कर्मचारी हितों के लिए संस्थान प्रमुख पांच बिंदुओं पर ध्यान दे रहा है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, लर्निंग व वेलफेयर शामिल है।

## संक्षेप

### नमामि गंगे का लाभ न मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश



विरोध जताते ग्रामीण

**बीजपुर।** प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे का लाभ नही दिए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त है। समस्या को देखते हुए प्रधान दशमती गुप्ता, क्षेत्र पंचायत सदस्य उपेंद्र प्रताप सिंह, रबिन्द्र, निरंजन गुप्ता, गोपाल गुप्ता ने हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को भेजकर ग्रामीणों को योजना लाभ दिलाए जाने की मांग किया है। पत्र में दर्शाया गया है कि जब ग्रामीण बीजपुर पुनर्वास स्थित नमामि गंगे के कार्यालय पर बुधवार को जाकर जानकारी किये तो बताया गया कि बीजपुर गांव का नाम इस योजना में नही है। जिसपर ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल कार्यालय के बाहर विरोध में नारेबाजी करने लगा। अधिकारियों के समझाने के बाद ग्रामीण मान गए। उनका कहना है कि हजारों के आबादी वाले बीजपुर गांव को इस योजना से जोड़ा जाय, नही तो आगे उग्र आंदोलन होगा। जल्द ही अपरजिलाधिकारी से मिलकर स्वच्छ पेयजलापूर्ति करवाए जाने के लिए अनुरोध करेंगे।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत भलुआ टोला के समीप मंगलवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओबरा थाना क्षेत्र के मलिन बस्ती निवासी 48 वर्षीय जावेद पुत्र फारूक मंगलवार की सुबह घर से शौच के लिए निकला था। रेलवे लाइन पार करते समय जावेद ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी चोपन जीआरपी को दिया। दूसरी ओर घटना की जानकारी होने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंच दहाड़े मारकर रोने बिलखने लगे।पुलिस कर्मियों ने मृतक के जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर उसकी शिनाख्त कर शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया।

### बोलेरो-बाइक की भिड़ंत में एक जख्मी

**बीजपुर।** थाना क्षेत्र में बोलेरो-बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि ग्राम सभा जरहा के टोला लहबरवा निवासी संजय कुमार पुत्र लालचंद की टक्कर बोलेरो में अजीरेश्वर मंदिर के समीप हो गई। जिससे बाइक छतिग्रस्त हो गयी व संजय घायल हो गया। दुर्घटना के पश्चात आस पास के लोग मौके पर जुट इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। जिसपर पहुंची पुलिस घायल को एनटीपीसी चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस बोलेरो को कब्जे में लेकर फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि घायल का इलाज रिहन्द चिकित्सालय में चल रहा है। फरार वाहन चालक की तलाश जारी है।

### फरार आरोपी के घर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस

**रामगढ़।** एसपी के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने कालिका कुमार पुत्र लल्लन चौधरी निवासी खण्डा, मुसफिल, सासाराम, रोहतास बिहार के घर नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी फरार चल रहा है। जिसपर न्यायालय के आदेश पर उसके घर मुनादी करायी गयी। यदि फरार अभियुक्त समयावधि के भीतर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होता है तो उसके विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपराध निरीक्षक संदीप कुमार राय, उपनिरीक्षक संजीव कुमार राय आदि शामिल रहे।

### अवैध परिवहन में 29 वाहनों पर कार्रवाई



आरोपी के घर नोटिस चस्पा करती पुलिस

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में 13 मार्च को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध में सघन जांच किया गया, जिसमें 29 वाहनों के ओवरलोड होने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 19 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### ठेका मजदूरों के नागरिक अधिकारों की हो गारंटी वेरिफिकेशन

**अनपरा।** ठेका मजदूरों के हर 6 माह में कराए जा रहे पुलिस वेरिफिकेशन और गेट पास बनाने के प्रबंधन के फैसले के खिलाफ आज ठेका मजदूर यूनियन के जिला मंत्री तेजधारी गुप्ता के नेतृत्व में अनपरा तापीय परियोजना में ठेका मजदूरों के हस्ताक्षर कराए गए। सैकड़ों मजदूरों के हस्ताक्षर युक्त पत्र 21 मार्च को डीएलसी मिजार्पुर मंडल को दिया जाएगा। ठेका मजदूरों से बातचीत करते हुए यूनियन मंत्री तेजधारी गुप्ता ने कहा कि ठेका मजदूरों से अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है, हर 6 माह बाद उनका पुलिस वेरिफिकेशन कराने का तुगलकी फरमान प्रबंधन द्वारा दे दिया गया है। सभी लोग जानते हैं कि परियोजना में ठेका मजदूर एक ही स्थान पर पूरी जिंदगी काम करते हैं। उनके ठेकेदार बदल जाते हैं लेकिन उनका काम नहीं बदलता। जब सरकारी नौकरी में नौकरी के प्रवेश के समय एक बार ही पुलिस वेरिफिकेशन होता है तब ठेका मजदूरों से हर 6 माह बाद वेरिफिकेशन कराना उनके नागरिक अधिकारों का हनन है। प्रबंधन को हर हाल में ठेका मजदूरों के नागरिक अधिकारों को सुनिश्चित करना चाहिए और बार-बार पुलिस वेरिफिकेशन के तुगलकी फरमान को वापस लेना चाहिए। श्रम आयुक्त मजदूरों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए है, इसलिए उनके सामने गुहार लगाई जाएगी। इस अवसर पर गोविंद प्रजापति, मसीदुल्लाह अंसारी, पवन गुप्ता, जमुना यादव आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय से हजारों की चोरी

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के परासपानी स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार की सुबह घुस कर अज्ञात चोरों ने हजारों का समान चोरी कर लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा चोपन थाने को तहरीर देकर आवश्यक कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। विद्यालय के प्रभारी अनिल कुमार यादव ने बताया कि प्रतिदिन की भातिं विद्यालय सकुशल समय पर बंद कर दिया गया था, जब मंगलवार की सुबह जब विद्यालय खोला तो कक्षा में लगे डिजिटल बोर्ड का यूपीएस और प्रोजेक्टर को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा रोशनदान को तोड़कर घुसकर निकाल लिया गया।

घटना क्रम की सूचना विद्यालय के प्रभारी द्वारा चोपन पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने घटना स्थल जायजा लिया। चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि घटनाक्रम के बारे में हमें जानकारी नही है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# महावीरी झंडा जुलूस में उमड़ा लोगों का हुजूम

**आयोजन**

### आकर्षण का केंद्र रहीं झांकियां, युवाओं की टोली ने किया शौर्य प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**



महावीरी झंडा जुलूस में उमड़ी भीड़

**अनपरा।** बुढ़वा मंगल के उपलक्ष्य में मंगलवार को क्षेत्र में निकले महावीरी झंडा जुलूस में आस्था का ऐतिहासिक जन सैलाब उमड़ पड़ा। महावीरी जुलूस में तरह-तरह की स्थिर एवं चलायमान झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह नृत्य नाटिका का मंचन हुआ, उड़ते गुलाल के बीच सेज केसरिया बाना पर जनसमूह ने जय श्रीराम और जय भवानी का उद्घोष किया तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। युवाओं की टोली जगह-जगह शौर्य का प्रदर्शन करती रही।

इसके चलते काशी मोड़ से ककरी तक हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही। अनगिनत चेहरों के साथ चहुंओर उड़ते अबीर-गुलाल ने ऐसा समां बांधा कि पूरा अनपरा परिक्षेत्र गुंजायमान हो गया। महावीरी जुलूस में तरह-तरह की स्थिर एवं चलायमान झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कहीं राधा-कृष्ण नृत्य तो कहीं शिव तांडव का लोगों ने दर्शन किया। महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका के साथ ही मां काली तांडव, राम दरबार, हनुमान झांकी, राधा-कृष्ण और शिव-पावर्ती की झांकियों का संगम लोगों को भक्तिरस में डुबोए रहा। हजारो की भीड़, दर्जनों से अधिक झांकियां, जगह-जगह नृत्य नाटिका का मंचन, उड़ता गुलाल, केसरिया बाना, थिरकते जनसमूह के साथ जय श्रीराम, जय भवानी का घोष माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। बाजार के सोनारी गली स्थित दुर्गा मंदिर से जब शोभा यात्रा निकली तो आगे-आगे महावीरी झंडा, पीछे-पीछे झांकियां और इसी के साथ जनसैलाब सड़क पर उमड़ पड़ा। जैसे-जैसे जुलूस आगे बढ़ता गया श्रद्धालुओं के साथ कारवां आगे बढ़ता रहा। एक-एक झांकी के साथ थिरकता जनसमूह हर्ष में डूबा रहा। छतों, बारजों पर मौजूद महिलाएं पुष्पवर्षा करती रहीं। बच्चे, युवा, वृद्ध, महिलाएं सभी ने उत्साह के साथ भाग लिया। एक-एक झांकी के साथ थिरकता जनसमूह हर्ष में डूबा रहा। छतों, बारजों पर मौजूद महिलाएं पुष्पवर्षा करती रहीं। बच्चे, युवा, वृद्ध, महिलाएं सभी ने उत्साह के साथ भाग लिया। महावीरी झंडा उत्सव में हिंदू समाज के साथ साथ मुसलिम समुदाय के लोगों ने भी खूब सेवाभाव का जज्बा दिखाया। जुलूस में चलते लोगों के कदम थकने न पाएं, इसके लिए हिंदू समाज के साथ ही मुसलिम समाज के लोगों ने भी जगह-जगह सेवा स्टाल लगाकर सामाजिक सौहार्द की मिशाल पेश की। अनपरा बाजार के बाद, महावीरी चौक, डीह बाबा मंदिर, अनपरा परियोजना कालोनी, काशी मोड़, औड़ी मोड़, ककरी, रेणुसागर होते हुए जुलूस देर शाम अनपरा गांव स्थित राम मंदिर पहुंचा, जहां महावीरी झंडा स्थापित करने के बाद, सभी लोग अनपरा बाजार दुर्गा मंदिर पहुंचे, जहां देर रात तक रंगोत्सव (होली) खेली गई।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद

**अनपरा।** भव्य और विशाल महावीरी शोभायात्रा में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस के अधिकारी और जवान मुस्तैद रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खुद मोर्चा संभाले हुए थे। इसके अलावा तीन सीओ, 6 थानाध्यक्ष, 50 से अधिक कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल 100 पीएसी के जवान पूरे शोभायात्रा के पल पल की सुरक्षा कर रहे थे।

# बिजली कर्मियों ने मशाल जुलूस निकालकर सरकार को चेताया



मशाल जुलूस में शामिल बिजली कर्मी

**ओबरा।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ऊर्जा मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते को लागू करने की मांग को लेकर हुई वार्ता विफल होने के पश्चात विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान उच्च बिजली प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। मशाल जुलूस परियोजना अस्पताल के समीप से होते हुए क्लब एक चौराहा, परियोजना अतिथि गृह, वीआईपी चौराहा, आर्य समाज से होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस तिराहे पर पहुंचकर समाप्त हुआ। इसके पूर्व हुई सभा को संबोधित करते हुए शशिकांत श्रीवास्तव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ ने कहा कि बिजली कर्मियों की न्याय की मांग के पश्चात ऊर्जा निगमों का शीर्ष प्रबन्धन अपनी अकर्मण्यता छिपाने हेतु ऊर्जा मंत्री को पूरी तरह से गुमराह कर रहा है और हड़ताल करने के लिए बिजली कर्मियों को बाध्य किया जा रहा है। इं अंकित प्रकाश तथा इं आर जी सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि विगत 3 दिसम्बर 2022 को हुए लिखित समझौते में स्पष्ट तौर पर लिखा है कि ऊर्जा मंत्री के अनुरोध पर संघर्ष समिति ने 15 दिन के लिए आन्दोलन स्थगित करने की सहमति प्रदान किया था। वही 110 दिन बीत जाने के बाद भी प्रबन्धन की हठधर्मिता के चलते समझौता लागू नहीं हो रहा है। अजय सिंह ने कहा कि उच्च प्रबंधन की दोहरी नीति से उत्पन्न संकट को देखते हुए बिजलीकर्मियों के सामने लोकतांत्रिक ढंग से सांकेतिक हड़ताल के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है। कहा कि 16 मार्च तक ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते का क्रियान्वयन सुनिश्चित नहीं कराया गया तो 16 मार्च की रात्रि 10 बजे से ओबरा तापीय परियोजना के बिजली कर्मचारी 72 घंटे की हड़ताल पर जाने को विवश होंगे। जुलूस में नित्यानंद सिंह, आनंद पटेल, प्रहलाद शर्मा, श्रीकांत गुप्ता, दिनेश कुमार यादव, उमेश कुमार, प्रभात पांडे, बानी व्रत बनर्जी, दिनेश चौरसिया, गौरी शंकर मंडल, दीपू गोपीनाथन, अभिनव कुमार, अशोक पांडे, अरुण कुमार यादव सहित भारी संख्या में परियोजना कर्मी शामिल रहे।

### हटाए गए घोरावल सीओ संजीव, अमित को नई जिम्मेदारी

**सोनभद्र।** जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए सोमवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने आधा दर्जन क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। घोरावल सर्किल में लंबे समय तक रहे संजीव कटियार के जगह अमित कुमार को जिम्मेदारी मिली है। माना जा रहा है कि अनुराग पाल कांड के बाद सीओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। सोमवार को घोरावल सर्किल से सीओ संजीव कटियार को हटाए जाने की चर्चा खूब रही। पुलिस अधीक्षक की तरफ से जारी किए गए पत्र में सीओ घोरावल संजीव कटियार को क्षेत्राधिकारी आंकिक, लाइन, यातायात के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं यातायात सीओ रहे अमित कुमार को सीओ घोरावल पद की जिम्मेदारी दी गई है। अमित को डीसीआर(जिला नियंत्रण कक्ष) का भी प्रभार मिला है। वहीं शंकर प्रसाद को अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी ओबरा को अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कार्यालय क्राइम के पद पर नियुक्त किया गया है। सदर क्षेत्राधिकारी रही डा.चारू द्विवेदी को क्षेत्राधिकारी ओबरा नियुक्त किया गया है। दुद्धी सीओ रहे आशीष मिश्रा को सीओ सदर के पद का दायित्व सौंपा गया है। वहीं नवागत पुलिस उपाधीक्षक दद्दन प्रसाद गोड़ को क्षेत्राधिकारी दुद्धी बनाया गया है। जबकि सीओ पिपरी और सीओ नगर अपने पद पर यथावत रहेंगे।

# भारत का युवा अपनी विशिष्टता के साथ मनाएगा शताब्दी: भूपेश चौबे

**कार्यक्रम**

### प्रकाश जीनियस पब्लिक स्कूल में हुआ जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण

**सोनभद्र।** प्रकाश जीनियस पब्लिक स्कूल में युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम मनाया गया। सदर विधायक भूपेश चौबे व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। प्रबंधक राजेन्द्र जैन ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम द्वारा स्वागत किया तत्पश्चात नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेशक अनिल कुमार सिंह ने के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया।

सदर विधायक ने कहा कि देश जब वर्ष 2047 में शताब्दी मनाएगा उस समय यहॉ का शिक्षित, स्वस्थ्य और विशिष्टताओं से युक्त युवा ही पूर्ण गरिमा के साथ उसमें सम्मलित होगें। जिला युवा उत्सव कार्यक्रम में पेंटिंग, कविता, स्मार्टफोन फोटोग्राफी, भाषण व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दो सौ से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया और सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम तीन विजेताओं को नकद राशि व प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिला युवा उत्सव के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। वंदे मातरम और राष्ट्रगीत के गायन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। संतोष कुमार पांडेय, एसके यादव, सुरसरि पांडेय, इंदु पांडेय व सीमा पांडेय,अरुणेंद्र कुमार सिंह के प्रति कार्यक्रम में सहयोग के लिए आभार प्रगट किया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश त्रिपाठी, विजय शंकर चतुवेर्दी, अवधेश शर्मा, संत लाल यादव सहित सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# हत्या के दोषी सगे भाइयों को उम्रकैद 18-18 हजार रुपए अर्थदंड

**जनसंदेश न्यूज**

**सजा**

### साढ़े 15 वर्ष पूर्व लाठी डंडे से मारकर मदन की हत्या करने का है आरोप

**सोनभद्र।** साढ़े 15 वर्ष पूर्व मदन की लाठी डंडे से मारकर की गई हत्या के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी सगे भाइयों रामविलास कोल व रामजी कोल को उम्रकैद व 18 - 18 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक घोरावल थाना क्षेत्र के पुरना गांव निवासी कप्तान गौड़ ने थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 28 अक्तूबर 2007 को करीब साढ़े सात बजे वह अपने भाई प्रभु गौड़ और भौजाई प्रभावती से उनके दरवाजे पर बातचीत कर रहा था, श्यामलाल की लड़की को बिच्छी मार दी थी जिसे खनदेउर ले जाने के लिए मोटरसाइकिल लेने जा रहा था कि अपने दरवाजे पर बैठे सगे भाइयों रामविलास कोल व रामजी कोल ने गाली देते हुए कहा कि सड़क पर क्यों घूम रहा है।

जब बताया कि भाई के लड़की को बिच्छी मार दी है उसे दवा दिलाने के लिए गाड़ी लेने जा रहा हूं। इतना सुनते ही दोनों ने गाली देते हुए कहा कि रुक अभी बताता हूं कहते हुए बड़े भाई प्रभु को लाठी डंडे से मारने लगे। जब हमलोग शोर किए तो दोनों भागने लगे तो हमलोग भी उनका पीछा करते हुए दौड़ाने लगे तभी सामने से आ रहे पिता मदन को भी दोनों भाइयों ने लाठी डंडे से मारने लगे, जिससे गंभीर चोट लगने की वजह से पिताजी गिर पड़े। उन्हें तत्काल घोरावल सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत को देखते हुए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वाराणसी ले जाते समय पिता मदन की मौत हो गई।

इस तहरीर पर 29 अक्तूबर 2007 को पुलिस ने घोरावल कोतवाली क्षेत्र के पुरना गांव निवासी सगे भाइयों रामविलास कोल व रामजी कोल विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी सगे भाइयों रामविलास कोल व रामजी कोल को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

## नई शिक्षा नीति पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन



प्रमाण पत्र वितरित करते डायट प्राचार्य विजय शंकर मिश्रा

**सोनभद्र।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में नई शिक्षा नीति 2020 पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विकास खंड़ों के 100 शिक्षक प्रतिभाग किये। मुख्य वक्ता के रूप में डायट प्रवक्ता ऋचा ओझा, राजेश कुमार मौर्या, नीरज शर्मा, शंकर सिंह, हरिवंश सिंह रहे। सेमिनार के अंत में डायट प्राचार्य विजय शंकर मिश्रा द्वारा अध्यक्षीय सम्बोधन के साथ ही प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही संस्थान में जनपद स्तरीय आदर्श पाठ योजना निमार्ण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विकास खंड के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता के आयोजन समिति के सदस्य के रूप में डायट प्रवक्ता ऋचा ओझा, सुनील कुमार, नीरज शर्मा, राजकुमार रहे। सेमिनार के अंत में सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर वीणा रानी श्रीवास्तव, रीना, प्रियंका सिंह, मंजरी, रिशु सोनकर, अमृता सिंह, गायत्री त्रिपाठी, पूजा, संगीता मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# चुनाव को लेकर तैयार रहे भाजपा कार्यकर्ता: पंकज सिंह

**कार्यक्रम**

### विकास की कड़ी में जनपद ही नहीं प्रदेश भी है अव्वल


भाजपा कार्यालय पर पंकज सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह।

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को बैठक हुई। जहां पर सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही कार्यकताओं नेताओं ने पंकज सिंह का माल्यार्पण अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जहां मुख्य अतिथि नोएडा विधायक व प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने कार्यकताओं में जोश भरा और उनका आह्वान किया कि चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहें।

भाजपा ही देश और प्रदेश में तरक्की ला सकती है विकास की कड़ी में जनपद ही नहीं प्रदेश भी अव्वल है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास लेकर भाजपा प्रदेश में दोबारा सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बनाने में सफल हुई है। इसमें कार्यकताओं का सबसे बड़ा योगदान है। आज प्रदेश में कोई भी अपराधी अपराध करने से पहले सरकार के पैसे काम जाता है किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा कानून व्यवस्था को बेहतर बनाना प्रदेश सरकार का काम है और बेहतर सरकार काम पर है जनपद के विकास के लिए सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करने के लिए जरूरत है। इस दौरान विधायक कैलाश आचार्य, तपस्या पासवान, बब्बन चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष क्षत्रबली सिंह अनिल सिंह, राणा प्रताप सिंह, मीणा चौबे, शंकर गिरी, उमाशंकर सिंह, गोपाल सिंह, आशीष रघुवंशी जैनेंद्र कुमार, पूजा यादव,किरण शर्मा,हरवंश उपाध्याय, प्रदीप मौर्य, रविंद्र नाथ गोंड आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह व संचालन सुशील जायसवाल ने किया।

## अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर रही सरकार: पंकज सिंह


भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू पंकज सिंह।

**चंदौली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह मंगलवार को जनपद दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यालय पर कार्यकताओं से मुलाकात की। साथ ही गांवों में आयोजित सामाजिक कार्यक्रमों में भी शरीक हुए। भाजपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता के दौरान यूपी सरकार की जीरो टालरेंस नीति का जमकर बखान किया। कहा कि प्रदेश सरकार अपराधियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्यवाही कर रही है। ऐसे में आपराधिक छवि के लोगों में पुलिसिया कार्यवाही का भय होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि अतीक प्रकरण में पुलिस काम कर रही है। कोई भी अपराधी हो या उसे संरक्षण देने वाला हो बख्शे नहीं जाएंगे। बुल्डोजर भी चल रहा है और पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से एक्शन के मोड़ में है। कहा कि सरकार हमेशा ही किसानों के मुद्दे पर संवेदनशील रही है और किसानों की आय कैसे दो गुनी हो इस पर सरकार की ओर से काम किया जा रहा है। प्रदेश सरकार जल्द ही किसानों को खेती के लिए निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराने जा रही है, जो किसानों के लिए बड़ी मदद होगी। चंदौली के विकास में थोड़ा वक्त जरूर लग रहा है, लेकिन ऐसे काम को धरातल पर उतारने में समय लगता है। उन्होंने चकिया के सोनहुल में बने सीआरपीएफ कैम्प का जिक्र किया। कहा कि इससे न केवल चंदौली जनपद लाभान्वित हुआ है बल्कि आसपास के जिलों को भी लाभ पहुंचेगा। निकाय चुनाव के बाबत उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन जमीनी स्तर पर किसी भी चुनाव को लड़ने और उसे जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पिछले बार जो दो निगम जितने से वंचित रह गए थे अबकी बार भाजपा वहां भी अपना परचम लहराएगी। इस अवसर पर जिला प्रभारी मीना चौबे, जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह, राणा प्रताप सिंह, अनिल सिंह, प्रमोद तिवारी, शिवराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## इंफ्लुएंजा: सांस लेने में कठिनाई होने पर अस्पताल से करें संपर्क

**चंदौली।** सीएमओ डा. वाईके राय ने कहा कि अचानक तेजी से बुखार, ठण्ड लगना, शरीर में दर्द, गले में खराश, सूखी खांसी, सर दर्द के लक्षण होने पर ऐसे संक्रमण के मामलों को ध्यान में रखते हुए सीजनल इन्फ्लूएंजा रोग के अनुरूप सामाजिक व्यवहार अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। कहा कि सांस चलना, सांस लेने में कठिनाई होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर लोग जांच एवं उपचार कराएं। उन्होंने कहा कि जनपद में सीजनल इन्फ्लूएंजा रोग संक्रमण की दर में वृद्धि को रोकने हेतु विभिन्न उपायों को तत्काल प्रभाव से अपनाया जाय। ताकि संक्रमण की रोकथाम किया जा सके। वहीं अनावश्यक भीड़ भाड़ वाले स्थानो पर बिना मास्क के जाने से बचे, छिकते समय रूमाल, टिशू पेपर, कोहनी से नाक एवं मुंह को ढकने, खुले स्थान में थूकने से बचने, बार-बार साबुन से हाथ धोने, हैण्ड सेनेटाइजेशन, सेनेटाईजर के प्रयोग पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कहा कि इसके अलावा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, स्कूल, कॉलेजों में सीजनल इंफ्लुएंजा रोग के अनुरूप व्यवहार का शत प्रतिशत अनुपालन हेतु प्रेरित किया जाय। कहा कि सीजनल इन्फ्लूएंजा रोग के लक्षण प्रकट होने पर तत्काल चिकित्सक के परामशार्नुसार जांच एवं मेडिसिन प्राप्त कर उसका सेवन किया जाए।

**कंट्रोल रूप से ले जानकारी**

**चंदौली।** जनपद में सीजनल इंफ्लुएंजा रोग के संबंध में पूछताछ, समस्या सामाधान हेतु जिलाधिकारी कार्यालय में इन्ट्रीग्रेटेड कमांड एवं कन्ट्रोल सेण्टर स्थापित किया गया है। इसमें जारी दूरभाष-05412-260084, 260230, 260101, 260102, 260105, 260107, 260108, 260110, 260111, 260112, 260118 व मोबाईल 7607162523, 8429491217 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**संक्षेप**

### परीक्षा देने जा रहे छात्र को मारपीट कर किया घायल


पिता के साथ खड़ा घायल छात्र अखिलेश।

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के रानेपुर (बिसुनपुरा) में मुख्य मार्ग पर स्कूल वाहन से परीक्षा देने जा रहा छात्र 17 वर्षीय अखिलेश यादव ओवरटेक कर स्कूली वाहन से खींचकर मुंह बांधे बदमाशों ने लाठी, डंडे व पंच से मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। छात्र के बेहोश होने पर उसके जेब में रखा फीस का 3200 रुपये भी छीन कर फरार हो गए। परिजनों ने बलुआ थाने में तहरीर दी। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है। सेमरा गांव के रहने वाले अखिलेश यादव चहनियां रानेपुर स्थित सेन्ट जोसेफ बिद्यालय में कक्षा 11 का छात्र है। मंगलवार को सुबह स्कूल के वाहन से परीक्षा देने जा रहा था। चहनियां-चंदौली मुख्य मार्ग पर बिसुनपूरा गांव के पास बाइक सवार 10 की संख्या में बदमाशों ने स्कूल वाहन को ओवरटेक कर छात्र को स्कूल वाहन के अंदर से खींचकर लाठी, डंडे व लोहे के पंच से बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। उसे तब तक पीटते रहे जब तक वह बेहोश हो गया। फीस देने के लिए जेब में रखा 3200 रुपये भी छीन लिए। जब तक लोग जुटते बदमाश फरार हो गये। स्कूल ड्राइवर ने तत्काल विद्यालय प्रिंसिपल अनिल कुमार जोसेफ को सूचना दी। जो मौके पर पहुंचकर तत्काल उसे इलाज हेतु भेजा। परिजनों ने बलुआ थाने में तहरीर दे दी है। होश में आने के बाद छात्र ने बताया कि वे सब पेट्रोल टंकी लक्ष्मणगढ़ से ही पीछे लगे थे, किन्तु यह नही मालूम था कि मुझे ही मारने के लिए पीछे पड़े है। पुलिस पेट्रोल टंकी से लेकर बिद्यालय तक पूछताछ करने में जुट गई। इस संदर्भ में बलुआ थाना इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने कहा कि तहरीर मिलह है जांच चल रही है।

### होली मिलन एवं हास्य कवि सम्मेलन आज

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित होली मिलन एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन मां शारदा मंगल वाटिका संजय नगर में शाम 5 बजे से आयोजित किया गया। यह जानकारी समाजसेवी राजीव पांडे ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह व मातृ शिशु विंग मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.केसीसी होंगे। वहीं नागेश सांडिल, लोकनाथ तिवारी,नरसिंह शास्त्री, अंजना राय, सुषमा, मनोज द्विवेदी, स्वतंत्र श्रीवास्तव सहित कवि शामिल होकर कविता पाठ करेंगे।

### नाबालिग को भगाने वाला आरोपी धराया

**डीडीयू नगर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस द्वारा मंगलवार को नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उस समय बड़ी सफलता मिली जब मुखबीर की सूचना पर मुगलसराय से सम्बन्धित अपहृता को बरामद कर, बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले अभियुक्त राजेन्द्र प्रसाद निवासी पतारा कला, जनपद सीतापुर को सतपोखरी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। युवक को गिरफ्तार कर थाने लिया कर लियाकत पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

### मजदूरों में कपड़ा-सामान वितरित

**नौगढ़।** क्षेत्रीय वन अधिकारी जयमोहनी मकसूद हुसैन ने मंगलवार को बाघीं पौधशाला में मजदूरों को साड़ी कपड़ा आदि सामान प्रदान किया। इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया कि गरीबों का सहयोग करने मे मन को बहुत ही सुकून की अनुभूति होती है। आह्वान किया कि हर सक्षम व्यक्ति को मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर सुनील कुमार सहित कई वनकर्मी मौजूद रहे।

### जिला पंचायत की बैठक 17 को

**चंदौली।** जिला पंचायत विभाग की ओर से 17 मार्च को 11 बजे मुख्यालय स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई है। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी अशोक कुमार मद्धेशिया ने बताया कि इसमें सभी जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ अधिकारियों की उपस्थिति होनी है और इसमें विभिन्न बिंदुओं पर विकास कार्यों के लिए चर्चा होगी।

## प्रकृति के साथ जुड़ना ही मानव का सबसे बड़ा कर्तव्य: सूर्यमुनि तिवारी

**अवसर**

### प्रगति के साथ ही प्रकृति का भी संरक्षण करने वाली है भाजपा सरकार

जनसंदेश न्यूज


ताराजीवनपुर में कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी।

**सकलडीहा।** क्षेत्र के ताराजीवनपुर में भारतीय जनता पार्टी सकलडीहा पश्चिमी मंडल की मंडल कार्यशाला व सकलडीहा पूर्वी मंडल के पौरा में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म के अभिभाषण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वही मंडल कार्यशाला व संगोष्ठी की शुरूवात पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।

मंडल कार्यशाला संगोष्ठी में लोकसभा चुनाव 2024 के बूथ ससक्तिकरण अभियान विषय सहित राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा भी की गई। भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। भाजपा सरकार में देश प्रदेश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जो बजट पेश किया गया। वह आजादी के अमृत काल का स्वर्णिम बजट है।

आज भारत में प्रगति के साथ ही प्रकृति का भी संरक्षण करने वाली सरकार है। हमें 2024 तक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना है जो अतीत के गौरव से जुड़ा हो और जिसमे आधुनिकता का हर स्वर्णिम अध्याय हो देश व प्रदेश में रोजगार के नित नए अवसर उत्पन्न हो रहे है। इस मौके पर किरन शर्मा, अरुण मिश्रा, भानु प्रताप सिंह, डा.शंभूनाथ, दीपक पाठक, रामभरोस गुप्ता, कमलेश गोंड, भगवानदास राम, भानु चौहान, कमलेश चौहान, अजय सिंह, राकेश सिंह, मोनू पाण्डेय, अमित चौरसिया सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही में लाए तेजी: जिलाधिकारी


कलेक्ट्रेट में अफसरों संग बैठक करते जिलाधिकारी

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में जनपद में विभिन्न परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण, पुनर्ग्रहण एवं कार्यों की प्रगति के संबंध में बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विभिन्न परियोजनाओं हेतु आवश्यक भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही में तेजी से कार्य किया जाए। लंबित पत्रावली पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्रता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। प्रभावित काश्तकारों को नियमानुसार उनके मुआवजों का भुगतान तेजी से सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रदेश एवं केंद्र सरकार की परियोजनाओं पर अपेक्षित प्रगति लाते हुए शीघ्रता से पूर्ण किया जा सके।

इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभावित काश्तकार अपने आवश्यक अभिलेख भूलेख कार्यालय में जमा कर यथाशीघ्र भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, भारतमाला परियोजना, निमार्णाधीन रेलवे उपरिगामी सेतुओं, रिंग रोड आदि परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। कहा कि जिन परियोजनाओं के लिए भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। कार्यदाई एजेंसियां उन पर फौरन कार्य करते हुए अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। जिन परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है उन पर तेजी से कार्य कराते हुए समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित हो। इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.वाईके राय उपस्थित रहे।

## डंफर की चपेट में आने से बाइक सवार घायल


दुर्घटना के बाद घायल को उपचार के लिए ले जाते लोग।

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के सरेसर गांव के समीप अलीनगर सकलडीहा मार्ग पर डंफर की चपेट में आने से बाइक सवार परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में स्थानीय लोगों ने एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहीं भाग रहे डंफर सहित चालक को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताते हैं कि सकलडीहा निवासी मुकुंद तिवारी का 21 वर्षीय पुत्र शशिकांत तिवारी एलबीएस पीजी कॉलेज में बीए की परीक्षा देने के लिए मोटरसाइकिल से मंगलवार की सुबह मुगलसराय जा रहा था। जैसे ही सरेसर गांव के समीप पहुंचा कि विपरीत दिशा से आ रहे डंफर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना के बाद भाग रहे चालक सहित डंफर को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर एसआई ताराचंद पटेल ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं पड़ी है। बावजूद इसके डंफर के अलावा चालक को हिरासत में लिया गया है।

### प्रकाश में आया छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला

**डीडीयू नगर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रस्तोगी गली में मंगलवार को एक स्कूल में सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा के साथ एक युवक द्वारा छेड़खानी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा ने अपने परिजनों के साथ कोतवाली में पहुंचकर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया।
जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह एक छात्रा अपनी सहेली के साथ स्कूल जा रही थी जैसे ही वह रस्तोगी गली के पास पहुंची वहां पर अनिल गुप्ता नामक 22 वर्षीय युवक अचानक पहुंचा और किशोरी का हाथ पकड़ने लगा। किशोरी ने विरोध भी किया, लेकिन युवक उसका हाथ पकड़क जबरन गली में खींचने लगा। किशोरी एक बार हाथ छुड़ाकर भागी भी लेकिन युवक ने उसे फिर से धर दबोचा। किशोरी किसी तरह शोर मचाते हुए युवक के चंगुल से छूटी और परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर युवक की शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक दीनदयाल पांडेय ने बताया कि युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपी युवक और छात्रा एक ही मोहल्ले में रहते हैं। किशोरी ने बताया कि वह कई दिनों से परेशान कर रहा था।

## पुलिस लाइन के लिए सात काश्तकारों की भूमि रजिस्ट्री


पुलिस लाइन के लिए सकलडीहा में रजिस्ट्री कराते पुलिस अधिकारी।

**सकलडीहा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की तत्परता से भोजापुर में बनने वाली पुलिस लाइन के लिये बैनामा की कवायद जोरो से शरू हो गयी है। सोमवार को एसपी के निर्देश पर एडीशनल एसपी विनय कुमार सिंह ने सात काश्तकारों की भूमि का बैनामा कराया। जानकारी के अनुसार अब तक कुल 37 काश्तकारों की भूमि बैनामा करायी जा चुकी है। विदित हो कि शासन के निर्देश पर भोजापुर में पुलिस लाइन बनने की स्वीकृति मिलते ही काश्तकारों से जमीन बैनामा कराने की प्रक्रिया अमल में लाई जा चुकी है गया है। वही पुलिस लाईन करीब 32 एकड़ की भूमि पर बनना है। इसके लिये लगभग 72 किसानों की भूमि का बैनामा किया जाना है। महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार के जरिये पुलिस अधीक्षक द्वारा एडीशनल एसपी चंदौली विनम कुमार सिंह ने छठवी बार सात कास्तकारों की भूमि का बैनामा कराया। अब तक कुल 37 काश्तकारों की भूमि बैनामा कराया गया है। पूर्व अध्यक्ष नितिन तिवारी और सहयोगी अन्य अधिवक्ता द्वारा सहयोग किया गया। जिसमें सकलडीहा सीओ राजेश कुमार राय और कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या को गवाह बनाया गया है। इस मौके पर एडिशनल एसपी विनय कुमार सिंह, सीओ राजेश कुमार राय, कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

### क्षेत्रीय सहकारी समिति शहाबगंज का हुआ चुनाव

**शहाबगंज।** क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड का मंगलवार को नौ बोर्ड सदस्यों का नामांकन चुनाव अधिकारी राम प्रकाश के देखदेख में सम्पन्न हुआ। जहां सात वार्डो में मात्र एक-एक नामांकन पत्र जमा हुआ। वहीं दो वार्डो में दो-दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड का नामांकन फार्म का वितरण व जमा करने का कार्य सुबह 10 बजे प्रारंभ हुआ। जहां वार्ड नंबर एक अमांव से मालती देवी,वार्ड नंबर दो सेमरा से मंजू देवी, वार्ड नंबर तीन घोड़सारी से ओमप्रकाश, वार्ड नंबर चार शहाबगंज से कृष्णदेव, वार्ड नंबर पांच साड़ी मुरकौल से विनोद सिंह, वार्ड नंबर छह कलानी से राजवंश, वार्ड नंबर सात रोहाखी से विपिन कुमार, वार्ड नंबर आठ भोड़सर से गिरीश नंदन व सुरेश, वार्ड नंबर नौ मसोई से अजय व कमला सिंह ने नामांकन किया। जहां सात सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया। वहीं दो वार्डो में दो-दो प्रत्याशी होने से चुनाव होने की सम्भावना बढ़ गयी है। चुनाव अधिकारी रामप्रकाश ने बताया कि दो वार्डो में दो-दो प्रत्याशी होने के कारण बुधवार को नाम वापसी के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। अगर नाम वापसी नहीं होती है तो चुनाव होगा।

## जन सहायता हॉस्पिटल पर होली मिलन समारोह का आयोजन


बहेरी गांव में होली मिलन समारोह में शामिल बिंद समाज के लोग।

**कमालपुर।** क्षेत्र के बहेरी गांव स्थित जन सहायता हॉस्पिटल पर राजेन्द्र प्रसाद बिन्द की अध्यक्षता में स्वजातीय बन्धुओं संग होली मिलन का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डा.बीरेंद्र बिंद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज बुढ़वा मंगल के अवसर पर हम सभी आपसी भाईचारे को मजबूत करने व प्रेम-सौहार्द का आदान-प्रदान करने के जुटे हैं। यही एकता बिंद समाज के बेहतर भविष्य की बुनियाद बनेगी। कहा कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए, जिससे हम सभी एक जगह जुटकर अपनी प्रेम-स्नेह का आदान-प्रदान करें।

एक-दूसरे के सुख-दुख का भागी बने और समाज की एकता की मिसाल कायम कर सके। कहा कि यह हॉस्पिटल इसलिए खोला गया है ताकि क्षेत्र में गरीब, असहाय वर्ग को बेहतर चिकित्सा सेवा मुहैया करायी जा सके। उनको नया जीवन जीने में मदद करने का पुनीत प्रयास किया जा रहा है। साथ ही कमजोर गरीबों का ईलाज मुफ्त में करके उनकी आर्थिक स्थिति बगड़ने से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। होली मिलन पर होली गीतों पर लोग आपस मे खूब झूमे अबीर गुलाल एक दूसरे को लगा कर खुशियां मनाई। इस अवसर पर प्रधान चंद्रिका बिन्द, प्रधान रामकेर बिन्द, डा.जितेंद्र बिन्द, जमुना बिन्द, निरहू बिन्द, राम चन्द्र बिन्द, राजू बिन्द, चन्द्रबली बिन्द, भट्टन बिन्द, रामनाथ बिन्द, दिनेश, राम नगीना, बिजय बिन्द, राकेश, अमरदेव, जमुना, रामाशीष, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र बिन्द, फुलचन, आल्हा आदि उपस्थित रहे। संचालन बिन्द सिंहासन ने किया।

## भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति की बैठक संपन्न

**डीडीयू नगर।** भारत वर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति के जिला कार्यकारिणी चंदौली की बैठक केंद्रीय कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में महासभा के संगठनात्मक ढांचे को विकसित करने पर गहन चिंतन किया गया। बैठक में महासभा द्वारा जातिगत जनगणना की मांग को दोहराया गया बैठक में गोंड, धुरिया, नायक, ओझा, पठारी और राजगोंड को चंदौली जनपद में अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र जारी ना होने पर रोष व्यक्त किया गया और जिला प्रशासन से आग्रह किया गया कि जनपद में गोंड जाति को अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र शीघ्रता शीघ्र जारी करें। सभा की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष रवि सोनकर गोंड व संचालन सुरेश प्रसाद गोंड ने किया। सभा में डा.उमेश चंद्र, कृष्ण गोंड, प्यारे लाल गोंड, मिठाई लाल, ललन प्रसाद, प्रेमशंकर आदि उपस्थित रहे।

## भेदभाव भुलाकर एक साथ मिलकर मनाए त्योहार


होली मिलन समारोह में जायसवाल समाज के साथ विधायक रमेश जायसवाल।

**चंदौली।** नगर के शंकर मोड़ स्थित एक वाटिका में सोमवार की देर शाम जायसवाल क्लब की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक रमेश जायसवाल ने सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। साथ ही समाज के हित को लेकर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि रंगों का पर्व होली आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इसलिए सभी को भेदभाव भुलाकर एक दूसरे के साथ मिलजुलकर इस पर्व को मनाना चाहिए। इससे आपसी सौहार्द कायम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए सभी को एकजुट होना होगा। साथ ही बच्चों को शिक्षित बनाना होगा, तभी समाज का विकास हो सकता है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र जायसवाल, मोती जायसवाल, नारायणदास जायससवाल, रामचंद्र जायसवाल, अशोक जायसवाल, आशीष, पंकज, मनोज, विकास, राकेश, सुनील, लल्लन, रामेश्वर, ओम सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे। दूसरी तरफ अन्तर्राष्ट्रीय क्षत्रिय राजपूत संघ ने मुख्यालय स्थित बबुरी रोड पर स्थित एक लान में मंगलवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसका शुभारम्भ अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सिंह व जिला प्रचारक गोपाल सिंह ने किया। इस दौरान अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं संगठन की मजबूत करने को लेकर मंथन किया गया। कहा कि संगठन को शक्तिशाली बनाने के लिए सभी को को आगे आना होगा। इस मौके पर राम नगीना सिंह, अखिलेश सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, बृजेश सिंह, चंद्रशेखर सिंह, रवि शंकर सिंह, पंकज सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

## विराट ने ख्वाजा और कैरी को जर्सी उपहार में दी

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी के बाद अपनी खेल भावना से भी प्रशंसकों का दिल जीत लिया। विराट ने इस मैच में अपना 28 वां शतक लगाया। यह शतक इसलिए भी अहम है क्योंकि 1205 दिन के बाद ये बना है। विराट ने मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को अपनी जर्सी भी उपहार में दी। इसका एक वीडियो भी बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। सीरीज के अंतिम मैच के बाद जब दोनों देशों के खिलाड़ी मैदान में बातचीत कर रहे थे तभी विराट ने उस्मान ख्वाजा और एलेक्स कैरी को अपनी जर्सी दी। इस अवसर का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। प्रशंसकों को विराट का अब यह खास अंदाज बेहद पसंद आया है और उन्होंने इसके लिए विराट की प्रशंसा की है।

# स्मिथ ही रहेंगे एकदिवसीय सीरीज में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान

**एक दिनी श्रृंखला**

**मैक्सवेल और वार्नर की वापसी, रिचर्डसन की जगह खेलेंगे एलिस**

**मुम्बई।** अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में उतरेगी। नियमित कप्तान पैट कमिंस के स्वदेश लौटने के बाद स्मिथ ने तीसरे और चौथे टेस्ट में भी टीम की कप्तानी की थी। वहीं अब कमिंस अपनी मां के निधन के कारण ऑस्ट्रेलिया में अपने घर पर ही हैं, ऐसे में स्मिथ को टीम का कप्तान बनाये रखा गया है। टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कहा, कमिंस अभी स्वदेश में ही रहेंगे , वह अभी अपने घर को देख रहे हैं। हमारी संवेदनाएं पैट और उनके परिवार के साथ हैं। कमिंस को 15-सदस्यीय टीम में नहीं बदला गया है। साथ ही कहा कि झे रिचर्डसन के चोटिल होने के कारण नाथन एलिस को भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। मैकडॉनल्ड ने साथ ही कहा कि सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर कोहनी में फ्रैक्चर के कारण पिछले दो टेस्ट से बाहर रहने के बाद टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वहीं टेस्ट सीरीज के बीच में ही घर भेजे गये एश्टन एगर भी भारत लौट आए हैं। एकदिवसीय सीरीज के लिए ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की भी वापसी हुई है। इसके अलावा मिशेल मार्श भी टीम में वापस आ गये हैं। तीन मैचों की सीरीज का पहला एकदिवसीय मैच 17 मार्च को खेला जाएगा। **ऑस्ट्रेलिया टीम इस प्रकार है :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स केरी, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मारनस लाबुशाने, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर और एडम जम्पा।




## पेरी का अर्धशतक बेकार गया आरसीबी की लगातार पांचवीं हार

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की टीम का महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट (डब्ल्यूपीएल) में हार का सिलसिला समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मैच में आरसीबी को 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। यह टीम की लगातार पांचवीं हार है, इस मैच में ऑलराउंडर एलिस पेरी ने 52 गेंदों पर नाबाद 67 रन बनाये पर वह अपनी टीम की हार नहीं टाल पायीं। पेरी ने अपनी आक्रामक पारी में चार फोर और पांच छक्के लगाए। वहीं पेरी के अलावा ऋचा घोष ने भी केवल 16 गेंदों में 37 रन बनाये पर बाकि खिलाड़ी असफल रहीं। आरसीबी की टीम ने पेरी और ऋचा की पारियों से अंतिम छह ओवरों में 82 रन बनाये। आरसीबी की टीम ने कुल मिलाकर 150 रन बनाये। इस प्रकार दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 151 रनों का लक्ष्य मिला। दिल्ली ने एलिस कैप के 38, जेमिमा रोड्रिग्स के 32 और मारिजान केप के नाबाद 32 और जेस जॉनसन के नाबाद 29 रनों की पारी से ये लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।

## बॉलीवुड न्यूज

### 'गुम हैं किसी के प्यार में' में होगी हर्षद अरोड़ा की एंट्री



**मुंबई।** स्टार प्लस का पापुलर शो 'गुम हैं किसी के प्यार में' ने अपने पेचीदा और आकर्षक प्लॉट के साथ दर्शकों का खूब ध्यान खींचा है। शो के ट्विस्ट एंड टर्न्स दर्शकों को हाई ऑक्टेन ड्रामा के साथ उनकी टेलीविजन स्क्रीन से चिपके रहने पर मजबूर कर देता है। हाल का ट्रैक विनायक का दिल जीतने के लिए चव्हान हाउस में रहने वाले सई के इर्द-गिर्द घूमता है, जहां पाखी, विराट की सई के साथ बढ़ती नजदीकी को लेकर परेशान है और अब जैसे ही परिवार होली मनाता है, ये उत्सव चव्हाण्स के जीवन में एक नया ट्विस्ट लेकर आया है। शो के निर्माताओं ने अब दर्शकों को शो और उसके किरदारों से जोड़े रखने के लिए सई के जीवन में एक दिलचस्प किरदार को पेश करने की योजना बनाई है। हालांकि हाल में कुंडली भाग्य में नजर आ चुके टीवी एक्टर धीरज धूपर को लेकर ऐसी फवाहें थीं, कि वो सई के जीवन में एक अहम भूमिका निभाएंगे, लेकिन हर्षद अरोड़ा के शो ज्वाइन करने की ऑफिशियल कन्फर्मेशन के साथ इन सभी अफवाहों पर भी फुलस्टॉप लग गया है और सई के जीवन में कुछ दिलचस्प ट्विस्ट भी आने को है। हर्षद अरोड़ा 'गुम हैं किसी के प्यार में' में सत्या अधिकारी का किरदार निभाने वाले हैं। अपने इस किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा,* "मैं सत्या का किरदार निभाने के लिए उत्सुक हूं। यह मेरे द्वारा पहले निभाए गए किरदारों से बहुत अलग, अनकन्वेंशनल और अनोखा है। मुझे उम्मीद है कि इसे भी दर्शकों से उतना ही प्यार और सराहना मिलेगी जितनी कि शो और बाकी किरदारों को दर्शकों से मिल रही है। 'गुम हैं किसी के प्यार में' का निर्माण राजेश राम सिंह, पिया बाजपेयी, प्रदीप कुमार और शाइका परवीन ने किया है। यह शो स्टार प्लस पर सोमवार से रविवार रात 8 बजे प्रसारित होता है।

### सुकन्या सुर्वे निभायेंगी पुरानी प्रेमिका का किरदार



मुंबई। सोनी सब का वागले की दुनिया– नई पीढ़ी नये किस्सेस एक विचारोत्तेजक फैमिली ड्रामा है, जिसने अपनी जैसी लगने वाली कहानियों और दिलचस्पे किरदारों के साथ दर्शकों के दिल जीते हैं। वागले की दुनिया में एक मध्यहम वर्गीय परिवार की कहानी दिखाई गई है और दिल को छू लेने वाले कुछ पलों के साथ उनके दैनिक संघर्षों को उजागर किया गया है। इस शो ने दो सालों का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस दौरान दर्शकों ने इसकी कहानी में कई ट्विस्ट्सस देखे और इसके सभी किरदारों का विकास हुआ है। वागले की दुनिया की कहानी को दिलचस्पट बनाने में इसके सभी किरदारों की महत्वरपूर्ण भूमिका रही है और मनोज वागले (विपुल देशपांडे) की एंट्री के बाद से वागले परिवार में हाई वोल्टेमज ड्रामा देखने को मिल रहा है। सुकन्या सुर्वे इस शो में मनोज वागले की पुरानी प्रेमिका– विद्या कुलकर्णी के रूप में जुड़ने जा रही हैं। विद्या कुलकर्णी एक तलाकशुदा महिला है और अपने बेटे की मदद से एक बुरी शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकल पाई है। वह एक और मजबूत महिला किरदार के रूप में शो से जुड़ रही है, जो हिम्म ती, आगे रहने वाली और अपनी भावनाओं को लेकर ईमानदार है। उसने अपनी जिंदगी में काफी मुश्किल समय देखा है और उससे उसने यही सीखा है कि दूसरों पर भरोसा करने के बजाय हमेशा खुद पर यकीन करो। शो में उसकी एंट्री वागले परिवार की जिंदगी में एक निर्णायक कारक होगी और उसके आने से मनोज के अतीत के कुछ गहरे राज खुलेंगे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने बेल्थरारोड स्टेशन का किया निरीक्षण



जनसंदेश न्यूज

**बेल्थरारोड।** मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय ने मंगलवार को गोरखपुर से वाराणसी विंडो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण के क्रम में बेल्थरारोड स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन के सुंदरीकरण और यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। स्टेशन के सुंदरीकरण के तहत सकुर्लेटिंग एरिया की सुधार एवं यात्री प्रतीक्षालय के नवनिर्माण का हाल देखा तथा सुधार के लिए मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए विकास कार्य योजना पर चर्चा की। उन्होंने स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों और सुंदरीकरण का अवलोकन किया तथा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) राहुल श्रीवास्तव, मुख्य परियोजना प्रबंधक कोशलेश सिंह, मुख्य इंजीनियर आईसी सुभाष, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर ऋषि श्रीवास्तव, सत्यम सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष शुक्ल व वरिष्ठ पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

## दो युवकों में जमकर मारपीट

**इन्दारा, मऊ।** मझवारा शहीद मार्ग कोपागंज थाना के अदरी बाजार बाइक अचानक ऑटो के आगे आ जाने से दोनों में बहस के बाद इस तरह से युवकों में लात घूसों से मारपीट हुई कि सैकड़ों लोग सड़क पर इकट्ठे हो गए। तभी मऊ के तरफ से आ रहे सीओ मधुबन अभय कुमार सिंह दोनों युवकों को आपस मे मारपीट देख दोनों चालको को कब्जे में लेकर गाड़ी में बैठाकर अदरी पुलिस चैकी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया। ऑटो चालक शहनवाज निवासी अलीनगर गांव से ही सवारी लेकर मझवारा के तरफ जा रहा था तभी कोपागंज थाना के अदरी बाजार में पंहुचा ही था कि ऑटो के आगे अचानक बाइक आ जाने से ऑटो अनियंत्रित हो गया। दोनों रुककर आपस मे बहस करते करते लातघुसे के बाद मारपीट हो गई। दोनों के कपड़े फट गया। मारपीट देख सड़क पर सैकड़ों लोग जमा हो गए। दिनों तरफ से गाडियो की रफ्तार कम हो गई। इसी बीच मऊ के तरफ से मधुबन सीओ अभय कुमार सिंह आ गए और दोनों युवकों को आपस में मारपीट को देखते हुए दोनों चालको को कब्जे में ले लिए। दोनों चालको को अदरी पुलिस चैकी को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिए।

# जेएनसीयू में समाजशास्त्र विभाग द्वारा संगोष्ठी का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 कल्पलता पांडेय की अध्यक्षता एवं मार्ग दर्शन में समाजशास्त्र विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक नई सहस्त्राब्दी में महिला सशक्तिकरण और बदलते सामाजिक गतिशीलता पर पुनर्विचार रहा। संगोष्ठी में कुलपति ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि स्त्री और पुरुष दोनों के सामंजस्य से समाज में महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को सदैव अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए, जिसमें पुरुष की स्वयं की भागीदारी सुनिश्चित हो। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र प्रवीण, अनीश, कविता, समीना खातून, सोनम यादव एवं सचिन आदि ने महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं सशक्त होती महिलाओं के विषय में अपने विचार रखे। विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ0 नीरज सिंह, डॉ0 छवीलाल, डॉ0 रंजना मल्ल आदि ने महिलाओं की स्थिति पर अपने विचारों की प्रस्तुतीकरण किया। संगोष्ठी में गृहणी और नौकरीपेशा महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर अलग-अलग डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें हर स्तर पर महिलाओं के अधीनस्थ स्थिति को स्पष्ट दिखाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा चलाए गए बेसिक एकाउंटिंग में प्रशिक्षित भागीदारी को कुलपति द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में फूलों के गुलदस्तों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने हस्तनिर्मित फूलों के गुलदस्तों की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त सहायक आचार्य, निदेशक शैक्षणिक डॉ0 पुष्पा मिश्रा, डॉ0 अजय चैबे एवं डॉ0 विनीत सिंह, डॉ0 लाल विजय सिंह, डॉ0 सरिता पाण्डेय, डॉ0 रजनी चैबे, डॉ0 रूबी, डॉ0 स्मिता, डॉ0 अभिषेक त्रिपाठी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संगोष्ठी का आयोजन डॉ0 प्रियंका सिंह तथा संचालन डॉ0 प्रमोद शंकर पांडेय ने किया।




# सुख-दुख को संसार में लेकर चलना पड़ता है

**होली मिलन**

**देव श्री न्यास द्वारा होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन**

**मऊ।** सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक विकास हेतु नवगठित देव श्री न्यास मऊ के तत्वावधान में डीसीएसके स्नातकोत्तर महाविद्यालय के व्याख्यान कक्ष में आयोजित होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन में विभिन्न विधाओं के कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से होली के रंग को बहुत ही चटकीले अंदाज में बिखेर कर उपस्थित श्रोताओं को रस सिक्त कर दिया। दीप प्रज्वलन और वाणी वंदना के उपरांत प्रारंभ हुए इस रंगोत्सव में देवश्री न्यास के प्रमुख न्यासी खंडेलवाल महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शर्वेश पांडेय ने भारतीय पर्वों के महत्व का रेखांकन करते हुए होली पर्व को सामूहिकता और स्नेह का पर्व बताया। उन्होंने कहा कि समय के दबाव में त्योहारों का जो रंग फीका हुआ है उससे हमारी सामुदायिक वृत्ति प्रभावित हुई है। हमें अपने पर्व त्योहारों को उल्लास पूर्वक मनाना चाहिए ।वरिष्ठ कवि दयाशंकर तिवारी की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन की शुरूआत डॉ कमलेश राय की वाणी वंदना से हुई। डॉ राय ने तुलसी चउरा सहित भोजपुरी की कई रचनाओं के साथ ही मन से कालुष्य को मिटाने का संदेश देते हुए मुक्तक पढ़ा।



कार्यक्रम में डॉ रामनिवास राय अपनी क्षणिकाओं के माध्यम से श्रोताओं को हंसाया गुदगुदाया तथा मृत्युंजय तिवारी, डॉक्टर राम प्रताप मिश्र, डॉ राजीव तिवारी आदि ने काव्य पाठ कर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में वरिष्ठ कवि दयाशंकर तिवारी ने होली पर्व से संबंधित अपने मुक्तकों की श्रेष्ठ प्रस्तुति कर कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की। डॉ चंद्र प्रकाश राय के आभार प्रकाश तथा राष्ट्रगान के उपरांत फूलों की होली के साथ कार्यक्रम का सुरुचिपूर्ण समापन हुआ।

## श्री दुर्गा जी महाविद्यालय के छात्रों को प्रदान की स्कॉलरशिप

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** तहसील क्षेत्र के क्यामपुर गांव स्थित श्री दुर्गा जी महाविद्यालय के 18 छात्रों को प्रत्येक को 1 लाख 20 हजार रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। स्कॉलरशिप मिलने की खुशी में कॉलेज प्रबंधन तंत्र द्वारा मंगलवार को कॉलेज में समारोह आयोजित कर छात्र छात्राओं को माल्यार्पण कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। बता दें कि केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा स्नातक अथवा इससे ऊपर की कक्षाओं में विज्ञान वर्ग की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को भविष्य में अपने रिसर्च योजना को साकार करने के लिए प्रतिवर्ष 60 हजार की स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। इस योजना में श्री दुर्गा जी महाविद्यालय के 18 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है और उन्हें 2 साल के लिए प्रत्येक एक लाख बीस हजार की स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। स्कॉलरशिप पाने वाले छात्रों में बबीता चैहान, प्रिया यादव, निकिता सिंह, स्वाति सिंह, नेहा पाल, शशि गौड़, प्रीति मौर्या, आफताब अहमद, आदित्य मिश्रा, शिवम यादव, गुलशन कुमार, उत्कर्ष प्रजापति, शालू जायसवाल, प्रियांशु सिंह, अभिलाषा चैहान, दिव्या गुप्ता, आकांक्षा मौर्या और रामजीत यादव को माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दिया गया।

# डीआरएम ने पैदल उपरिगामी पुल का विस्तार सेकेंड एंट्री गेट तक करने का दिया निर्देश

**जायजा**

**रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण, दिये दिशा निर्देष**

जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने मंगलवार को अपने गोरखपुर से वाराणसी विन्डो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण के क्रम में मऊ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। मऊ स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लेटफार्म पर लगे विभिन्न स्टालों का लाइसेंस एवं प्रोडक्ट की एक्सपायरी डेट की जाँच की। तदुपरांत उन्होंने स्टेशन पर स्थित महिला एवं पुरुष प्रतीक्षालयों, वीआईपी वातानुकूलित लाउंज, स्वचालित सीढ़ियों, पे एंड यूज शौचालय एवं पैदल उपरिगामी पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरान्त उन्होंने पैदल उपरिगामी पुल का विस्तार कर सेकेण्ड एंट्री गेट तक करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने मऊ स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया को फिर से संवारने। मऊ से यात्रा करने वाले यात्रियों को यहां आने पर एक बड़े शहर के स्टेशन पर आने का अहसास कराने के लिए स्टेशन के सुदृढ़ीकरण और सुंदरीकरण करने की कार्य योजनाओं पर चर्चा की। तदुपरान्त मंडल रेल प्रबंधक अपनी निरीक्षण स्पेशल से विन्डो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर उनके साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) राहुल श्रीवास्तव, मुख्य परियोजना प्रबंधक(गतिशक्ति) कौशलेश सिंह, उप मुख्य इंजीनियर(गतिशक्ति) आईसी सुभाष, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-1 ऋषि श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-2 सत्यम सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष शुक्ला, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) पंकज केसरवानी एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।



# विद्युतकर्मी संभावित हड़ताल में हिंसा से रहें दूर: डीएम

**चेतावनी**

**बिना आज्ञा धरना-प्रदर्शन न करने के साथ ही व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश**


**मऊ।** मंगलवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा 15 मार्च से कार्य बहिष्कार एवं 16 मार्च की रात 10 बजे से 72 घंटे के संभावित हड़ताल के दृष्टिगत विभाग के उच्च अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान विद्युत विभाग के कार्मिकों द्वारा हड़ताल के दृष्टिगत उनकी मुख्य मांगों के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें बिना आज्ञा के कोई भी धरना-प्रदर्शन ना करने को कहा। जिलाधिकारी ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगें रखने के साथ ही व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश समस्त अधिकारियों एवम् कर्मचारियों को दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विभाग के कार्मिकों की मांगों का निराकरण शासन स्तर से होना है। अतः जनपद स्तर पर किसी भी तरह के बड़े प्रदर्शन या धरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने विद्युत विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य बहिष्कार एवं संभावित हड़ताल के दौरान हिंसात्मक गतिविधियों से दूर रहने के निर्देश दिए। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। 16 मार्च की रात 10 बजे से 72 घंटे की संभावित हड़ताल के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को अन्य विभागों के जूनियर इंजीनियर सहित आईटीआई से जुड़े कुशल लोगों को कार्य योजना तैयार कर ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, जिससे संभावित हड़ताल के दौरान विद्युत वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे। उन्होंने जनपद स्तर पर एक कंट्रोल रूम की स्थापना करने के भी निर्देश दिए, जिससे आवश्यक परिस्थितियों में विद्युत वितरण के संबंध में मदद की जा सके। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग, समस्त अधिशासी अभियंता, समस्त एसडीओ, समस्त जूनियर इंजीनियर, सहित विभाग से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## विशेष लोक अदालत का आयोजन 17 व 18 मार्च को

**मऊ।** जनपद न्यायाधीश रामेश्वर के दिशा निर्देशन में 17 व 18 मार्च 2023 को जनपद में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनय कुमार मिश्रा ने समस्त जनता से अपील करते हुए कहा है कि विशेष लोक अदालत के माध्यम से अपने वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या में में कराएं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनय कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया है कि 17 व 18 मार्च को आयोजित विशेष लोक अदालत में प्री लिटिगेशन स्तर पर बैंकों के ऋण वसूली वादों का निस्तारण सुलह समझौते एवं अभिस्वीकृति के आधार पर किया जाएगा।

## संक्षेप

### नवल मद्धेशिया का किया स्वागत



**बिल्थरारोड।** राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के स्थापना दिवस पर स्थानीय नगर निवासी श्रेयन इंजीनियरिंग एण्ड फायर सेफ्टी कालेज वाराणसी के डायरेक्टर नवल मद्धेशिया को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का सदस्य बनाये जाने पर शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का सदस्य बनने के बाद पहली बार गृह नगर पहुंचने पर लोगों ने फूल-मालाओं से लादकर गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। ज्ञात हो कि भारत सरकार श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा चार मार्च सन 1965 को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना किया गया था। स्वागत करने वालो में अजीत, विनय, सत्यम, दीपु, मंटू आदि मौजूद रहे।

### शिकायत के बाद भी नहीं बनी नाली

**बलिया।** विकास खण्ड गड़वार के बलेजी, नई बस्ती निवासी शिवसागर पुत्र स्व. जगरनाथ राम ने संपूर्ण समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र देकर नाली बनवाने की मांग किया था। बावजूद इसके अभी तक नाली का निर्माण नहीं हो सका है। शिवसागर ने बताया कि लगभग चार माह से घर का पानी घर में ही सड़ रहा है। इससे दुर्गंध उठ रही है। इस बाबत 19 नवम्बर, तीन दिसम्बर एवं 17 दिसम्बर 2022 को संपूर्ण समाधान दिवस पर प्रार्थना देकर जल निकासी के लिए नाली अथवा पाइप लगवाने का आग्रह किया, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। घर में छोटे-छोटे बच्चे एवं पशु है। घर में ही पानी जमा होने से संक्रामक रोग फैलने की संभावना है।

### 17 से 21 के बीच बारिश की चेतावनी

**बलिया।** मौसम विभाग पटना के मुताबिक 17 से 21 मार्च के बीच में बारिश की चेतावनी जारी किया गया है। मौसम विभाग पटना के निदेशक विवेक सिन्हा ने बताया कि 17 से 21 मार्च के बीच में बारिश की प्रबल संभावना है। मेघ गर्जन के साथ ओले भी पड़ सकतें हैं। ऐसे में किसान भाईयों को अपने खेतों एवं खलिहानों में पके फसल को मौसम के मिजाज के हिसाब से कटाई-मड़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। विभाग ने मेघ गर्जन के दौरान खेत या खुलें आसमान के नीचे नहीं रहने की चेतावनी जारी किया है।

### बेसिक अकाउंटिंग कोर्स के प्रशिक्षुओं में वितरित हुआ प्रमाण पत्र

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 कल्पलता पांडे के मार्ग दर्शन व शैक्षणिक निदेशक डॉ0 पुष्पा मिश्रा के निर्देशन में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में आयोजित व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 15 दिवसीय बेसिक अकाउंटिंग कोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के अंतर्गत 25 ग्रामीण क्षेत्रीय महिलाओं ने प्रतिभाग किया। 15 दिवसीय बेसिक अकाउंटिंग कोर्स के समापन के पश्चात प्रशिक्षुओं को 14 मार्च 2023 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के बैठक सभागार में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 कल्पलता पांडे द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कुलपति ने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान समाज कार्य विभाग के डॉ0 रूबी, डॉ0 प्रेमभूषण यादव व समाज कार्य विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### डीएम ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**रसड़ा।** चिलकहर ब्लाक के गौआश्रय बछईपुर में रखे गये पशुओं की उपचार एवं भूख से मौत की शिकायत विगत् दिनों इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विधि छात्र एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य खैरुल बशर ने राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी समेत अन्य से किया था। इसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने गौआश्रय का स्थलीय निरीक्षण किया तो भारी लापरवाही सामने आयी। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सा अधिकारी को फटकार लगाया। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आठ दिनों में जवाब मांगा। इस मामले में सचिव को निलंबित कर दिया गया।



# समय से उपस्थित होकर ईमानदारी से करें कार्य : जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर देखा और सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय में समय से उपस्थित होकर

**निर्देश**

### विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

ईमानदारी से जनहित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले आगंतुकों से अच्छा व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को त्वरित निस्तारण करें। कार्यालय में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यालय में लटकते हुए तार को तत्काल ठीक करायें। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि विकास भवन की पूरी बिल्डिंग में एल्युमिनियम वायर की वायरिंग की गयी है जिसे हटवाकर कॉपर वायर लगवाया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग में साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। सहकारिता विभाग के निरीक्षण के दौरान आलमारी के ऊपर फाईले बांध कर रखी पायी गयी, जिसपर धूल जमी थी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पुरानी फाइलों को निष्प्रयोज्य करें और फाइलों का रख-रखाव व्यवस्थित रूप से रखें। कार्यालय में अनावश्यक समान न रखा जाये। जिलाधिकारी ने आलमारी खुलवाकर देखी जिसमें पत्रावलियां व्यवस्थित ढंग से पायी गयी। लघु सिचाई के निरीक्षण के दौरान पत्रावलियां का रख-रखाव ठीक ढंग से नहीं पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। मौके पर उपस्थित एई एमआई को निर्देशित किया कि पत्रावलियों को छांटकर व्यवस्थित ढंग से रखा जाये। गलियारे में लोहे के डिब्बे रखे पाये जाने पर उसे निष्प्रयोज्य करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी शशिकेश सिंह, एआर को-आपरेटिव अमित पाण्डेय, लेखाकार सुशील मौर्य सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


विकास भवन में निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करते डीएम

# बच्चों को कुलपति ने दी कॉपी, किताब

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का मंगलवार को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय परिसर

**कार्यक्रम**

### एनएसएस विशेष शिविर का कुलपति ने किया निरीक्षण

इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान एवं एड्स जागरूकता अभियान की रैली निकालकर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए चारों गांव जासोपुर, कुकड़ीपुर, सुल्तानपुर और देवकली गांव में लोगों को मतदान एवं एड्स के प्रति अपनी जिम्मेदारी के लिए जागरूक किया गया।

चारों गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों के 40 बच्चों को कॉपी, किताब, पेंसिल खेलकूद सामग्री आदि कुलपति द्वारा प्रदान की गई। साथ ही कुलपति द्वारा स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि सामाजिकता और समरसता के तालमेल से ही व्यक्तित्व का पूर्ण रूप से विकास होता है। आज इसकी झलक स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा देखने को मुझे देवकली ग्रामीण क्षेत्र के पोखरे पर मिलीं। स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा शिविर में बनाए गए भोजन का भी आनंद लिया। शिविर की रूपरेखा डॉ. अजय मौर्या द्वारा प्रस्तुत किया गया और कार्यक्रम एवं रैली का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनय वर्मा द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशाल यादव द्वारा ज्ञापित किया गया।

रैली का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय परिसर के प्रभारी कयामुद्दीन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, मैलाश, मन्ना यादव, मनोज, ओम प्रकाश यादव, सर्वेश यादव कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशिकांत यादव, स्वयंसेवक विवेक पांडे आलोक मौर्य, अरमान शेख, अल्तमश खान, सोशलिस्ट हस्सान आजमी, राज सिंह, आलोक यादव, सुभम साहू, उत्कर्ष त्रिपाठी, आकाश उपाध्याय, प्रशांत यादव आदि उपस्थित रहे।


बच्चों को उपहार प्रदान करती कुलपति निर्मला एस. मौर्य

# हत्यारोपियों ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

जनसंदेश न्यूज

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मनवल गांव में जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई जिसमें एक पक्ष के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज वाराणसी ट्रामा सेंटर चल रहा था। इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। फरार चल रहे आरोपियों ने मंगलवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

जानकारी के अनुसार मनवल गांव निवासी सभापति यादव व गांव के अमरसेन यादव के बीच जमीनी विवाद था जिसका मामला न्यायालय में लंबित है। मंगलवार को अमरसेन पक्ष के लोग विवादित जमीन पर खूंटा गाड़ कर पशु बांध रहे थे। सभाजीत यादव के मना करने पर परिवार के लोगों पर कुल्हाड़ी लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसमें सभाजीत यादव, पत्नी राधिका देवी, बेटा अभिषेक यादव, अश्वनी यादव, अग्निवेश यादव व आदित्य यादव जख्मी हो गए थे। आदित्य का उपचार बीएचयू के ट्रामा सेंटर में गुरुवार की दोपहर मौत हो गई। मामले को लेकर गांव वाले आक्रोशित हो गए जिसमें पुलिस प्रशासन ने गांव वालों का गुस्सा शांत करने के लिए जेसीबी से आरोपी का मड़हा, हैंडपंप आदि गिराकर चले गये। दूसरे दिन मृतक का शव आने पर गांव वाले आरोपी की गिरफ्तारी और घर गिराने की बात को लेकर अड़े रहे जिसमें पुलिस प्रशासन ने एक सप्ताह तक घर गिराने का आश्वासन देकर मृतक का शव घर से हटवाया। इस मामले में पुलिस दबिश दे रही थी लेकिन कोई आरोपी हाथ नहीं लगा। मंगलवार को आरोपियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

## अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने थाने का किया निरीक्षण

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाने का अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कार्यवाहक सीओ मछलीशहर देवेश सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में सीसीटीएनएस कक्ष, आवास, साफ सफाई, आरक्षी बैरक, महिला हेल्प डेस्क, उपस्थिति रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, मालखाना, मेस, कार्यालय, अभिलेखो के रखरखाव आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही असलहे व कारतूसों की संख्या की जानकारी लेने के बाद पुरुष व महिला आरक्षियों से असलहा को डिस्मेंटल कराने के साथ ही उन्हें लोड भी कराया और फायरिंग की पोजीशन देखी। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी विवेक कुमार तिवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बेहतर रखी जाए। इस अवसर पर कार्यवाहक सीओ देवेश सिंह, थाना प्रभारी विवेक कुमार तिवारी, चौकी इंचार्ज संजय सिंह, एसआई पन्ने लाल, एसआई कमलेश वर्मा, एसआई दयाशंकर, का. ओमप्रकाश मिश्र, प्रवीण मिश्र आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# SDM और CMO ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** एसडीएम नेहा मिश्रा और सीएमओ डॉ. लक्ष्मी सिंह ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य

**लिया जायजा**

### एसडीएम के निरीक्षण में पांच डॉक्टर अनुपस्थित मिले, सभी को कारण बताओ नोटिस

### अस्पताल के वार्ड और शौचालय में गंदगी देख सीएमओ भड़कीं

केन्द्र का अलग अलग समय पर औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने पांच डॉक्टरों के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। जबकि सीएमओ ने अस्पताल के शौचालय और वार्ड में गंदगी देख फटकार लगाई।

सबसे पहले सबेरे लगभग दस बजे एसडीएम नेहा मिश्रा अस्पताल पहुंची थीं। उस समय डॉ. अद्वैत प्रताप सिंह के अलावा कोई डॉक्टर उपस्थित नहीं था। अस्पताल का कार्यालय भी बंद था और अन्य अनेक कर्मचारी भी गायब थे। उन्होंने अनुपस्थित पांच डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस दिया है। इस अवसर पर एसडीएम ने अस्पताल के प्रसव कक्ष और भर्ती मरीजों के वार्ड का भी निरीक्षण किया। मरीजों से अस्पताल की ओर से दिए जाने वाले खानपान आदि सुविधाओं की जानकारी ली। वे करीब आधा घंटे तक अस्पताल में रहीं। दोपहर करीब 12 बजे सीएमओ डॉ. लक्ष्मी सिंह भी अस्पताल पहुंच गईं। उनके पहुंचने पर भी अनेक डॉक्टर गायब थे। एक स्टॉफ ने सीएमओ को बताया कि चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार कन्नौजिया क्षेत्र भ्रमण पर हैं।

सीएमओ ने अस्पताल के शौचालय और वार्ड में गंदगी देखकर नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने डॉक्टर समेत सभी स्टॉफ को ईमानदारी से अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाने की सलाह दी।


निरीक्षण के दौरान दिशा निर्देश देतीं सीएमओ


निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करतीं एसडीएम

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने में चार पर मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**रामनगर।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने के मामले में नेवढ़िया पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक अज्ञात महिला समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी व कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

नेवढ़िया थाना क्षेत्र के करमौवा गांव निवासी हीरामनी देवी पत्नी स्व. ओम नारायण पाण्डेय की कीमती जमीन उनके देवर के पुत्र व पौत्र श्रीप्रकाश पाण्डेय व कृष्ण कुमार पाण्डेय ने पीड़ित महिला को वोटर कार्ड व घर के कागजात एवं फोटो तथा अन्य दस्तावेज लेकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के बहाने हिमताज धर्मशाला नेवढ़िया बाजार ले जाकर हीरामनी देवी के नाम से फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड व

**धोखाधड़ी**

### पीड़ित महिला की गुहार पर कोर्ट ने दिया आदेश

वोटर कार्ड पर दूसरे अज्ञात महिला का फोटो लगाकर तैयार करा करके वाराणसी के डीसीवी बैंक शाखा हरहुआ बाजार में फर्जी बचत खाता संख्या 35111100001540 खुलवा लिया।

पीड़िता हीरामनि पाण्डेय की उनके हिस्से की कीमती जमीन आराजी नंबर 480ड रकबा 2.28 हेक्टेयर ग्राम गनेशपुर शिवपुर वाराणसी की जमीन 1/3 भाग अभिषेक कुमार सिंह पुत्र यशवंत सिंह ग्राम उस्मानपुर थाना चुनार जिला मिजार्पुर को अज्ञात फर्जी औरत के माध्यम से नोटीरियल एग्रीमेंट करवाकर डीसीबी बैंक हरहुआ वाराणसी के फर्जी खाता में रुपया जमा करवाकर अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया। जैसे ही घटना की जानकारी पीड़ित महिला के पुत्र राजेश कुमार पाण्डेय को हुई तो पूरी घटना का पता करके कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्थानीय थाना व पुलिस अधीक्षक जौनपुर को प्रार्थना पत्र दिया तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया जिस पर न्यायालय ने थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक नेवढ़िया विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर श्रीप्रकाश पाण्डेय पुत्र कृष्ण कुमार पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय पुत्र रामनारायण पाण्डेय, अरुण कुमार सिंह पुत्र यशवंत सिंह व एक अज्ञात महिला सहित चार लोगों के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471 के तहत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## ट्रेन में फंसकर युवक का पैर कटा

**चंदवक।** औड़िहार-जौनपुर रेल प्रखंड पर स्थित डोभी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते वक्त फंसकर एक युवक का पैर कट गया। उसे एम्बुलेंस से सीएचसी डोभी लाया गया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।बांद्रा गाजीपुर एक्सप्रेस गाजीपुर जाते समय डोभी रेलवे स्टेशन पर रुकी। यात्रा कर रहे मेंहनगर आजमगढ़ थाना क्षेत्र के भरथीपुर मियांपुर निवासी बबलू (45) पुत्र रामकिशुन घर जाने के लिए ट्रेन से उतरने लगे इसी दौरान दरवाजे में पैर फंसकर कट गया। आनन फानन में एम्बुलेंस से सीएचसी डोभी लाया गया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

## गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के तहत गैरजमानती वारंटी ललकऊ उर्फ दुर्गेश पुत्र रामसुमिरन पटेल निवासी जगदीशपुर थाना पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, उपनिरीक्षक बांसदेव प्रसाद ने पुलिस टीम के साथ मंगलवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# ड्रग विभाग की छापेमारी से कारोबारियों में हड़कम्प


मेडिकल की दुकान पर दवाइयों का सेंम्पल लेते ड्रग विभाग के अधिकारी

**जौनपुर।** नगर के जहांगीराबाद मोहल्ले में चल रहे एक मेडिकल स्टोर पर ड्रग विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण करके कुछ दवाओं का सेम्पल लिया। ये सेम्पल जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा। यदि दवाई मानक के अनुरूप नहीं मिली तो दवा कंपनी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ड्रग विभाग की छापेमारी से कारोबारियों में हड़कम्प मच गया।

ड्रग इंस्पेक्टर मंगलवार को अपनी टीम के साथ नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद मोहल्ले में चल रहे एक मेडिकल एजेंसी पर धमक पड़े। तीन करीब दो घण्टे दवाओं की जांच पड़ताल किया। डीआई ने बताया कि यह रूटीन चेकिंग की जा रही है। चेकिंग में नकली, एक्स्पायरी दवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। आज इसी सिलसिले में जहांगीराबाद में मेडिकल एजेंसी पर चेकिंग की गयी जांच में यहाँ सब कुछ ठीक ठाक मिला है। कुछ दवाओं की जांच के लिए सेम्पल लिया गया है जिसे जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा। यदि जांच में दवा मानक के अनुरूप नहीं मिली तो कम्पनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के खरका कॉलोनी के पास करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। जफराबाद थाना क्षेत्र के जमैथा गांव निवासी बच्चू लाल का 45 वर्षीय पुत्र मुन्ना गुप्ता मंगलवार की सुबह खरका कॉलोनी में श्रमिक का काम कर रहा था। उसी समय लोहे का सरिया लेकर वह छत पर जा रहा था। सरिया का कुछ भाग बिजली के तार से छू गया। बिजली का तार छूते ही श्रमिक जमीन पर गिरकर तड़पने लगा और उसके ऊपर सरिया गिर पड़ी। करंट लगने से वह अचेत हो गया उसे अचेतावस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां उपचार के कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बताया जाता है कि वह एक अधिवक्ता के मकान पर काम कर रहा था।

### गांजा संग विभिन्न मामलों का आरोपी गिरफ्तार

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र में विभिन्न मामलों का आरोपी मंगलवार को पुलिस द्वारा लगभग दो किलो गाँजे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया गया। बतौर पुलिस थाना क्षेत्र में अढ़नपुर गांव निवासी इश्तियाक कंकाली पुत्र शाकिर थाना क्षेत्र में गोवध सहित लगभग आधे दर्जन से अधिक मामलों में आरोपी था जिसे मंगलवार को वांछितों और अपराधियों की तलाश के दौरान उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह व हमराहियों द्वारा लगभग दो किलो गाँजे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अभियुक्त थाना क्षेत्र में कई मामलों में आरोपी था, जिसे बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय को भेज दिया गया। इस दौरान हेड कान्स्टेबल अजय सिंह व कान्स्टेबल संजय कुमार सिंह मौजूद रहे।



# परीक्षा परिणाम से विद्यार्थी स्वयं का मूल्यांकन करते हैं : फादर पी विक्टर

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। इस परीक्षा में लगभग 2200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह परीक्षा 20 फरवरी से

**समारोह**

### सेंटजॉन्स स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल जारी

4 मार्च तक चली। वार्षिक परीक्षा में कक्षा एलकेजी ए में प्रथम स्थान अहद एवं आरोही, एलकेजी बी में अयान्तिका उपाध्याय एवं ईशान श्रीवास्तव, एलकेजी सी में जैनब शहनवाज ने प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी ए में देवांश कुमार, एलकेजी बी में शौर्य सिंह एवं एलकेजी सी में प्रगति मौर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा प्रथम अ में मिर्जा मोहम्मद सिबतैन प्रथम, ब में काव्या प्रथम, स में अर्फिया अजीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय अ में मोहम्मद रेयान, ब में मोहम्मद अल्मास और स में प्रांजल सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय अ में अद्वित उपाध्याय, ब में अनाव्या एवं स में गौरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ अ में अब्दुल्ला अनस, चतुर्थ ब में अनमोल सिंह एवं चतुर्थ स में कुशाग्र सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम अ में ईदिका जायसवाल, पंचम ब में कमल रॉय एवं स में ईशान सेठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा षष्ठम अ में दीव्यांशी मिश्रा, ब में अभिनव कुमार प्रजापति एवं स में दीव्यांशी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा सप्तम अ में उस्मान, ब में आन्वी एवं स में यशस्वी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा अष्टम अ में हर्षिता शर्मा, ब में प्रगति एवं स में अंकिता मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवम अ में उस्मान अहमद खान, ब में वरुण कुमार सिंह एवं स में अर्श शास्त्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं अ में रितेश कुमार वर्मा एवं ब में अपर्णा मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने विद्यार्थियों को बधाई दिया एवं अगली कक्षा में जाने के लिए शुभकामना दी। कमजोर विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ कठोर परिश्रम करने की सलाह दी ताकि अगली बार परीक्षा परिणाम बेहतर हो। फादर ने कहा कि परीक्षा द्वारा विद्यार्थी स्वयं का मूल्यांकन करते हैं और अपनी कमियों को दूर करते हैं।


फादर पी विक्टर

## शिविर के पांचवें दिन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**पराऊगंज।** स्थानीय क्षेत्र के श्रीहरिदास पीजी कॉलेज लहंगपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों द्वारा विज्ञान एक वरदान या अभिशाप है पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय दहेज उन्मूलन उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. सभाजीत यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सभी वक्ताओं के बाद अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रबंधक यादव ने बताया कि दहेज प्रथा समाज में एक कैंसर की भांति विराट रूप ले रहा है जिसका उन्मूलन सभी के लिए परम आवश्यक हो गया है। इस अवसर पर संतोष कुमार बालकृष्ण, दिलीप कुमार के साथ डॉ. कमल कुमार पटेल उपस्थित रहे। संचालन प्यारे लाल यादव ने किया।

# कुलपति ने आयोजित स्वास्थ्य शिविर में की शिरकत

## प्राथमिक विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था देखकर हुई प्रभावित

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा आयोजित धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मीरपुर में एनएसएस शिविर के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. निर्मला एस. मौर्या ने शिरकत की।

इस दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय मीरपुर में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं से सवाल जवाब भी किया। जब कक्षा दो के छात्र समीर से कुलपति ने भारत के किसी एक राज्य की राजधानी का नाम पूछा तो उस छात्र ने मात्र 58 सेकेंड में भारत के सभी राज्य के नाम और उनकी राजधानियों के नाम सुना दिए। जिस पर प्रफुल्लित हुई कुलपति ने उक्त छात्र को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक व शिक्षकों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान एनएसएस द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आये हुए चिकित्सकों द्वारा विद्यालय के बच्चो तथा उनके अभिभावकों की जांच की गई तथा उनके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए जरूरी टिप्स भी दिए गए। बच्चों व उनके अभिभावकों को निःशुल्क दवाएं दी गई। इस अवसर पर डॉ. शंभू राम, मुकेश सिंह, डॉ. विजय प्रताप तिवारी, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. मनोज वत्स, डॉ. श्याम सुंदर उपाध्याय, अंजना सिंह, मंजू लता, नीति सिंह, मधु पाठक, सुनीता गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# डिस्कवरी लैब में स्थापित उपकरण के बारे में जिलाधिकारी ने ली जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** जिला प्रशासन द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रदर्शन कलेक्ट्रट के विकास भवन के सामने हुआ जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित किये गए डिस्कवरी लैब के उपकरण के बारे में जिलाधिकारी अनुज झा द्वारा बच्चों से जानकारी ली गई। इस दौरान उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा और जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने लैब में रखे उपकरण दिन रात के बारे में कक्षा पांच के छात्र मयंक प्रजापति, अंश कुमार, स्मिता वर्मा से सवाल पूछा तो उसने बेवाकी से जबाब दिया। इसके साथ ही टेलिस्कोप, माइक्रासकोप, सौरमंडल के बारे में भी सवाल पूछा तो बच्चों ने विधिवत जबाब दिया। कक्षा 4 के दिव्यांग छात्र शिवम ने 42 का पहाड़ा सुनाया तो मानवी प्रजापति से राज्यों की राजधानी को बेझिझक होकर जवाब दिया। प्रधानाध्यापक अमित सिंह ने डिस्कवरी लैब के बारे में जानकारी दिया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित इस डिस्कवरी लैब का सिकरारा के प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर के बच्चों द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। डिस्कवरी लैब के उपकरणों के बारे में जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से आज सिरकोनी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय चकताली व कंपोसिट विद्यालय शिवापार के बच्चों का विजिट भी कराया गया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरख नाथ पटेल ने बताया कि इस तरह के 210 डिस्कवरी लैब स्थापित कराए जा रहे है इससे बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण स्थापित होगा। इस अवसर पर बीइओ करंजाकला श्रवण यादव बीइओ सिकरारा आनंद प्रकाश सिंह, एसआरजी अजय मौर्य, एआरपी शैलेश चतुर्वेदी, उषा सिंह, दिनेश मौर्य, मनोज यादव, दिनेश यादव, श्यामधर यादव, रीनू आर्या इत्यादि लोग उपस्थित रहे।


डिस्कवरी लैब का अवलोकन करते जिलाधिकारी

## रासेयो स्वयंसेवकों ने रैली के माध्यम से दिया राष्ट्र प्रेम का संदेश


स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते अतिथि

**सुजानगंज।** रघुवीर महाविद्यालय थलोई भिखारीपुरकला के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पाँचवे दिन स्वयंसेवक एवं सेविकाओं के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। डॉ. संजू शुक्ला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में रैली के माध्यम से देश प्रेम का संदेश दिया गया।

जागरूकता रैली को डॉक्टर शारदा प्रसाद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी स्वयंसेवक जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को साफ सफाई, स्वास्थ्य जागरूकता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशामुक्ति आदि के प्रति जागरूक किया। यह रैली ग्राम कोकना, टेकनइया होते हुए प्राथमिक विद्यालय हरनहिया जाकर बच्चों को जागरूक किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण का कार्य किया। कार्यक्रम में अशोक कुमार, रवि कुमार एवं सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाएं उपस्थित रहीं।

### पत्रकार की माता के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**जौनपुर।** वरिष्ठ पत्रकार जय आनंद की माता के निधन पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पास कामता मोड़ पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर खालिद शाह, देवेंद्र यादव, मोहम्मद अरशद, मुलायम सोनी, देवेंद्र सिंह, जयन्त मिश्रा, चंद्रेश यादव, पंडित रमेश शुक्ला, सोहन यादव, वीरेन्द्र यादव, दीपक विश्वकर्मा, विशाल विश्वकर्मा, सुरेंद्र कुमार, धनंजय विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## संक्षेप

### शिविर के पांचवें दिन रैली निकाल यातायात की दी गयी जानकारी



**जौनपुर।** राष्ट्रीय पीजी कॉलेज जमुहाई के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामवासियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को रवाना करने से पूर्व पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कला संकाय के डीन डॉ. राजेश कुमार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहाकि समाज को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की महती आवश्यकता है क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही से एक बड़ी सामाजिक हानि होती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश पांडेय ने कहाकि छात्रों को इस विषय पर स्वयं जागरूक होने के साथ समाज को भी जागरूक करना होगा। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ. तेजप्रताप सिंह और प्रशांत सिंह के संरक्षण में रैली निकाली गई जिसमें उनके द्वारा अनेकों पोस्टरों, बैनरो पर लिखे गए नारों जैसे मत करो इतनी मस्ती जिंदगी नहीं है सस्ती, न शौक न मजबूरी हेलमेट पहनना है जरूरी, सड़क सुरक्षा की यही पुकार बिना हेलमेट सब बेकार, आप चलाए कोई भी वाहन सड़क नियमों का करें पालन आदि के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा रास्ते में बिना हेलमेट के जा रहे लोगों को रोकते हुए उन्हें इसके महत्व के बारे में बताया गया।

### एनएसएस के छात्र छात्राओं ने सीखा योग

**गौराबादशाहपुर।** पिलखिनी स्थित सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के चल रहे सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन मंगलवार को छात्र छात्राओं को योग का प्रशिक्षण दिया गया। योग प्रशिक्षण बघंद्रा ग्राम पंचायत के दशरथा तालाब के पास आयोजित हुआ। आर्ट आफ लिविंग के योग प्रशिक्षक जय सिंह और विकास सिंह ने योग सिखाया। इस योग प्रशिक्षण में छात्र छात्राओं के साथ कुछ ग्रामीणों ने भी प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षकों ने कहाकि निरोग रहने के लिए योग करते रहना चाहिये। इस दौरान प्राचार्या डा. रूबी राय, कार्यक्रम अधिकारी डा. संतोष सिंह, राहुल सिंह, ग्राम प्रधान नीरज यादव, अविनाश कुमार, उमेश सिंह, पंकज राय, विपिन यादव आदि मौजूद रहे।


योग का प्रशिक्षण देते स्वयंसेवक

### पांचवें दिन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ रैली निकाली

**जौनपुर।** गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवे दिन प्रातःकाल शिविरार्थियों ने शिविर स्थल की साफ-सफाई की। सभी शिविरार्थियों ने प्रथम सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना गीत, लक्ष्य गीत के साथ योग व्यायाम किया। इसके बाद 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' रैली निकालकर अभिगृहीत दलित बस्ती, जमौली एवं आसपास के ग्राम वासियों को जागरूक किया। रैली को हरी झंडी दिखाकर प्राचार्य प्रो. रमेश चंद्र सिंह ने रवाना किया। शिविरार्थियों ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के संदर्भ में अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इंद्र बहादुर सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आलोक प्रताप सिंह विशेन ने किया।



### दबंगों ने मारपीट कर किया घायल

**सुजानगंज।** क्षेत्र के दहेव में सोमवार की शाम को क्षेत्र के ही कुछ दबंगों के द्वारा दुकान पर आकर मारपीट करने और गाली गलौच देने का आरोप दुकानदार ताराचंद यादव ने लगाया है। थाने पर दी गई तहरीर में ताराचंद्र यादव पुत्र देवराज यादव ने आरोप लगाया कि सोमवार की शाम को करीब सात बजे वह अपनी पान की दुकान पर बैठे थे तभी तीन लोग आये और उन्हे गाली देने लगे। जब वे दुकान से बाहर निकले तो उन लोगों ने लाठी डंडे से वार कर दिया।

### डॉक्टर आलोक होंगे प्रशिक्षित

**सुइथाकला।** क्षेत्र के राजकीय पशु चिकित्सालय अढ़नपुर में तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी डा. आलोक कुमार सिंह आगामी 16 मार्च को जानवरों में पैराजीवियों से होने वाले रोगों के अत्याधुनिक तरीके से निदान के लिए प्रशिक्षित होंगे। उक्त प्रशिक्षण गुरूवार को अयोध्या कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्व विद्यालय में दिया जाएगा। मामले में डाक्टर सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण से पशुओं में पैराजीवियों से होने वाले रोगों का अत्याधुनिक तरीके से निदान किया जा सकेगा। गौरतलब हो कि उक्त प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए प्रत्येक जिले से एक एक पशु चिकित्सकों को नामित किया जाना था जिसके क्रम में जिले से डाक्टर सिंह को नामित किया गया है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचवें दिन चला स्वच्छता अभियान

**मुंगराबादशाहपुर।** स्वच्छता अभियान के तहत भारतीय सांस्कृतिक केंद्र द्वारा संचालित मुंगराबादशाहपुर के प्रयागराज मार्ग स्थित प्रोफेसर रामनाथ पाण्डेय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचवे दिन के कार्यक्रम सरायरुस्तम गांव में स्थित मां संतोषी माता के मंदिर परिसर एवं भगवान शिव के मंदिर परिसर की छात्राओं द्वारा साफ-सफाई का कार्य किया गया। कार्यक्रम अधिकारी बिंदू पटेल के विशेष दिशा निर्देशन में कालेज की छात्राओं ने मंदिर के साफ सफाई के अलावा सम्पूर्ण परिसर का विधिवत साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा मंदिर परिसर के खर पतवार कंकड़ पत्थर तक को हटाया गया। कॉलेज के छात्राओं के साथ ही कालेज के रमेश यादव, संजू मिश्रा, शालू सिंह, परमेंद्र विक्रम सिंह, दीपक मणि तिवारी, प्रीति त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचवें दिन निकाली जागरूकता रैली

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीनगंज वार्ड स्टेशन रोड स्थित मड़ियाहूँ पीजी कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचवें दिन मां वीणा वादिनी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील कुमार मौर्य, डॉक्टर दुर्गेश्वरी पांडे, डॉक्टर देवेंद्र उपाध्याय तथा डॉक्टर दया सिंधु के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा, धूम्रपान निषेध तथा जनसंख्या वृद्धि की बढ़ती समस्याओं पर पोस्टर के माध्यम से क्षेत्र में रैली निकाली गई तथा रैली के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया गया।

## साधन सहकारी समिति के चुनाव में प्रत्याशियों ने भरे पर्चे, बिझवार सागर न्याय पंचायत के दो गांव में नहीं हुआ नामांकन

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के सात साधन सहकारी समिति पर डेलीगेट चुनाव के लिए नामांकन किया गया जिसमें 6 समिति पर डेलीगेट चुनाव लगभग निर्विरोध तय है क्योकि सभी समिति पर एक एक गांव से एक एक सदस्यों ने पर्चा दाखिल किया लेकिन मुर्तजाबाद न्याय पंचायत के देवाकलपुर गांव से दो पर्चे और मुर्तजाबाद गांव से दो पर्चे दाखिल किए गये जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि मुर्तजाबाद न्याय पंचायत के दोनों गांवों में चुनाव हो सकता है।

बिझवार सागर न्याय पंचायत के रामपुर गांव और सोसापट्टी में सामान्य महिला सीट पर किसी महिला ने नामांकन नहीं किया। इन दोनों गांवो की सीट खाली रह गयी है। बिझवार सागर न्याय पंचायत के दुगौली साधन सहकारी समिति के इटैली गांव और बिझवारसागर में भी लड़ाई तय मानी जा रही है।

## एनएसएस के शिविरार्थियों ने किया रक्तदान

**जनसंदेश न्यूज**



रक्तदान करती एनएसएस की स्वयंसेविकाएं

**जौनपुर।** सामाजिक संस्था रोट्रैक्ट क्लब द्वारा जनसेवार्थ बृहद पैमाने पर आयोजित रक्तदान महादान के दूसरे दिन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई तिलकधारी महाविद्यालय के संयुक्त प्रयास से महाराणा प्रताप व्यायामशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर स्वैच्छिक रक्तदान आउटडोर कैम्प का आयोजन किया गया।

रक्तदान कैम्प का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. आलोक कुमार सिंह ने रक्तदान करके किया तथा शिविरार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान सभी प्रकार से किए जा रहे दान से सर्वोपरि है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में लोक कल्याणार्थ रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे रक्तदाता व रक्तग्राही दोनों का स्वास्थ्य उत्तम बना रहता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर राजीव रतन सिंह ने क्लब द्वारा चलाये जा रहे वैश्विक रक्तदान महादान अभियान में रक्तदान करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के शिविरार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान महादान अभियान के दूसरे दिन आउटडोर कैम्प व इनडोर कैम्प में कुल 52 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया जिसमें लड़कियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया तथा कुल एकत्रित ब्लड में से नब्बे फीसदी से ज्यादा ब्लड राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला स्वयं सेविकाओं द्वारा दिया गया। क्लब अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता ने प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजीव रतन सिंह, प्रो. डॉ. महेन्द्र कुमार त्रिपाठी समेत समस्त रक्तदाताओं, महाविद्यालय परिवार, आइएमए चैरिटेबल ब्लड बैंक के डॉ. बीएन दूबे समेत सभी सहयोगी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए रक्तदान महादान सप्ताह के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी तथा रक्त की कमी से समस्याग्रस्त लोगो को नया जीवन देने हेतु बढ़चढ़कर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षेप

### मजदूर हित को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**भदोही।** भारतीय जनता मजदूर संघ के युवा प्रदेश अध्यक्ष डीएम सिंह गहरवार ने जिलाधिकारी भदोही गौरांग राठी से मिलकर उन्हें पत्रक देकर मजदूरों के हो रहे शोषण से अवगत कराया। श्री गहरवार ने कहा की छः हजार रुपए महीने के वेतन पर बारह घंटे काम लिया जा रहा है और उनका मानसिक शोषण भी किया जा रहा है। पेट्रोल पंपो पर रखे मजदूरों को कम्पनी बारह हजार से अधिक वेतन देती है किंतु पेट्रोल पम्प मालिक मजदूर का एटीएम अपने पास रखता है और उसके आए वेतन का आधा भाग उसे देता है और आधा खुद रखता है। इस विषय की उच्च स्तरीय जाँच की माँग किया। श्री गहरवार ने कहा की जल्द कमेटी गठित करके जाँचोपरांत कार्यवाही कि जाय अन्यथा मजदूर अधिकार के लिए हम बड़ा आंदोलन करेंगे।

### डीपीएस के 2 दर्जन से अधिक बच्चों को मिला मेडल

**गोपीगंज।** क्षेत्र के छातमी स्थित डीपीएस स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ खेल का डांस में अव्वल रहने वाले 2 दर्जन से अधिक बच्चों को मेडल देकर उत्साहित किया गया। मेडल डीपीएस स्कूल के डायरेक्टर रवि जायसवाल व श्रद्धा जयसवाल द्वारा प्रदान किया गया। डीपीएस स्कूल के नर्सरी क्लास के आयांश, ईशान, प्रीतुल व देवांश, वही एलकेजी के विराज पांडेय, शिवाय, संस्कृति, अजय जायसवाल, प्रियांश तिवारी को मेडल मिला। इसी तरह से यूके जीके समृद्धि जायसवाल, आरव सिंह, भूमि, क्लास 1 के शिव कृष्णा, सार्थक, तृतीय क्लास टू के दिव्यांशी, प्राची, हंसिका को मेडल मिला। इसी तरह से अन्य क्लासों के बच्चों को मेडल प्रदान किया गया। मैडल पाकर बच्चे खुश नजर आए। वही उनके अभिभावक भी विद्यालय के प्रबंधक व शिक्षिकाओं को भी बधाइयां दी।


मैडल प्राप्त छात्र अपनी खुशी का इजहार करते हुए

# आज से दिल्ली में इंडिया कारपेट एक्सपो का आगाज

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** दिल्ली के ओखला स्थित लघु उद्योग निगम मैदान पर आज से 18 मार्च तक इंडिया कारपेट एक्सपो का आयोजन होगा। एक्सपो में देश भर से कुल 270 कालीन उत्पादक भाग अपने स्टाल के माध्यम से अपने आकर्षक कालीनों का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

खास यह कि इन 270 कालीन उत्पादकों में से 200 लोग अकेले भदोही-मिजार्पुर-वाराणसी कालीन परिक्षेत्र के हैं। बाकी 70 लोग शेष भारत से भागीदारी कर रहे हैं। कोराना काल के बाद से ही भारतीय कालीन उद्योग को पटरी पर लाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। इंडिया कार्पेट एक्सपो एशिया में सबसे बड़े हस्तनिर्मित कालीन मेलों में से एक है, जहां विदेशी खरीदारों को एक ही छत के नीचे सबसे अच्छे हस्तनिर्मित कालीन, गलीचे और अन्य फर्श कवरिंग के लिए एक अनूठा मंच मिलता है।

कार्पेट एक्सपो को सदस्य निर्यातकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और 275 प्रदर्शक अपने कालीन उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में, इंडिया कार्पेट एक्सपो ने खुद को दुनिया भर के कालीन खरीदारों के लिए एक बेहतरीन सोर्सिंग प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित किया है।

इस एक्सपो में 400 से अधिक विदेशी कालीन खरीददार जिसमे मुख्य रूप से अफगानिस्तान, अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, ज़िम्बाब्वे आदि देशों के आयातक इस मेगा एक्सपो में भाग लेने के लिए परिषद के साथ पंजीकृत है। सीईपीसी अध्यक्ष उमर हमीद ने कहा कि हम प्रदर्शकों के लिए संभावित पूछताछ के साथ अच्छी व्यवसाय की आशा करते हैं। कालीन के क्षेत्र में पूरे संसार में विश्व विखयात भदोही के निर्यातकों में जबरदस्त उत्साह हैं।


सीईपीसी अध्यक्ष उमर हमीद

## क्वालिटी, खूबसूरती व टिकाऊपन के मामले में हैंडमेड कार्पेट है बेजोड़ः यादवेंद्र राय काका

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** कालीन के क्षेत्र में भदोही विश्व में प्रसिद्ध हैं।यहाँ से निर्मित कालीनों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जबरदस्त माँग हैं। दिल्ली के कार्पेट एक्सपो के आयोजन से कालीन निर्यातकों में उत्साह हैं। पूरे भारत देश से कुल 270 स्टाल लगाये जाएंगे जिसमे दो सौ से अधिक स्टाल भदोही, मिजार्पुर व वाराणसी के निर्यातकों द्वारा लगाया जाएगा। 70 लोग शेष भारत से भागीदारी कर रहे हैं। काका ओवरसीज लिमिटेड के मैजेजिंग डायरेक्टर यादवेंद्र राय काका ने बताया कि कालीन उद्योग की बेहतरी के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार के बदलते ट्रेंड को ध्यान रखना होंगा। क्वालिटी ,खूबसूरती व टिकाऊपन के मामलें में हैंडमेड कार्पेट का कोई जोड़ नही हैं।

काका कार्पेट के निदेशक यादवेंद्र राय काका ने बताया कि कालीन उद्योग में हमेशा से प्रतिस्पर्धा रही है। चाहे पड़ोसी देशों से हो चाहे अपने ही देश के कालीन निर्यातकों से। लेकिन उनका कारोबार हमेशा से पटरी पर रहा है इसकी वजह यह है कि वह विदेशियों के बदलते पसंद और नापसंद को देख कर कालीनों का उत्पादन करते हैं।

उन्होंने कहा कि जेनरेशन बदलते हैं तो उनकी पसंद पर भी असर पड़ता है। युवा आयातकों में सस्ते और मार्डन दिखने वाले कालीनों का क्रेज है।उन्होंने कहा कि इंडो नेपाल कार्पेट विदेशी ग्राहकों के ज्यादा पसंद बने हुए हैं। पाँच अलग-अलग रंगों से निर्मित इस कालीन की माँग अमेरिका, ब्राजील व यूरोप के देशों में बढ़ी हैं। यह सस्ता व बढ़िया आइटम हैं। इन कालीनों को बनाने में खर्च भी कम होता है और धन भी कम ब्लाक होता है। इसलिए समय की मांग है कि आयातकों की मांग के अनुसार कदम उठाया जाए।



## मारपीट के दौरान वृद्ध की हत्या का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**ज्ञानपुर।** थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पकरी कला वारी में पारिवारिक रंजिश को लेकर मारपीट के दौरान आरोपी ने मृतक राजनाथ यादव पुत्र जगदम्बा प्रसाद यादव उम्र करीब 70 वर्ष के सिर पर गड़ासे से कई बार प्रहार कर-के गंभीर रूप से घायल कर दिया जिन्हें ईलाज हेतु ले जाने पर चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। घटना के संबंध में परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्समय ही मु.अ सं. 44/2023 धारा 302, भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास सहित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा फील्ड यूनिट व डॉग स्क्वायड के साथ रात्रि में ही घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया। घटना के अनावरण व वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु गठित टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना के आधार पर कसियापुर तिराहे के पास से वांछित हत्यारे सुरेंद्र प्रसाद यादव पुत्र स्व. जगदम्बा प्रसाद यादव निवासी पकरी कला बारी थाना सुरियावां जनपद भदोही को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

# छात्रसंघ चुनाव निरस्त होने पर कलेक्ट्रेट पर छात्रों ने दिया धरना

**रोष**

**सपा विधायक जाहिद बेग ने दिया समर्थन, डीएम से मिलकर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने की मांग**

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में छात्रसंघ चुनाव को जिला प्रशासन द्वारा स्थगित किये जाने के विरोध में भारी संख्या में छात्रों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। छात्रों के विरोध प्रदर्शन का समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद बेग समर्थन किया। सपा विधायक ने जिलाधिकारी से मिलकर उन्हे मांग पत्र सौपा।

दिये गये ज्ञापन में सपा विधायक ने कहा कि बीते चार मार्च को महाविद्यालय द्वारा छात्रसंघ चुनाव कराये जाने की घोषणा की गयी। जिसमें 24 मार्च को छात्रसंघ चुनाव होना था। चुनाव प्रक्रिया की तैयारी भी हो चुकी थी। लेकिन इस बीच चुनाव अधिकारी द्वारा चुनाव को स्थगित करने की बात सामने आयी। विधायक ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव भारतीय लोकंतंत्र की पहली सीढी होती है। जिसे मौजूदा सरकार तोड़ना चाहती है। एक ओर भदोही की प्रशासनिक व्यवस्था प्रदेश में नम्बर वन बताई जाती हैं वही दूसरी ओर प्रशासनिक व्यवस्था की वजह से छात्रों का चुनाव रद्द् कर दिया जाता हैं।राजनीति की प्राथमिक पाठशाला छात्रसंघ चुनाव के साथ खिलवाड़ किया जाना किसी भी दशा में सही नही माना जा सकता। कहा कि चुनाव को निरस्त करना प्रदेश सरकार की दोहरी मानसिकता को उजागर करता है क्योकि उन्हे पता है कि छात्रसंघ चुनाव होने के बाद निर्वाचित होने वाले पदाधिकारी इस महाविद्यालय को विश्वविद्याल का दर्जा देने की मांग जोर शोर से उठायेगे। सपा विधायक ने पड़ोसी जनपद के एक मंत्री के इशारे पर चुनाव प्रक्रिया को रोकने का आरोप लगाया। कहा कि यह मुद्दा सदन में भी उठाया जायेगा। क्योकि छात्रो के साथ अन्याय समाजवादी पार्टी किसी भी दशा में बर्दास्त नही करेगी। इस दौरान सपा विधायक के साथ राजकुमार यादव आदि लोग मौजूद रहे।


छात्रसंघ चुनाव निरस्त हो जाने पर कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करते छात्र


छात्रसंघ चुनाव निरस्त होने पर डीएम से मिलकर चुनाव कराने को लेकर ज्ञापन देते विधायक जाहिद बेग

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### एनएचएआई की भूमि से प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

**गोपीगंज।** थाना गोपीगंज अंतर्गत चकपडौना स्थित एनएचआई की भूमि गाटा संख्या 241 में अतिक्रमण की सूचना पर पहुंची प्रशासन की टीम ने लेखपाल द्वारा चिन्हित किए गए स्थान से अतिक्रमण को हटवाया और अतिक्रमणकारियों को हिदायत दिया कि भविष्य में अतिक्रमण किए जाने की स्थिति में विधिक कार्यवाही होगी।

# आरसीसी सड़क की बिखर रही गिट्टियां

**आक्रोश**

**व्यापार मंडल के लोगों ने गुणवत्ता के जांच की मांग को लेकर स्टेशन पर किया प्रदर्शन**

**जनसंदेश न्यूज**

**गोपीगंज।** पूर्वोत्तर रेलवे के ज्ञानपुर रोड स्टेशन के सामने स्थित रेलवे प्रशासन के द्वारा बनवाए गए आरसीसी सड़क की उखड़ रही गिट्टियों के गुणवत्ता की जांच की मांग को लेकर व्यापार मंडल के लोगों ने प्रदर्शन किया।

मंगलवार को व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल के नेतृत्व में एकत्रित हुए लोगों ने स्टेशन के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि रेलवे प्रशासन के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से आरसीसी सड़क का निर्माण करवाए एक माह में ही नहीं बिता होगा और आरसीसी सड़क की गिट्टियां उखड़ने लगी है। जिससे रेलवे यात्रियों व आम राहगीरों को जहां उड़ रही धूल और सड़क पर बिखरे गिट्टियों से दिक्कत हो रही है वही रेलवे प्रशासन से व जिलाधिकारी से मांग किया कि करोड़ों की लागत से बने आरसीसी मार्ग के गुणवत्ता की जांच करवाकर दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की जाए। इस दौरान प्रमुख रूप से व्यापार मंडल के महामंत्री दिनेश उमर, राकेश चंद्र अग्रहरी, राधेश्याम, मुन्ना, लाल चंद तिवारी, मंगरु मोदनवाल, अवनीश मिश्रा, अंशु, रोशन, टिंकू समेत व्यापारी व रेलवे यात्री रहे।


प्रदर्शन करते व्यापार मंडल के व्यापारी पदाधिकारी

# कुछ कर गुजरने का जज्बा ही इंसान को कामयाब और उसको अपनी पहचान देता है



# सभ्यता, परिवार, समाज और देश का विकास मातृशक्ति के बिना अधूरा



**दुर्गम स्थानों के छात्रों को नेट की तैयारी करने के उद्देश्य से ही ज्ञानस्थली ऑनलाइन क्लासेज की हुई स्थापना**

**विवाह के बाद भी शिक्षा के प्रति मन की इच्छा दबाने की जरूरत नहीं उसके माध्यम से समाज को नयी राह दें**

**समाज में शिक्षा की अलख जगाने का जो सपना देखा आज वह पूरा होता दिख रहा है**

अश्वनी श्रीवास्तव

*वाराणसी। कौन कहता है आसमां में छेद नहीं होता एक पत्थर तो तबियत से उछालों यारों, किसी भी इंसान की कामयाबी के पीछे उसकी मेहनत, उसकी लगन उसके संघर्षों की गाथा को इन 15 शब्दों की रचना से बयां किया जा सकता है। नई इबारत गढ़ने को आप भले ही अकेले चलें हों लेकिन एक दिन कारवां बन ही जाता है। तब पूरा समाज आपके साथ होता है, कुछ ऐसा ही हुआ अलका पांडेय के साथ। आज से पांच साल पहले युवाओं को नेट की तैयारी कराने के लिए ऑनलाइन क्लासेज संचालित करने की ठानी तो वह सिर्फ अकेली थीं, लेकिन आज पूरे देश में उनके साथ चालीस हजार छात्र-छात्राएं हैं। आज अलका पांडेय की पहचान उनके खुद के नाम से है। 'जनसंदेश टाइम्स' से खास मुलाकात में अलका पांडेय ने बताया कि वर्ष 2018 में नेट (नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट) क्वालीफाई कर एक चैनेल में छात्रों पर डिबेट के बाद मन में जो ख्याल आया वह आज मूर्त रूप में तब्दील हो गया है। उसी डिबेट ने कुछ कर गुजरने का संकेत दिया और फिर रास्ते बनते गये, देश के दुर्गम स्थानों पर रहने वाले छात्रों के लिए आज से पांच साल पहले नेट परीक्षा की तैयारी का एक छोटा सा वीडियो बनाकर वायरल किया जिसे सभी ने खूब सराहा। इस छोटे से वीडियो से लोग जुड़े और नेट परीक्षा की तैयारी के लिए सवल भी किया। सवाल का जवाब भी मिला, बस उसी छोटे से वीडियो ने नये रास्ते खोल दिये और ऑनलाइन क्लासेज का सिलसिला शुरू हो गया।*

**खास मुलाकात**




## 50 बच्चों के बैच से 40 हजार का सफर

पहला बैच उन्होंने 50 बच्चों के साथ शुरू किया और खुशी की बात थी सभी 50 बच्चे नेट में क्वालीफाइड भी हुए, आज उनके क्लास से कुल 40 हजार बच्चे जुड़े हैं जो कश्मीर से लगायत पूर्वोत्तर राज्यों के कई दुर्गम शहरों के हैं। बताया कि देश भर के लगभग सभी विश्वविद्यालय में उनके द्वारा पढ़ाये गये बच्चे पीएचडी में अपना स्थान बना रिसर्च कर रहे हैं।

## 4 घंटे के लिए 7 घंटे पढ़ना जरूरी

अलका की मानें तो पढ़ाने के लिए पढ़ना बेहद जरूरी है, बतातीं हैं कि उनकी ऑनलाइन क्लासेज शाम छह बजे से रात दस बजे तक रोजाना संचालित होती है, लेकिन इन चार घंटों के लिए वह खुद दिन में सात घंटे पढ़ती हैं, खुद नोट्स तैयार करती हैं और नोट्स में भी विषयवस्तु को तरजीह देतीं हैं। बताया कि शाम छह बजे से क्लासेज शुरू करने का मकसद कि जो कामकाजी महिलाएं या फिर पुरूष हैं वह शाम को क्लास ज्वाइन कर लें।

## 400 का ब्लैक बोर्ड आज डिजिटल पैनल

अलका बतातीं हैं कि पांच साल पूर्व क्लासेज शुरू करने के लिए चार सौ रुपये का एक ब्लैक बोर्ड खरीदा था, लेकिन आज छात्रों को बेहतर विषयवस्तु देने के लिए उनके पास चार लाख रुपये का डिजिटल पैनेल है, यह एक आधुनिक ब्लैक बोर्ड है जिसके माध्यम से वह एक साथ देश के कई कोने के छात्रों को जोड़ उन्हें नोट्स प्रदान करती हैं। बताती हैं कि इस क्लासेज के लिए छात्र नि:शुल्क जुड़ सकते हैं लेकिन नोट्स के लिए उन्होंने पांच सौ से एक हजार रुपये फीस लगा रखा है, वह भी इसलिए कि फीस देने के बाद लोगों के जेहन ये बात कौंधती रहेगी कि उन्होंने पढ़ने के लिए फीस अदा किया है।

## दुर्गम स्थानों में गाइडेंस की समस्या हुई दूर

अलका बताती हैं कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही अति दुर्गम स्थानों में रहने वाले छात्र-छात्राओं की सबसे बड़ी समस्या गाइडेंस की होती है, उन्हें कुछ समझ में ही नहीं आता कि उन्हें तैयारी कैसे करनी है। इसके लिए वह महानगरों की राह देखते हैं और कोचिंग के साथ ही रहने खाने में 20 से 30 हजार रुपये खर्च कर देते हैं, ऐसे में ऑनलाइन क्लासेज से उन्हें नई राह दिखी। नेट की तैयारी के लिए उन्हें हर विषय वस्तु उपलब्ध करायी जाती है।

## पेंटिंग, कविताओं व बागवानी का भी शौक

अलका बताती हैं कि जब एक स्थान पर काम करते हुए मन उलझे तो फिर मन को क्रिएटिव करना चाहिए इसी उलझे मन ने उन्हें पेंटर भी बना दिया, इसके साथ ही उन्हें कविताओं का शौक है चलते फिरते भी वह बेहतरीन कविताएं संग्रहित कर लेती हैं। इसके साथ ही उन्हें बागवानी का भी शौक है। घर पर गमले में ही सही, लेकिन ग्रीनरी का पूरा ख्याल रखा है।

## ज्ञानस्थली नाम को जीवंत रखा

अलका बताती हैं कि उन्होंने जिस स्कूल में पढ़ाना शुरू किया था उसी स्कूल के नाम पर अपनी ऑनलाइन क्लासेज का नाम रखा है, ज्ञानस्थली क्लासेज से आज देश भर में कुल 40 हजार से भी अधिक छात्र, छात्राएं ,कामकाजी महिलाएं व पुरुष जुड़े हैं। देश के हर कोने से लोग इस क्लासेज के माध्यम से नेट की तैयारी कर रहे हैं और अब तक बहुत से लोगों ने इस क्लासेज के माध्यम से नेट क्वालीफाइड किया है।

## बच्चे पास हुए तो सबसे बड़ी खुशी

शाम छह बजे से रात दस बजे तक किसी भी समारोह में जाने से परहेज करने वाली ज्ञानस्थली क्लासेज की संचालिका अलका बताती हैं कि उनके लिए क्लास पहली प्राथमिकता है, बच्चों के पास होने पर उन्हें वह खुशी मिलती है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।




## सभी को संदेश

अलका बताती हैं कि कोई काम मुश्किलों भरा नहीं होता है बस आपके हौसले पर निर्भर करता है। समाज में महिला पुरुष एक समान कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं और चल सकते हैं बस हमें अपने हुनर को पहचानना होगा। जीवन में एक बात हमेशा याद रखनी होगी कि जीवन मिला है तो उसे सार्थक बनाना चाहिए और सार्थक तब बनेगा जब हम इस समाज को कुछ दकर जायेंगे।

## व्यक्तित्व

अलका पांडेय मैनपुरी के एक गांव जलालपुर से हैं, ग्रामीण पृष्ठभूमि होने के चलते उन्हें भी वह सब सुनना पड़ा था, जो ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्गों के दिलोदिमाग में लड़कियों के लिए पनपता है। फिर भी उनके मन में एक बात हमेशा कौंधती थी कि अगर समाज में आये हैं तो समाज को कुछ देकर जाना होगा तभी जीवन सार्थक होगा, यह शब्द उनके जेहन में लगातार झंकृत होती थी, बेसिक शिक्षा के बाद इंटरमीडियट, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, लॉ के साथ पीएचडी की तैयारी करने वाली अलका आज ऑनलाइन ज्ञानस्थली क्लासेज की संचालिका हैं, विवाह के बाद परिवार पति सहित सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ ऑनलाइन क्लासेस को बेहतरीन संचालित कर रही हैं। उनकी टीम में कुल आठ से दस लोग हैं लेकिन ज्यादातर वह खुद नोट्स बनाती हैं।

# एक साल के अंदर 120 लोग हुए साइबर क्राइम का शिकार

## पांच करोड़ गंवाए कुछ की हुई रिकवरी तो कुछ को मलना पड़ा हाथ

रवि प्रकाश सिंह



**वाराणसी।** बनारस समेत आसपास जिलों में जिस तेजी से लोगों का लिविंग स्टैंडर्ड बढ़ रहा है, उसी रफ्तार से साइबर ठगों का जाल भी फैल रहा है। आप जैसे ही अपनी जरूरत के हिसाब से किसी सामान को लेकर गूगल पर सर्च करते हैं, वैसे ही साइबर ठगों के जाल में फंस जाते हैं। बैंक अधिकारी ने टाइल्स के लिए सर्च किया तो 30 हजार गंवा दिए। इसी तरह रिटायर्ड प्रोफेसर ने डेढ़ लाख तो कृषि वैज्ञानिक ने तीन लाख गंवा दिए। एक साल के अंदर करीब ऐसे 120 लोगों ने पांच करोड़ गंवा दिए। व्हाट्सएप, फेसबुक चैट और अनजान नंबर से आए वीडियो कॉल को उठाते ही साइबर अपराधियों की ठगी का खेल शुरू जाता है। हालांकि साइबर सेल की सक्रियता से कई केस में बैंक खाते में पैसा होल्ड कराकर करीब एक करोड़ रुपये वापस भी कराया गया है।

### फोन पर इंगेज होते फंसते लोग

साइबर सेल प्रभारी की मानें तो साइबर ठग इस समय वीडियो कॉल, किरायेदार, और ओटीपी साझा करके घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। व्हाट्सएप पर अश्लील वीडियो बनाकर साइबर ठग गूगल पे, पेटीएम या अन्य माध्यम से पैसों की मांग करते हैं। पैसे नहीं देने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। अगर आपने गलती से पैसे दे दिए तो यह सिलसिला चलता रहेगा। जितनी देर तक मोबाइल फोन इंगेज होंगे, उतना ही उसके गिरफ्त में फंसते चले जाएंगे।

### 140 पीड़ितों ने दर्ज कराया मुकदमा

सारनाथ स्थित साइबर क्राइम थाने में वाराणसी, जौनपुर, चंदौली और गाजीपुर के ठगी के मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। यह थाना अगस्त 2021 में खोला गया। डेढ़ लाख की ठगी होने पर पहला मुकदमा बीएचयू के प्रोफेसर ने दर्ज कराया था। अब पांच लाख या उससे अधिक की ठगी पर मुकदमा दर्ज किया जाता है। आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले साल वाराणसी से करीब 140 मुकदमे दर्ज हुए, जबकि चंदौली से 453, गाजीपुर से 230 व जौनपुर से 225 मामले साइबर ठगी के आए।

### निशाने पर नेता और अफसर भी

साइबर ठगों के निशाने पर आमजन ही नहीं, बल्कि नेता और अफसर भी हैं। साइबर ठगों ने एडीजी जोन रामकुमार का ट्विटर एकाउंट तो यूपी सरकार के राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु का फेसबुक एकाउंट हैक कर लिया गया था। बरेका की पूर्व जीएम अंजलि गोयल की फोटो का गलत इस्तेमाल कर कर्मचारियों से पैसे की डिमांड की गई थी।

### हॉस्टल लेने की बात कहकर 29 हजार की जालसाजी

वाराणसी। चितईपुर थाना क्षेत्र के महामना पुरी कॉलोनी में रहने वाली रीता सिंह गर्ल्स हॉस्टल का संचालन करती हैं' इनके मोबाइल पर 27 फरवरी को एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वालों ने खुद को आर्मी में होने का हवाला दिया और अपनी बेटी को हॉस्टल में रहने के बाबत बात किया। बातचीत के दौरान हॉस्टल का पांच महीने का एडवांस पैसा देने के लिए बोला। बातों में उलझा कर रीता सिंह के खाते से 18000 और आयुषी जायसवाल के खाते से 90000 उड़ा दिया। पैसा कटने का मोबाइल पर मैसेज आने के बाद जानकारी हुई भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

### बैंक से जुड़ी ऑनलाइन या ऑफलाइन जानकारी साझा करने से बचें

किसी भी कॉल पर डेबिट कार्ड, बैंक खाता संबंधी जानकारी किसी को न दें। ओटीपी व पिन किसी से साझा ना करें। प्रलोभन वाले किसी लिंक पर क्लिक नहीं करना है। किसी अनजान व्यक्ति से बैंक संबंधित विवरण, ओटीपी, पिन आदि साझा नहीं करना चाहिए। सोशल मीडिया का पासवर्ड मजबूत बनाएं। संभव हो तो हर माह बदलते भी रहे।

### यहां से मिलेगी मदद

अगर साइबर ठगी या ऐसे अन्य अपराध के शिकार हो जाएं तो हेल्पलाइन नंबर 7839876647, 1930 व डायल 112 पर कॉल करें। यूपी पुलिस के अधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट और यूपी कॉप एप के जरिए भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# विधायक त्रिभुवन राम ने पक्की सड़क का किया शिलान्यास



**चौबेपुर।** क्षेत्र के छित्तमपुर मां नेपाली भगवती धाम मार्ग से राजवारी जर्जर सड़क का शिलान्यास मंगलवार को अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। एक करोड़ 61 लाख 9.125 किलोमीटर की लागत से सड़क बनाई जायेगी। पीडब्लूडी के सहायक अभियंता स्तुति मौर्य ने बताया की छित्तमपुर माँ भगवती धाम से रजवारी एनएचआई, तक कुल लंबाई 10.615 किलोमीटर में से 9.125 किलोमीटर व 3.75 चौड़ीई में विशेष मरम्मत के अंतर्गत नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें आबादी वाले भाग में सीसीरोड का भी प्रविधान है। मौके पर सहायक अभियंता इंजीनियर स्तुति मौर्या, अवर अभियंता धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, पीएन सिंह एवं मौकेपर विधायक प्रतिनिधि गौरव सिंह, भोलानाथ उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# कालभैरव मंदिर के आसपास सार्वजनिक शौचालय के लिए सपा ने सौंपा पत्रक

**वाराणसी।** कालभैरव मंदिर के आसपास सार्वजनिक शौचालय निर्माण को लेकर सपाईयों ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार को पत्रक सौंपा। निवर्तमान सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने पार्षद दल के नेताओं के साथ कालभैरव मंदिर के समीप सार्वजनिक शौचालय स्थापित करने की मांग की। उन्होंने अपर नगर आयुक्त से कहा कि काशी में समस्त देवालय एवं घाटों पर मोबाइल वैन टॉयलेट स्थापित किया जाए, कहा कि प्रसिद्ध कालभैरव मंदिर में रोजाना पंद्रह से बीस हजार की संख्या में दर्शनार्थी दर्शन पूजन के लिए आते हैं। पत्रक सौंपने में सपा के महासचिव जितेंद्र यादव, कैन्ट की पूर्व विस



प्रत्याशी पूजा यादव, राजू यादव, प्रदीप जायसवाल, पार्षद मुमताज खान, पूर्व पार्षद शंकर विशनानी, पूर्व सचेतक हारुन अंसारी, पार्षद पूनम विश्वकर्मा, पार्षद प्रशांत सिंह पिंकू, पार्षद गोपाल यादव, पार्षद मिथिलेश साहनी, पार्षद शफीउज्जमा अंसारी, पार्षद राजेश पासी, जावेद अंसारी, सत्यनारायण यादव आदि उपस्थित थे।

# आवेदन मिलते ही औपचारिकता पूरी करें बैंकर्स

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कहा कि कर्ज के लिए आवेदन मिलते ही समय गंवाएं बिना बैंकर्स समस्त औपचारिकता पूरी करें। वह मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित राइफल क्लब सभागार में जिलास्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति (डीएलआरसी)/(डी.सी.सी) बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने सभी बैंकर्स का आह्वान करते हुए कहा कि जिले की आर्थिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सभी बैंकर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी बैंकर्स प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हुए प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के सौजन्य से संचालित की जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृत करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। ताकि जिले की आर्थिक व्यवस्था तेजी से आगे बढ़ सके।

उन्होंने बैंक के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बैंकों को उपलब्ध कराए जा रहे ऋण

**डीएम का निर्देश**

**आर्थिक व्यवस्था को और मजबूत बनाने में बैंकर्स की भूमिका महत्वपूर्ण : एस. राजलिंगम**

प्रार्थना पत्रों को छोटी-छोटी कमियों के कारण बिना वजह अस्वीकृत न किया जाए। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र प्राप्त करते समय ही आवश्यक औपचारिकताएं बैंके पूर्ण करा ले।

उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि सरकार की योजनाओं के अंतर्गत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से उन्हें जो आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं, उनमें तत्परता के साथ निर्णय लेते हुए पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराएं ताकि सभी पात्र लाभार्थी जिले की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज करा सकें और सरकार की मंशा के अनुरूप उन्हें ऋण प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने सभी बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिये कि यदि लाभार्थियों को बेवजह बैंकों की तरफ से परेशान किया जाएगा तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही कर दी जायेगी।



जिलास्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक करते जिलाधिकारी एस. राजलिंगम

बैठक में पीएम स्वनिधि योजना, बैंकों में आधार बनने की प्रगति, वार्षिक ऋण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद योजना, पीएमईजीपी योजना, ऋण जमानुपात, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैण्डअप इण्डिया योजना आदि योजनाओं की चर्चा हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, एलडीएम एवं बैंक के सभी जिला समन्वयक उपस्थित रहे।